राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 185
लखनऊ, रविवार 23 फरवरी, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



राज्यपाल ने किया विधानसभा का निरीक्षण, की तारीफ 03

टाटा के हाथ में एयर इंडिया बेहतर हुई होगी, आज यह भ्रम टूट गया : शिवराज 12

# अब पिछड़े जिलों में नहीं गिना जाएगा जनपद खीरी : योगी

**सौगात**

- सीएम ने लखीमपुर खीरी को दी विकास की सौगात
- 1622 करोड़ की 373 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण-शिलान्यास



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लखीमपुर खीरी को विकास की नई सौगात दी। उन्होंने राजेंद्र गिरि स्मारक स्टेडियम में 1622करोड़ की 373 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण /शिलान्यास किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ शिव मंदिर कॉरिडोर का शिलान्यास भी किया। उन्होंने कहा कि लखीमपुर खीरी अब पिछड़ा जनपद नहीं है, बल्कि यहां की उर्वरा धरती सोना उगलती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब देश आजाद हुआ था तो लखीमपुर खीरी विकास में बहुत पीछे थे। मलेरिया यहां भय का प्रतीक होता था। दूधवा नेशनल पार्क था, लेकिन वहां पहुंचने का साधन नहीं थे। अब पलिया में एयर स्ट्रिप को एयरपोर्ट के रूप में विकसित करने का पैसा भी दिया गया है। सरकार यहां के बाढ़ की समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में कदम बढ़ा रही है। इसके लिए बाढ़ बचाओ के उपायों को प्रभावी ढंग से लागू करने या नदी को चैनलाइज करने की कार्रवाई होगी। इसमें एनजीटी या किसी प्रकार की बाधा नहीं होगी। डबल इंजन सरकार यहां स्प्रिचुअल, ईको टूरिज्म समेत विकास को इतना बढ़ाएगी कि रोजगार की कमी नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़े जनपदों में शामिल लखीमपुर खीरी की अत्यंत उर्वरा धरती सोना उगलती है।

**मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों को दिया लखीमपुर के विकास का श्रेय**

मुख्यमंत्री ने कहाकि यहां के हर जनप्रतिनिधि विकास की योजनाओं से जुड़े हैं। अनवरत विकास के पथ पर अग्रसर इस जनपद में योग्य जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में जनता की बुनियादी सुविधाएं, रोजगार की उपलब्धता, विकास की नई परियोजनाओं को तेज गति से बढ़ाया जा रहा है। कोई मेडिकल कॉलेज, कोई एयरस्ट्रिप को एयरपोर्ट के रूप में विकास करने, कोई दूधवा नेशनल पार्क को ईको टूरिज्म की दृष्टि से विकसित करने, कोई पीएलए प्लांट लाने, कोई गोला गोकर्णनाथ के व्यवस्थित कॉरिडोर के निर्माण-विकास, रोजगार के सृजन तो कोई कनेक्टिविटी को लेकर उत्साहित भाव के साथ कार्यक्रम आगे बढ़ा रहा है। यह बताता है कि आने वाले समय में लखीमपुर खीरी इन सभी संभावनाओं को आगे बढ़ाते हुए प्रदेश के विकसित जनपदों में से एक होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश की क्षमता का आकलन करना हो तो प्रयागराज महाकुम्भ ही पर्याप्त है। 13 जनवरी से 22 फरवरी (अभी तक) 60 करोड़ श्रद्धालुओं ने आस्था की पावन डुबकी लगाई है। यह उत्तर प्रदेश के सामर्थ्य को देश-दुनिया के सामने रखता है। एक निश्चित समय सीमा के अंदर इतने लोग एक स्थल पर अन्यत्र कहीं एकत्र नहीं हो सकते। यह केवल प्रयागराज व उत्तर प्रदेश में हो सकता है, जिसका लोहा पूरी दुनिया मान रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लखीमपुर खीरी अब पिछड़ा जनपद नहीं है। आज इस जनपद में लगभग 4500 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास हुआ है। इसमें गोला गोकर्णनाथ मंदिर का कॉरिडोर और बलरामपुर चीनी मिल लिमिडेट द्वारा लगाया गया देश का पहला पीएलए प्लांट (बायो प्लास्टिक निर्माण) भी शामिल है। कुम्भी में 2850 करोड़ के प्लास्टिक प्लांट का भी शिलान्यास करके यहां आया हूं। आज लखीमपुर के पास केवल दूधवा नेशनल पार्क ही नहीं, बल्कि यहां मेडिकल कॉलेज का शुभारंभ भी किया जा रहा है। विकास की ढेर सारी परियोजनाएं लखीमपुर खीरी के लोगों के जीवन को सुगम बनाएगी और रोजगार सृजन भी करेगी। यह सब मोदी जी के मार्गदर्शन में सरकार के सहयोग व जनप्रतिनिधियों के प्रयास से हुआ है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा गोकर्णनाथ के पावन कॉरिडोर को बनाने के लिए बहुत सारे परिवारों को विस्थापित और दुकानों को हटाना पड़ा है। सीएम ने प्रशासन को निर्देश दिया कि जिनके घर गए हैं, उन्हें आवास मिलना चाहिए। जिनकी दुकान गई है, उन्हें व्यवस्थित तरीके से दुकानें बनाकर आवंटित की जाएं। सरकार का उद्देश्य किसी को उजाड़ना नहीं, बल्कि सुंदरीकरण के साथ लोगों के जीवन को सुगम बनाना है और सरकार इस दिशा में कार्य करते हुए आगे बढ़ रही है।

**अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दोहराई अपनी बात**

## नहीं दी जाएगी छूट, जल्द ही भारत पर भी लगाया जाएगा जवाबी टैक्स

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उनकी सरकार भारत और चीन जैसे देशों पर जल्द ही जवाबी शुल्क लगाएगी। वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हाल की अमेरिका यात्रा के दौरान कही बात को फिर दोहराया।

ट्रंप ने वाशिंगटन में कहा कि हम जल्द ही जवाबी शुल्क लगाएंगे। इसका मतलब है कि वे हमसे शुल्क लेते हैं, हम उनसे शुल्क लेते हैं। यह बहुत सरल है। कोई भी कंपनी या देश, जैसे भारत या चीन या अन्य कोई। वे जो भी शुल्क लेते हैं, उतना ही। हम निष्पक्ष होना चाहते हैं। इसलिए जवाबी शुल्क। जवाबी का मतलब है, वे हमसे शुल्क लेते हैं, हम उनसे शुल्क लेते हैं।

इससे पहले ट्रंप ने मंगलवार को कहा था कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को स्पष्ट कर दिया है कि भारत को वाशिंगटन के जवाबी शुल्कों से छूट नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि शुल्क के मुद्दे पर कोई भी मुझसे बहस नहीं कर सकता। ट्रंप ने 'फॉक्स न्यूज' को दिए एक साक्षात्कार के दौरान ये टिप्पणियां कीं।

वाशिंगटन में 'गवर्नर्स वर्किंग सेशन' को संबोधित करते हुए ट्रंप ने दावा किया कि भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मेरे मित्र प्रधानमंत्री मोदी को 2.1 करोड़ डॉलर दिए जा रहे हैं। हम भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए 2.1 करोड़ डॉलर दे रहे हैं। हमारा क्या? मैं भी मतदान प्रतिशत बढ़ाना चाहता हूं।

**संक्षिप्त समाचार**

### प्रयागराज कुंभ जा रही कार पलटी, दो की मौत, चार गंभीर

**कोंडागांव।** जिले के फरसगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 30 के बोरगांव और फरसगांव के बीच बड़े मोड़ के पास शनिवार सुबह 6 बजे एक एक्सयूवी कार के पलट गई, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई। वहीं चार गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस के मुताबिक भीषण सड़क हादसे में गीता शेखर (49) एवं संतोष रेड्डी (45 ) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं एस. सुषमा (38) वर्ष), विशाल रेड्डी (10), एस शोभा (39) और चालक रवि तेजा (35) गंभीर रूप से घायल हैं। दुर्घटनाग्रस्त एक्सयूवी कार में सवार सभी छह लोग एक ही परिवार के थे।

### पाकिस्तान ने रिहा किए 22 भारतीय मछुआरे

**चंडीगढ़।** पाकिस्तान ने 22 भारतीय मछुआरों को रिहा कर दिया है। सभी मछआरे अटारी-बाघा बॉर्डर के रास्ते भारत में दाखिल हुए हैं। यह सभी शनिवार की शाम यहां पहुंचे। बॉर्डर पर प्रोटोकॉल अधिकारी अरुणपाल सिंह ने बताया कि यह मछुआरे 2021-22 के दौरान मछलियां पकड़ते समय गलती से पाकिस्तान की सीमा में दाखिल हो गए थे। इन सभी को पाकिस्तान में दो से तीन साल की सजा सुनाई गई थी। यह सजा पूरी होने के बाद भारत सरकार ने पाकिस्तान के साथ समन्वय कायम किया और पाकिस्तान सरकार ने आज 22 भारतीयों को रिहा कर दिया, जिसमें 18 गुजरात, 3 डियू एवं एक उत्तर प्रदेश का नागरिक है।

### मृदुभाषिनी हार्वर्ड के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के लिए चयनित



**झांसी।** झांसी की मृदुभाषिनी जैन ने अपनी काबिलियत से हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में आयोजित एक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में जगह बनाई है। इस सम्मेलन के लिए 70 से अधिक देशों से आए 50,000 से अधिक आवेदकों में से मात्र 1 प्रतिशत से भी कम प्रतिभागियों का चयन हुआ, जिसमें मृदुभाषिनी का नाम शामिल होना न केवल झांसी बल्कि पूरे भारत के लिए गर्व की बात है। वह झांसी की पहली प्रतिभागी हैं, जिन्हें इस सम्मान के लिए चुना गया है।

### करोड़ों की ठगी करने वाले पूर्व बैंक मैनेजर सहित तीन गिरफ्तार

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में पुलिस ने शनिवार को फर्जी शैक्षणिक प्रमाण पत्र और दस्तावेजों के सहारे ठगी करने वाले गिरोह के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारी के अनुसार पकड़े गए आरोपियों में पूर्व बैंक मैनेजर हरिजन्दर सिंह, डॉ. रजविन्दर सिंह और दलजीत सिंह भी शामिल हैं। हरिजन्दर सिंह 2018 से 2023 तक एचडीएफसी बैंक में क्लर्क/मैनेजर के पद पर कार्यरत था। नौकरी छोड़ने के बाद उसने शील्ड क्राफ्ट फाइनेंशियल एडवाइजर एवं ट्रैवल्स के नाम से फर्म खोली। वह विदेश जाने वाले लोगों के लिए फर्जी एफडी और बैंक दस्तावेज तैयार करता था। उसके मोबाइल और लैपटॉप से मिले सभी दस्तावेज जाली पाए गए हैं।

## मोदी 24 को पीएम-किसान की 19वीं किस्त करेंगे जारी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**




**तैयारी**

- 9.8 करोड़ से अधिक किसानों को होगा लाभ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 फरवरी को बिहार के भागलपुर में पीएम-किसान की 19वीं किस्त जारी करेंगे। इसके तहत 9.8 करोड़ से अधिक किसानों को 22,000 करोड़ से अधिक के प्रत्यक्ष हस्तांतरण का लाभ होगा। पीएम किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना, 24 फरवरी 2019 को शुरू की गई एक केंद्रीय क्षेत्र योजना, जिसके तहत 6,000 रुपये प्रति किसान परिवार को वार्षिक वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

कृषि मंत्रालय की तरफ से शनिवार को बताया गया कि पीएम किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त 24 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किसानों के खातों में एक क्लिक के साथ हस्तांतरित की जाएगी। पीएम-किसान योजना के सफल कार्यान्वयन के छह साल पूरे हो गए हैं, जो देशभर के किसानों की वित्तीय सहायता को मजबूत कर रहा है। इस संबंध में कृषि मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पशुपालन और डेयरी विभाग (एएच एंड डी), भारत सरकार, रेल मंत्रालय, भारत सरकार और बिहार सरकार के समन्वय से बिहार के भागलपुर में किसान सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। पीएम-किसान की 18वीं किस्त जारी करते समय लगभग 9 करोड़ 60 लाख किसानों को किस्त जारी की गई। कृषि मंत्रालय सक्रिय रूप से छूटे हुए सभी पात्र किसानों को जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है और इन प्रयासों के माध्यम से 19वीं किस्त प्राप्त करने वाले किसानों की संख्या बढ़ गई है। 19वीं किस्त जारी होने से देशभर में 2.41 करोड़ महिला किसानों सहित 9.8 करोड़ से अधिक किसान लाभान्वित होंगे, उन्हें प्रत्यक्ष लाभ के माध्यम से 22,000 करोड़ रुपये से अधिक की प्रत्यक्ष वित्तीय सहायता प्राप्त होगी।

### शक्तिकांत दास प्रधानमंत्री के प्रमुख सचिव-2 नियुक्त



**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर शक्तिकांत दास को शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रधान सचिव-2 के रूप में नियुक्त किया गया। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति द्वारा जारी आदेश के अनुसार श्री दास की नियुक्ति प्रधानमंत्री के कार्यकाल के साथ या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, समाप्त हो जाएगी। आदेश में बताया गया है कि श्री दास प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव-1 डॉ. पी. के. मिश्रा के साथ प्रधानमंत्री के निजी सचिव के रूप में काम करेंगे।

## तेलंगाना में टनल हादसा : आठ मजदूर फंसे

**एजेंसी, हैदराबाद।**



**हादसा**

- एंट्री पॉइंट से 14 किमी दूर तीन मीटर ढहा हिस्सा
- बचाव कार्य जारी

तेलंगाना के नागरकुरनूल जिले में शनिवार सुबह एसएलबीसी (श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल) टनल परियोजना का एक हिस्सा गिर गया, जिसमें आठ मजदूर फंस गए। यह हादसा सुरंग के एंट्री पॉइंट से 14 किमी अंदर हुआ है।

राज्य के सिंचाई मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी के अनुसार छत का करीब तीन मीटर हिस्सा ढहा है। टनल का काम काफी समय से रुका हुआ था। चार दिन पहले ही दोबारा काम शुरू किया गया था। रेड्डी ने कहा कि सरकार मौके पर फंसे आठ कर्मचारियों की जान बचाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है और उन्हें विश्वास है कि वह इसमें कामयाब होंगे। नागरकुरनूल के पुलिस अधीक्षक वैभव गायकवाड़ ने बताया कि सिंचाई परियोजना का काम करने वाली कंपनी की दो रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंच गई है। भारतीय सेना और एनडीआरफ की भी सहायता मांगी गई है।

गायकवाड़ के मुताबिक घटना के दौरान 50 मजदूर घटनास्थल पर मौजूद थे। फंसे हुए लोगों में दो इंजीनियर, दो मशीन ऑपरेटर और चार मजदूर शामिल हैं। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने घटना पर दुख जताया है। मुख्यमंत्री कार्यालय के मुताबिक, जिला कलेक्टर, फायर ब्रिगेड और सिंचाई विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य में जुटे हैं। सड़क एवं भवन मंत्री कोमाटिरेड्डी वेंकट रेड्डी ने एक बयान में कहा कि यह दुर्घटना श्रीशैलम से देवरकोंडा जाने वाली सुरंग के 14वें किलोमीटर के इनलेट (डोमलपेंटा के पास) पर सीपेज पर लगी कंक्रीट के फिसलने के कारण हुई है। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने सुरंग में छत पर काम करने वालों के घायल होने की घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त की तथा अधिकारियों को तत्काल राहत उपाय करने का आदेश दिया।

## नवगठित दिल्ली विधानसभा का पहला सत्र सोमवार से

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



नवगठित दिल्ली विधानसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू होगा जिसमें विधायकों के शपथ के साथ लंबित कैग रिपोर्ट पेश की जाएगी। विधानसभा से प्राप्त जानकारी के अनुसार सत्र 24, 25, 27 फरवरी को आयोजित किया जाएगा।

इस दौरान आम आदमी पार्टी (आप) की पिछली सरकार के प्रदर्शन से जुड़ी 14 लंबित नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) रिपोर्ट सदन में पेश की जाएंगी।सूत्रों ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता विजेंद्र गुप्ता दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष हो सकते हैं। पिछली विधानसभा में वह नेता प्रतिपक्ष थे। विजेंद्र गुप्ता ने कल मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मुलाकात के बाद एक्स पर कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ बैठक कर आगामी विधानसभा सत्र के एजेंडे पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि 25 फरवरी को विधानसभा के पटल पर कैग की रिपोर्ट्स प्रस्तुत की जाएगी। उल्लेखनीय है इस बार विधानसभा चुनाव में भाजपा को 48 सीटें मिली जबकि आप को 22 सीटें मिली है।

### किसानों एवं केंद्र सरकार के बीच एमएसपी गारंटी पर तीन घंटे मंथन, 19 मार्च को अगली बैठक

**एजेंसी, चंडीगढ।** पंजाब के खनौरी एवं शंभू बॉर्डर पर एक साल से आंदोलन कर रहे किसानों की शनिवार को चंडीगढ़ में केंद्र सरकार के साथ हुई छठे दौर की बैठक में एमएसपी गारंटी को लेकर तीन घंटे मंथन हुआ। बैठक के बाद सभी पक्ष संतुष्ट दिखाई दिए। किसानों एवं केंद्र सरकार के बीच अगली बैठक 19 मार्च को चण्डीगढ़ में होगी। शनिवार को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुई बैठक में केंद्रीय उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल तथा प्रहलाद जोशी ने भाग लिया। किसानों की तरफ से संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) के नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल, सरवण सिंह पंधेर एवं अभिन्यु कोहाड़ समेत 28 किसान प्रतिनिधि इस बैठक में शामिल हुए।

## जेपी नड्डा ने महाकुंभ में लगाई पवित्र डुबकी

**समृद्धि न्यूज, महाकुम्भ नगर।**




द्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आज महाकुंभ में पहुंचे। उनके साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। दोनों नेताओं ने पवित्र संगम में डुबकी लगाई। इससे पहले सीएम आदित्यनाथ ने महाकुंभ नगर में केंद्रीय मंत्री नड्डा का जोरदार स्वागत किया। इन दोनों प्रमुख नेताओं की त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाना महाकुंभ में मौजूद श्रद्धालुओं के बीच आकर्षण का केंद्र बन गया। केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने लेटे हनुमानजी मंदिर में पूजा-अर्चना की।

नड्डा ने संगम तट पर परिवार के साथ पूजा-अर्चना भी की। प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ का आयोजन 144 साल बाद हो रहा है। यह हिंदू धर्म के सबसे बड़े और महत्वपूर्ण धार्मिक कार्यक्रमों में से एक है। इस खास मौके पर लाखों श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा रहे हैं, जिसे धार्मिक प्रगति और पापों से मुक्ति का प्रतीक माना जाता है। 13 जनवरी से शुरू हुए महाकुंभ में हर दिन लाखों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं, जिनकी कुल संख्या 600 मिलियन से अधिक है।

महाकुंभ मेला प्रशासन के मुताबिक, प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 60 करोड़ से ज्यादा हो गई है। शनिवार को दोपहर तक 71.18 लाख से अधिक श्रद्धालु पवित्र त्रिवेणी में स्नान कर चुके थे।

### कुमकुम धर व हरेकृष्ण मेहेर 'भरतमुनि सम्मान - 2024' से सम्मानित



**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने शनिवार को लखनऊ की कत्थक नृत्यांगना डॉ कुमकुम धर और साहित्य में ओडिशा के भवानी पटना के संस्कृत साहित्यकर डॉ हरेकृष्ण मेहेर को उनकी कला साधना तथा अपने कार्यक्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए 'भरतमुनि सम्मान – 2024' से सम्मानित किया गया। कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती की ओर से राजधानी में आयोजित 'भरत मुनि सम्मान 2024' कार्यक्रम के दौरान सम्मान के रूप में एक स्मृति चिह्न, सम्मान पत्र एवं रुपए 1,51,000 की राशि भेंट की गई। यह 'भरतमुनि सम्मान' भारत में पंचम वेद के नाम से विख्यात नाट्य शास्त्र के रचयिता महर्षि भरत मुनि को समर्पित है।

## लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार 2024 को मंजूरी, 21 अप्रैल को दिए जाएंगे

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

केंद्र सरकार ने लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार-2024 की योजना को मंजूरी दे दी है। ये पुरस्कार 21 अप्रैल 2025 को सिविल सेवा दिवस 2025 के अवसर पर नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में प्रधानमंत्री द्वारा दिए जाएंगे।

केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय के अनुसार देशभर में सिविल सेवकों द्वारा किए गए अनुकरणीय कार्यों को अभिस्वीकृत करने, मान्यता देने और पुरस्कृत करने के लिए लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं। वर्ष 2024 के लिए लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार की योजना का उद्देश्य तीन श्रेणियों में सिविल सेवकों के योगदान को मान्यता देना है। पहली श्रेणी में 11 प्राथमिकता वाले क्षेत्र कार्यक्रमों के तहत जिलों का समग्र विकास शामिल है। इस श्रेणी के तहत 5 पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। दूसरी श्रेणी में आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम शामिल है। इस श्रेणी के अंतर्गत 5 पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। तीसरी श्रेणी में केंद्रीय मंत्रालयों व विभागों, राज्यों, जिलों के लिए नवाचार शामिल है। इस श्रेणी के अंतर्गत 6 पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रधानमंत्री पुरस्कार पोर्टल 20 जनवरी 2025 को लॉन्च किया गया। पंजीकरण और नामांकन के लिए पोर्टल को 27 जनवरी 2025 से 21 फरवरी 2025 तक चालू किया गया। प्रधानमंत्री पुरस्कार पोर्टल पर कुल 1588 नामांकन प्राप्त हुए। इनमें जिले का समग्र विकास श्रेणी में कुल 437, आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम में 426 और नवाचार श्रेणी में कुल 725 नामांकन प्राप्त हुए हैं। इस योजना को प्रतिभागियों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। विशेष रूप से पहली बार भागीदारी करने वाले आकांक्षी ब्लॉकों का उद्देश्य प्रशासनिक सुधारों को और मजबूत बनाना है। पुरस्कारों के लिए आवेदनों के मूल्यांकन में पहले अपर सचिवों की अध्यक्षता वाली छानबीन समिति द्वारा जिलों व संगठनों को लघु सूचीबद्ध करना, उसके बाद सचिव, डीएआरपीजी की अध्यक्षता वाली विशेषज्ञ समिति द्वारा मूल्यांकन और फिर मंत्रिमंडल सचिव की अध्यक्षता वाली अधिकार प्राप्त समिति द्वारा पुरस्कारों के लिए अंतिम सिफारिश शामिल होगी।

**महाकुम्भ** | **दो दिनों में बनेंगे तीन वर्ल्ड रिकॉर्ड**

## 2019 में बने अपने ही रिकॉर्ड तोड़ेगा मेला प्रशासन

**समृद्धि न्यूज, महाकुम्भ नगर।**



प्रयागराज में त्रिवेणी संगम पर महाकुम्भ में पावन डुबकी लगाने के लिए श्रद्धालुओं का आना जारी है। महाकुम्भ में 24 और 25 फरवरी को तीन विश्व रिकॉर्ड बनने जा रहे हैं। ये सभी रिकॉर्ड बनने के लिए 14 से 17 फरवरी तक की तिथियां निर्धारित की गईं थीं मगर उस दौरान भीड़ के चलते तारीख बढ़ा दी गई थी। नदी स्वच्छता का विश्व रिकॉर्ड 14 फरवरी को बन चुका है। बता दें, 2019 के प्रयागराज अर्ध कुम्भ में भी तीन विश्व रिकार्ड बने थे। अब मेला प्रशसन 2019 में बने अपने तीनों रिकॉर्ड को ही मेला प्रशासन तोड़ेगा।

महाकुम्भ में 24 फरवरी को दो विश्व रिकार्ड बनेंगे। 15 हजार सफाई कर्मचारी गंगा घाट पर 10 किलोमीटर तक सफाई अभियान चलाएंगे। महाकुम्भ मेला के परेड मैदान स्थित त्रिवेणी मार्ग पर 1000 ई-रिक्शा संचालन के स्थान पर 550 शटल बसों का संचालन कर रिकॉर्ड बनाया जाएगा। दरअसल, भीड़ के चलते ई-रिक्शा का संचालन नहीं हो सकेगा। शटल बसों का संचालन हाईवे पर किया जाएगा। 25 फरवरी को 10 हजार लोगों के हाथ के छाप (हैंड प्रिंट) लेने का भी विश्व रिकॉर्ड बनाया जाएगा। केवल एक रिकॉर्ड 300 सफाई कर्मियों द्वारा नदी सफाई का अभियान 14 फरवरी को बना था। रिकॉर्ड दर्ज करने के लिए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम 22 फरवरी को आएगी। मेला प्रशासन की ओर से पूर्व में एक साथ एक हजार ई-रिक्शा संचालन का विश्व रिकॉर्ड बनाने की योजना बनाई गई थी। इसके लिए त्रिवेणी मार्ग चिह्नित किया गया था, लेकिन अब इसमें बदलाव किया गया है। अब 550 शटल बसों के संचालन का विश्व रिकॉर्ड बनाने की योजना बनाई गई है।

साल 2019 में लगे अर्ध कुम्भ में भी तीन विश्व रिकॉर्ड बने थे। 28 फरवरी को उत्तर प्रदेश राज्य ने लगभग दो मील तक पंक्तिबद्ध 503 बसों का बेड़ा उतारकर फ्रबसों की सबसे लंबी परेडफ्र का नया रिकॉर्ड बनाया था। बसों ने जिले में 3.2 किलोमीटर की दूरी तय की थी। 1 मार्च 2019 को 10,000 से अधिक लोगों ने अलग-अलग स्थानों पर एक ही समय पर सफाई और स्वच्छता गतिविधियों में भाग लिया, जिसने सबसे अधिक लोगों द्वारा फर्श की सफाई का रिकॉर्ड बनाया था। 4 मार्च 2019 को घंटों में सबसे ज़्यादा हैंडप्रिंट पेंटिंग में योगदान का एक और रिकॉर्ड बना। जिसमें 7,664 लोगों ने भाग लिया। हैंडप्रिंट पेंटिंग का पिछला रिकॉर्ड सियोल के नाम था, जिसमें 4,675 लोग शामिल हुए थे।

# खीरी को इको टूरिज्म, मेडिकल कालेज की सौगात

## 817 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का मुख्यमंत्री योगी ने बटन दबाकर किया शिलान्यास

▸ कुंभी में बायोप्लास्टिक प्लांट का किया शिलान्यास

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**





पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ शनिवार को तकरीबन 10.55 बजे उड़नखटोले से श्री राजेन्द्र गिरि स्टेडियम गोला पहुंचे। स्टेडियम से पौराणिक शिववालय तक का सफर कार से तय किया। उनका काफिला स्टेडियम से सर्वप्रथम भूतभावन भगवान भोलेनाथ मंदिर पहुंचा। जहां उन्होने विधि विधान से भगवान का पूजन अभिषेक कर मत्था टेका। इसके पश्चात उन्होने मंदिर के पूर्व प्रस्तावित पौराणिक शिवमंदिर कारीडोर के निर्माण के लिए नींवपूजन व शिलान्यास किया। इसके बाद उनका काफिला पुनः श्रीराजेन्द्र गिरि स्टेडियम पहुंचा।

पब्लिक इंटर कालेज के आयोजित सभास्थल पर तकरीबन साढे ग्यारह बजे जनसभा स्थल पर पहुंचे जहां उनका जय श्रीराम की जयघोष के साथ स्वागत अभिनंदन के साथ विधायक अमन अरविंद गिरि ने मंच पर उनका माल्यार्पण कर किया। यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्टेडियम से 817 करोड की विभिन्न पर्यटन, लोकनिर्माण आदि की योजनाओं का बटन दबाकर शिलान्यास किया। विशाल जनसभा को करीब 45 मिनट के संबोधन में कहा कि छोटी काशी गोला में महाशिवरात्रि के पूर्व गोला के बाबा भोलेनाथ के दर्शन का सौभाग्य मिला। साथ ही शिव मंदिर कारीडोर के शिलान्यास के लिए जनपदवासियों को बधाई व शुभाकामनाए दी। कहा कि अब खीरी पिछडा जनपद नहीं है। जनपद में करीब 45 सौ करोड़ रुपये की योजनाओं का शिलान्यस व लोकार्पण किया है। जिसमें शिवमंदिर कारीडोर के साथ कुंभी में बायोप्लास्टिक प्लांट का भी शिलान्यास करके आया हूं। दुधवा नेशनल पार्क ही नहीं जनपद में मोडिकल कालेज का शुभारंभ किया जा रहा है। साथ ही बेरोजगारों के लिए विकास की ढेर सारी परियोजनाए रोजगार का सृजन करेगी। शिवरात्रि के अवसर पर 45सौ करोड़ की याजनाओं के लिए जनपद वासियों को बधाई देता हूं। उन्होने कहा कि जब देश आजाद हुआ था तब खीरी का मतलब विकास में बहुत पीछे, मलेरिया यहां भय का प्रतीक होता था। दुधवा पार्क था लेकिन वहां तक पहुंचने के साधन नहीं थे। जिसे विकसित करने के प्रयास किए गए। सड़क मार्ग रेल मार्ग बनाए गए। विधायक रोमी ने इस संबंध में निरंतर वार्ता कर क्षेत्र की बाढ व विकास के सतत संघर्ष किया। जनपद के विकास में इको टूॅरिज्म को इतना बढाए जाएगा कि यहां रोजगार की कमी नहीं रहेगी। प्रदेश के सबसे बडे जनपद खीरी की धरती सोना उगलने का काम करती है। जिसके चलते आस पास के जनपदों से रेल लाइन को जोडा गया टूरिज्म के लिए हर संभव प्रयास किए गए। एक नए थारु जनजाति की संस्कृति को अक्षुण्ण बनाए रखने का प्रयास किया गया जिसकी चर्चा प्रधानमंत्री भी करते है। जनता की बुनियादी सुविधाएं विकास की नई नई परियोजनाओं को तेजी से आगे बढाया जा रहा है। अपना सौभाग्य बताते हुए कहा कि शिवरात्रि के पूर्व भोले बाबा के दर्शन का अवसर मिला है। आज यहां से प्रयागराज जाना है लेकिन उससे पहले बाबा के दर्शन का सौभाग्य मिला है। जनपद के विकास के लिए हर जनप्रतिनिधि विकास के लिए जुडा है। खीरी आने वाले समय में प्रदेश के विकसित जनपदों में एक होगा। प्रदेश की पोटेन्सियल का आंकलन करना हो तो प्रयागराज एक नजीर है। वहां साठ करोड से अधिक लोगों ने गंगा यमुना सरस्वती की पावनधारा में स्नान किया है। जो कि प्रदेश की व्यवस्था को साबित करता है। उत्तर प्रदेश के इस सार्मथ्य का लोहा दुनिया मान रही है।

मंदिर कारीडोर निर्माण में तमाम लोगों की दुकान, मकान आदि टूटा है। जिसके लिए उनके आवास की व्यवस्था की जाएगी, जिनकी दुकान गई उनके लिए दुकाने बनाकर आर्बटित की जाएगी। लोगों के जीवन को सुगम बनाना भी सरकार का प्रयास है। आज शिवमंदिर कारीडोर के शिलान्यस के साथ अरंविद गिरि का सपना साकार हो रहा है। जो गोला के लिए उन्होने जो सपना देखा था। इसके लिए जनपद के सभी विधायकों जनप्रतिनिधियों ने इसमें सहयेग किया। विकास की योजनाए विकसित जनपद के रुप में पहचान बनाएगा। अमन गिरि ने अपने संबोधन में कहा कि देवाधिदेव महादेव की नगरी छोटी काशी गोला के लिए गौरव का दिन है, सनातन धर्म व सनातन संस्कृति कुंभ आस्था है, संस्कृति है समर्पण व एकता का समागम है। ऐसे महाकुंभ को भव्यता प्रदान करने वाले सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ है। जनपद खीरी विकास के नए आसमा छू रहा है। सरकार द्वारा युवाओं, किसानों सहित जनता की चिंता की जा रही है। 20फरवरी 2022 को मुख्यमंत्री यहां पधारे थे। तब उनके पिता ने गोला में शिव मंदिर कारीडोर व पर्यटन नगरी घोषित करने का वादा आज पूरा किया है। 22 फरवरी को उत्साह दिवस के रूप में हर वर्ष मनाया जाएगा। मन की जीते जीत है मन के हारे हार। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि मंदिर कारीडोर की योजना धरातल उतरते हुए देख रहे है। सांस्कृतिक धरोहर मान्यता व विरासत के रुप में तोहफा दिया है। प्रदेश का कायाकल्प हुआ है। प्रदेश को आर्थिक रुप से संपन्न करने व बड़ी अर्थव्यवस्था के रुप में पहचान बनाई है। इसी कड़ी में छोटी काशी की मान्यता, पौराणिकता व प्रस्तावित शिव मंदिर कारीडोर पर आधारित एक लघु फिल्म दिखाई गई।

### ये रहे मौजूद

गोला विधायक अमन गिरि, पूर्व सांसद जुगुल किशोर, जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, सदर विधायक योगेश वर्मा, पलिया विधायक रोमी साहनी, एमएलसी अनूप गुप्ता, मोहम्मदी विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक मंजू त्यागी, विधायक विनोद शंकर अवस्थी, विधायक शशांक वर्मा, गोला पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला, नगर पंचायत मैलानी कीर्ति माहेश्वरी, कमलेश मिश्रा, विधायक मंजू त्यागी, मनोज कुमार सिंह प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम, नगर पंचायत मैलानी कीर्ति माहेश्वरी, ब्लाक प्रमुख कुंभी विमल वर्मा, प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल सहित शासन प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी आयुक्त, लखनऊ मंडल डॉ रोशन जैकब, आईजी रेंज प्रशांत कुमार, जिलाधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल, पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा मौजूद रहे।

# सीएम योगी ने कुंभी में पी.एल.ए. प्लांट की रखी आधारशिला

**अमीरनगर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को गांव कुंभी में पहुंच कर बायो प्लास्टिक संयंत्र की आधारशिला रखी।योगी आदित्यनाथ ने किसानों को संबोधित करते हुए बताया कि यह बायो प्लास्टिक प्लांट देश का पहला और विश्व का सबसे बड़ा बायोप्लास्टिक प्लांट होगा । जिसके उत्पाद इको फ्रेंडली होंगे जो 6 माह के अंदर मिट्टी के साथ मिलकर नष्ट हो जाएंगे। जबकि सिंगल यूज प्लास्टिक पर्यावरण के लिए बड़ी समस्या हैं। ऐसे में बलरामपुर फाउंडेशन के द्वारा बायोप्लास्टिक प्लांट लगाने का पुनीत कार्य किया जा रहा है जिसके लिए बलरामपुर फाउंडेशन के सी एम डी विवेक सरावगी, कार्यकारी निर्देशक अवंतिका सरावगी आदि साधुवाद के पात्र हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश-विदेश के निवेशक उत्तर प्रदेश आना चाहते हैं जबकि एक समय ऐसा था कि बाहरी राज्यों के निवेशक यहां आने से कतराते थे आज उनको पता है कि उनका निवेश पूरी तरह सुरक्षित है। किसानों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आपका गन्ना मूल्य का भुगतान समय पर कराया जा रहा है। बलरामपुर फाउंडेशन के सीएमडी विवेक सरावगी तथा कार्यकारी निदेशक अवंतिका सरावगी ने मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त करते हुए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारीयों , मिल प्रबंधन और क्षेत्र के बड़ी संख्या में अन्नदाता किसान उपस्थित रहे।

**2850 करोड़ की पूंजी लागत के साथ प्लांट का निर्माण:** यह संयंत्र रुपए 2850 करोड़ के कुल निवेश के साथ वैश्विक प्रौद्योगिकी प्रदाताओं की अत्याधुनिक तकनीकी का उपयोग करेगा। योगी आदित्यनाथ ने अपने कार्यक्रम का जिक्र करते हुए बताया कि यहां से गोला फिर प्रयागराज भी जाना है, लेकिन कुंभी स्थित बायो प्लास्टिक प्लांट के प्रांगण में उपस्थित अन्न दाताओं की भीड़ को देखकर प्रयागराज से पहले ही महाकुंभ के दर्शन हो गए हैं। जहां एक ओर उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ का पवित्र पर्व चल रहा है, जिसमें आज 22 फरवरी तक 60 करोड़ श्रद्धालु श्रद्धा की डुबकी लगा चुके हैं। वहीं पर उत्तर प्रदेश के जनपद लखीमपुर खीरी में बन रहे विश्व के सबसे बड़े और देश के पहले बायोप्लास्टिक संयंत्र के भूमि पूजन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कुंभी में आज किसानों का महाकुंभ दिख रहा है।



### ...जब कार्यकर्ताओं के निवेदन पर मुख्यमंत्री ने खिचवाई ग्रुप फोटो

कुम्भी में कार्यक्रम समापन के बाद जब मुख्यमंत्री गोला रवाना होने के लिए हैलीपेड पर पहुंचे तो वहां मौजूद कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री से ग्रुप फोटो खिंचवाने के लिए निवेदन किया। कार्यकर्ताओं के निवेदन को स्वीकार करते हुए मुख्यमंत्री ने सभी कार्यकर्ताओं को एकत्र करके ग्रुप फोटो खिंचवाई।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया छात्रों का विदाई समारोह

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



विकास खंड बांकेगंज के प्रगति चित्रांशी इंटर कॉलेज मनवापुर में शनिवार को छात्र-छात्राओं ने बड़े धूमधाम से फेयरवेल कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें स्कूल के सीनियर बच्चों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसके तहत हाई-स्कूल व इंटर के बच्चों को स्कूल के शिक्षण स्टाफ ने स्कूल में बिताए हुए पलों और अनुभवों को भी साझा किया। स्कूल में विदाई समारोह के मौके पर स्कूल प्रबंधक विजयकांत श्रीवास्तव ने छात्र-छात्राओं को विदा करते समय उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बोर्ड परीक्षा में अधिक से अधिक लाने के लिए महत्वपूर्ण टिप्स देकर सफलता का आशीष दिया। उन्होंने विभिन्न मौके पर बच्चों के बेहतर प्रदर्शन के लिए उन्हें बधाई दी। विद्यालय प्रधानाचार्य लवलेश दीक्षित ने कहा कि जीवन में सफलता के लिए निर्देश कड़ी मेहनत लक्ष्य दूर दृष्टि और दृढ़ इरादे इन पांच अंको पर ध्यान देकर जो व्यक्ति अपने जीवन में सफलता पाने के लिए प्रयास करेगा उसे निश्चित रूप से सफलता अवश्य प्राप्त होगी। छात्र-छात्राओं को विदा करते हुए प्रधानाचार्य ने कहा कि आप जिस भी स्कूल में या यूनिवर्सिटी में जाएंगे वहां अपने परिवार और स्कूल के संस्कारों का निश्चित रूप से पालन करेंगे अन्य शिक्षकों ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर रामकिशोर गुप्ता, प्रेम नारायण शर्मा, मनोज कुमार श्रीवास्तव, अनुज गुप्ता, आदर्श राठौर, धीरज कुमार, लालता प्रसाद, प्रियांशी, कांति, गोल्डी आदि मौजूद रहे।

# जिले में सीएम सामूहिक विवाह का आयोजन आज

▸ जीआईसी में होगा सामूहिक विवाह, परिणय सूत्र बंधन में बंधेंगे 551 जोड़े, तैयारियां पूरी

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



रविवार को जिला मुख्यालय के जीआईसी ग्राउंड में 551 होने वाले मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के उद्देश्य से मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार ने अफसरों संग जीआईसी मैदान पहुंचे, जहां उन्होंने सामूहिक विवाह कार्यक्रम की तैयारी का स्थलीय जायजा लिया, संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए।

सीडीओ अभिषेक कुमार ने मंडप की व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने खाने के पंडाल की व्यवस्थाएं देखी तथा निर्देश दिए कि खाने की व्यवस्था विकास खण्ड वार करायी जाये। उन्होंने उपहारों के वितरण के लिए बनाए गए काउंटरों का अवलोकन कर व्यवस्थित ढंग से वितरण कराए जाने के निर्देश दिए। सीडीओ ने कार्यक्रम में जोड़ों के विवाह रजिस्ट्रेशन, समान वितरण तथा उनके खाने-पीने की समुचित व्यवस्था के निर्देश दिए गए। सीडीओ ने कहा कि विवाह वेदी के पास पुरोहित अपनी देखरेख में पूरे विधि विधान और रीति रिवाज से विवाह को संपन्न करेंगे। उन्होंने विवाह मण्डप की तैयारी, वर-वधु के साथ आये हुए परिजनों, रिश्तेदार, जनप्रतिनिधियों, गणमान्य के बैठने की व्यवस्था इत्यादि के साथ-साथ पार्किंग, चिकित्सा सुविधा, उपहार सामग्री वितरण सहित सभी जरूरी बिंदुओं के संबंध में सम्बन्धित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। बताते चलें कि जीआईसी में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में ब्लॉक लखीमपुर, फूलबेहड़, ईसानगर, नकहा, धौरहरा और नगर पालिका लखीमपुर, खीरी, ओयल के कुल 551 जोड़े का परिणय सूत्र बंधन में बंधेंगे। निरीक्षण के दौरान परियोजना निदेशक एसएन चौरसिया, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, जिला समाज कल्याण अधिकारी तेजस्वी मिश्रा, सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी, डीपीआरओ विशाल सिंह, ईओ नगर पालिका परिषद संजय कुमार , विभिन्न ब्लॉकों के बीडीओ एवं विवाह से जुड़े सभी संबंधित अधिकारी और कार्मिक मौजूद रहे।

# आईपीएल खिलाड़ी प्रवीण दुबे का हुआ स्वागत

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज़।**




इंडियन प्रीमियर लीग खिलाड़ी प्रवीण दुबे का शनिवार को अयोध्या क्रिकेट अकादमी व के.टी. पब्लिक स्कूल द्वारा संयुक्त रूप से स्वागत किया गया। इस स्वागत समारोह का संचालन कर रहे अयोध्या प्रीमियर लीग के निर्देशक सैय्यद सुबहानी ने कहा कि आईपीएल के खिलाड़ी जो किंग इलेवन पंजाब की टीम और कर्नाटक की टीम से रणजी ट्रॉफी में भी खेल चुके है, आज उनका भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया है। इसी क्रम में समारोह को संबोधित करते हुए अयोध्या क्रिकेट अकादमी के प्रबंधक आशुतोष उपाध्याय ने बताया कि हमारी अकादमी के मैटर के रूप में अब प्रवीण दुबे अपना कीमती समय देंगे जिससे उभरते हुए नये खिलाड़ियों की प्रतिभा में निखार आ सके। के.टी. पब्लिक स्कूल की वाइस प्रिंसिपल ने आइपीएल खिलाड़ी व समारोह के अतिथि प्रवीण दुबे को माला पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत किया। इसी क्रम में अकादमी के प्रबंधक आशुतोष उपाध्याय ने भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम के खिलाड़ी राधिका प्रसाद यादव का माला पहनाकर स्वागत किया।इस मौके पर के.टी. पब्लिक स्कूल के अध्यापक और बच्चों के साथ अन्य लोग भी मौजूद रहे।

# वृद्धजनों को मिला जीवन उपयोगी सहायक उपकरण

**फरेंदा, महाराजगंज।** नगर पंचायत आनंदनगर के वार्ड नंबर चार में स्थित आधारशिला वृद्धा आश्रम के वृद्ध माता-पिता को समाज कल्याण विभाग द्वारा कुंभ स्नान हेतु प्रयागराज भेजा गया था, जहां सभी वृद्ध माता-पिता ने संगम में स्नान ध्यान कर प्रभु का भजन कीर्तन किया। आधारशिला वृद्धा आश्रम के प्रबंधक प्रदीप कटिहार ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा एवं एल एम के विशेष सहयोग से 10 माता-पिता को छड़ी एवं चार माता-पिता को कान की सुनने वाली मशीन एवं कमर बेल्ट दी गई। सभी उपकरण को पाकर वृद्ध माता-पिता ने खुशी जाहिर किया और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को आशीर्वाद दिया और कहा कि योगी आदित्यनाथ द्वारा असहाय, गरीब, महिला वृद्धजन का ख्याल कर देख रेख किया जा रहा है, उतना पिछली सरकारों में किसी ने नहीं किया है। वृद्ध माता-पिता ने कहा कि उपकरण मिल जाने के पश्चात अब उन्हें जो परेशानियां हो रही थी, उससे निजात मिलेगी और अब वह और सक्रिय रूप से चल फिर सकेंगे और उनका स्वास्थ्य भी ठीक रहेगा।

# परीक्षा केंद्रों का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण

**महाराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड की परीक्षा को नकलवीहिन व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी अनुनय झा व पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने आज शनिवार को श्यामदेउरवा कस्बा में स्थित हैप्पी पब्लिक इंटरमीडिएट कॉलेज में बोर्ड परीक्षा की तैयारियों का जायजा लिया और सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। वहीं सदर एसडीएम रमेश कुमार ने नगर पंचायत परतावल में स्तिथ पंचायत इंटर कालेज में निरीक्षण किया। बोर्ड परीक्षाएं 24 फरवरी से शुरू हो रही हैं, जिसको देखते हुए सुरक्षा और सुविधाओं को दुरुस्त करने पर जोर दिया जा रहा है, साथ ही साथ कक्षाओं, बैठने की व्यवस्था और सुरक्षा उपायों की समीक्षा की। उन्होंने परीक्षा को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान स्कूल प्रशासन और संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# आटा टोल से टीम ने बगैर प्रपत्र 20 गिट्टी भरे ट्रकों को पकड़ा

**कालपी (जालौन)।** खनिज के अवैध परिवहन के खिलाफ अभियान जारी है शनिवार को एसडीएम ने टीम के साथ आटा टोल के पास स्थित बंशी ढाबा से बिना प्रपत्र के 20 गिट्टी भरे ट्रकों को कब्जे में लिया है। प्रशासन की इस कार्यवाही से हड़कंप मच गया। प्रशासन की सख्ती के बाद भी खनिज के अवैध परिवहन में लोकेशन का खेल अभी बन्द नहीं हुआ है शनिवार को एसडीएम सुशील कुमार सिंह को जानकारी हुई थी कि आटा टोल प्लाजा के पास स्थित वंशी ढावा पर बड़ी संख्या में ओवरलोड तथा बिना खनिज प्रपत्रों के गिट्टी से भरे ट्रक खड़े है। विदित हो कि रसूखदार होटल संचालक गिट्टी मौरम का परिवहन करने वाले ट्रकों को सुरक्षा की गारंटी देकर उन्हें अपने होटल पर खड़ा कराते है और बदले में भारी किराया भी बसूलते है। सूचना को संज्ञान में लेकर एसडीएम सुशील कुमार सिंह के नेतृत्व में एआरटीओ, खनिज इंस्पेक्टर तथा आटा थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह के साथ छापेमारी की जहां से 20 गिट्टी भरे ट्रकों को कब्जे में लेकर सभी ट्रकों को पुलिस सुरक्षा में चमारी स्थित नवीन गल्ला मण्डी में खड़ा कराया गया है। उप जिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह के मुताबिक यह अभियान आगे भी चलता रहेगा। प्रशासनिक अमले की इस कार्यवाही से होटल संचालकों में भी हड़कंप मचा है।

# दो दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं के दूसरे दिन उद्घाटन सत्र का हुआ शुभारंभ

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**




भगवानदीन आर्यकन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं के दूसरे दिन उद्घाटन सत्र का शुभारंभ डॉ. पूजा शुक्ला के संयोजन व डॉ प्रीती सिंह के कुशल संचालन में प्राचार्या प्रोफेसर गीता शुक्ला व मुख्य अतिथि डॉ उमा कटियार सहित समस्त शिक्षिकाओं के स्वागत से हुआ। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा खेलों से ही स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है। प्राचार्या प्रोफेसर गीता शुक्ला ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में खेलों को आत्मरक्षा का साधन बताया। प्रतियोगिताओं के क्रम में नींबू चम्मच प्रतियोगिता का आयोजन विमलेश व निर्णयन डॉ प्रीति सिंह वीना चौरसिया व आबिदा खान के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में फिरदौस को प्रथम स्थान, लविशा तिवारी को द्वितीय स्थान व रानी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। खो खो खेल प्रतियोगिता का आयोजन डॉ राखी चौहान व निर्णयन डॉ क्षमा तिवारी, वीना चौरसिया के द्वारा किया गया, जिसमें अवेंजर्स टीम विजय रही। रस्सी कूद प्रतियोगिता का आयोजन डॉक्टर क्षमा तिवारी व निर्णयन प्रोफेसर सुशीला देवी और डॉ रेखा पाण्डेय आबिदा खान के द्वारा किया गया, जिसमें दीपिका कश्यप को प्रथम स्थान, हिमांशी जोशी को द्वितीय स्थान, फिरदौस को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। मुख्य अतिथि डॉ उमा कटियार द्वारा सभी विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम का समापन वीना चौरसिया के द्वारा सभी का आभार व्यक्त कर हुआ। इस अवसर पर समस्त शिक्षणेत्तर कर्मचारियों सहित अधिक संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।


**लखनऊ नगर निगम**

टी.एन.मार्ग, लालबाग, लखनऊ. फोन-फैक्स: 0522-2622440, ई-मेल: nnlko@up.nic.in

निविदा सूचना सं0: D-555/CE(E/M) — **मार्ग प्रकाश विभाग** — दिनांक : 22.02.2025

**अति-अल्पकालिक निविदा सूचना**

मार्ग प्रकाश विभाग, नगर निगम, लखनऊ द्वारा निम्न तालिका में अंकित कार्य हेतु निदेशालय विद्युत सुरक्षा उ0प्र0 के कार्यालय से विद्युत कार्यों के लिए निर्गत 'क' श्रेणी के लाईसेन्स धारक फर्मो/ठेकेदारों से दिनांक 03.03.2025 को अपरान्ह 3:00 बजे तक सीलबन्द निविदाएं नगर निगम, लखनऊ के मुख्यालय में अपर नगर आयुक्त महोदय के कार्यालय कक्ष एवं मुख्य अभियन्ता (वि0/यॉ0) केन्द्रीय कार्यशाला एवं आर0आर0 विभाग, एल्डिको ग्रीन, गोमती नगर, लखनऊ के कार्यालय में रखे निविदा बाक्स में आमंत्रित की जाती है। जो तद्दिनांक सायंकाल 4:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। जिससे सम्बन्धित निविदा प्रपत्र दिनांक 01.03.2025 को सायंकाल 3:00 बजे तक 3-त्रिलोक नाथ मार्ग लालबाग स्थित नगर निगम लखनऊ मुख्यालय में फार्मकीपर से किसी भी कार्य दिवस में निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा से सम्बन्धित शर्तें एवं आवश्यक प्रपत्रों का विवरण निविदा प्रपत्र में अंकित होगी तथा जिसकी जानकारी किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से भी प्राप्त की जा सकती है। प्रश्नगत कार्यों की जमानत की धनराशि, कार्यावधि, निविदा मूल्य इत्यादि का विवरण निम्नवत् तालिका में अंकित है:-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आगणन धनराशि रू० में | जमानत धनराशि रू० में | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 18 प्रतिशत जी.एस.टी. | कुल निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम के शिवरी प्लांट को ट्रांसफार्मर-1 से मशीनों एवं भवनों इत्यादि को विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराये जाने हेतु पैनल की आपूर्ति एवं स्थापना का कार्य। | 770894.00 | 15500.00 | 07 दिवस | 1000.00 | 180.00 | 1180.00 |
| 2 | नगर निगम के शिवरी प्लांट को ट्रांसफार्मर-2 से मशीनों एवं भवनों इत्यादि को विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराये जाने हेतु पैनल की आपूर्ति एवं स्थापना का कार्य। | 770894.00 | 15500.00 | 07 दिवस | 1000.00 | 180.00 | 1180.00 |
| 3 | नगर निगम के शिवरी प्लांट को ट्रांसफार्मर-3 से मशीनों एवं भवनों इत्यादि को विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराये जाने हेतु पैनल की आपूर्ति एवं स्थापना का कार्य। | 770894.00 | 15500.00 | 07 दिवस | 1000.00 | 180.00 | 1180.00 |

मुख्य अभियन्ता (वि0/यॉ0)

# राज्यपाल ने किया विधानसभा का निरीक्षण, की तारीफ

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने आज विधान भवन में प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का स्वागत किया। इस अवसर पर स्पीकर ने उन्हें विधानसभा के विभिन्न अनुभागों का भ्रमण कराया। विधायी प्रक्रियाओं एवं ऐतिहासिक महत्व से जुड़ी जानकारी साझा कीं।

**स्पीकर ने राज्यपाल को भेंट की रामायण की तीन खंडों वाली पुस्तक एवं विधानसभा का स्मृति चिन्ह**

यह सौहार्दपूर्ण भेंट सदन की गरिमा, लोकतांत्रिक मूल्यों की समृद्ध परंपरा का प्रतीक बनी।राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने उत्तर प्रदेश विधानसभा गैलरी का भ्रमण कर वहां के नवीनीकरण एवं आधुनिकीकरण कार्यों का अवलोकन किया।

उन्होंने विधानसभा परिसर में स्थित भित्तिचित्रों, अत्याधुनिक हाईटेक सुविधाओं, डिजिटल गैलरी और विधानसभा की ऐतिहासिक धरोहर को संजोने वाले नवाचारों को देखा और सराहा।राज्यपाल ने डिजिटल म्यूजियम, साउंड ऐंड लाइट शो, विधानसभा के कार्यालय, बैठक कक्ष, राजर्षि पुरुषोत्तम दास हॉल, विधानसभा मंडप और संसदीय दल के कार्यालय का अवलोकन किया। उन्होंने विशेष रूप से विधानसभा डिजिटल गैलरी में लगी हाईटेक स्क्रीन पर विभागों, समितियों की जानकारी, विधायकों एवं मंत्रियों के कार्यक्षेत्र और जिम्मेदारियों की डिजिटल प्रदर्शनी को देखा और इसे प्रभावी पहल बताया।



उन्होंने विधानसभा में स्थापित भित्तिचित्रों का अवलोकन किया, जिनमें भारत की ऐतिहासिक घटनाओं और राजनीतिक परंपराओं को चित्रित किया गया है। राज्यपाल ने उत्तर प्रदेश विधानसभा में हुए नवीनीकरण कार्यों और तकनीकी उन्नयन की सराहना करते हुए कहा कि विधानसभा का आधुनिकीकरण इसे भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप बना रहा है। उन्होंने हेलीकॉप्टर सिमुलेशन का अनुभव किया, जहां उत्तर प्रदेश के महत्वपूर्ण पौराणिक एवं आध्यात्मिक स्थानों का वर्चुअल भ्रमण हेलीकॉप्टर सिमुलेशन के माध्यम से कराया जाता है। उन्होंने इसे अद्भुत अनुभव बताया।विधानसभा डिजिटल कॉरिडोर में पिछले 5 वर्षों में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा की। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और उनकी पूरी टीम को इस उत्कृष्ट कार्य के लिए हार्दिक बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि इनके प्रयासों से विधानसभा का विकास और सौंदर्यीकरण अद्वितीय है। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने राज्यपाल को रामायण की तीन खंडों वाली पुस्तक एवं उत्तर प्रदेश विधानसभा का स्मृति चिन्ह भेंट किया, जिसे राज्यपाल ने हर्ष के साथ स्वीकार किया। उन्होंने इस पुस्तक को विशेष रूप से उत्कृष्ट एवं ज्ञानवर्धक बताया।

# महाशिवरात्रि के अंतिम स्नान की तैयारी में जुटी सरकार

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

योगी सरकार 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के अंतिम महत्वपूर्ण स्नान की तैयारियों में जुट गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार ने महाकुम्भ नगर पहुंचकर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। मीडिया से बातचीत में उन्होंने बताया कि हम बेहतर यातायात नियंत्रण, भीड़ प्रबंधन अंतिम स्नान के साथ ही सप्ताहांत यानि शनिवार रविवार के लिए व्यवस्था कर रहे हैं।

हम लगातार प्रयास कर रहे हैं कि श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा न हो।सोशल मीडिया पर महाकुम्भ को लेकर माहौल बिगाड़ने के कुत्सित प्रयास में लगे तत्वों पर भी योगी सरकार कड़ी नजर रख रही है।

**मुख्य सचिव ने की व्यवस्था की समीक्षा**

डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि हम लगातार इस पर नजर रख रहे हैं और हमने एफआईआर भी दर्ज की हैं। उन्होंने ऐसे तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन देते हुए कहा कि अबतक पचास से ज्यादा एफआईआर दर्ज की गई हैं। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशांत कुमार ने नाव से संगम घाटों का निरीक्षण किया और साफ-सफाई की व्यवस्था को परखने के साथ ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। पवित्र मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य सरस्वती नदी के संगम तट पर आयोजित विश्व के सबसे बड़े धार्मिक-सांस्कृतिक समागम महाकुम्भ में अबतक 59 करोड़ श्रद्धालुओं ने पुण्य की डुबकी लगा ली है। 13 जनवरी से शुरू हुआ महाकुम्भ अब अपने अंतिम चरण में है। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर आखिरी महत्वपूर्ण स्नान का आयोजन होना है, जिसे लेकर प्रदेश की योगी सरकार ने कमर कस ली है। महाकुम्भ में प्रतिदिन एक करोड़ से अधिक लोग पहुंच रहे हैं। सनातन धर्म की विभिन्न शाखाओं, मत-सम्प्रदाय से जुड़े साधु-संतों सहित देश के हर कोने से आस्थावान सनातनी संगम में स्नान की कामना लेकर प्रयागराज पहुंचे। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, विभिन्न राज्यों के राज्यपाल, प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, विभिन्न प्रदेशों के मुख्यमंत्री, भूटान नरेश, विदेशी राजनयिकों, देश के दिग्गज उद्योगपतियों समेत फिल्मी दुनिया के नामचीन सितारों ने संगम में डुबकी लगाई है।

## खबरें एक नजर में

### कार की टक्कर से ई-रिक्शा चालक की मौत, सीसीटीवी में कैद हुई घटना

**लखनऊ।** लखनऊ में ठाकुरगंज इलाके में एक ई-रिक्शा चालक को शुक्रवार देर रात कार ने रौंद दिया। जिससे उनकी ट्रामा में इलाज के दौरान मौत हो गई। दूसरी तरफ घटना होते ही लोगों की भीड़ एकत्र देख चालक कार लेकर भाग निकला। सीसीटीवी में घटना कैद हुई है। पुलिस कार नंबर के आधार पर चालक के विषय में जानकारी जुटा रही है। ठाकुरगंज के नगरिया निवासी ई-रिक्शा चालक फहाद अली (45) की शुक्रवार रात कार की टक्कर से मौत हो गई थी। भाई काशिफअली ने बताया कि एक युवक ने फोन कर भाई के दुर्घटना में घायल होने की सूचना दी थी। उन्हें गंभीर हालत में ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। जहां उनकी मौत हो गई। भाई की शादी नहीं हुई थी। वह अकेले ही रहते थे। आसपास के लोगों से पूछताछ में जानकारी हुई कि काले रंग की कार से दुर्घटना हुई। जिसको यशराज त्रिपाठी नाम का युवक चला रहा था। ठाकुरगंज पुलिस के मुताबिक गाड़ी नंबर के आधार पर चालक यशराज के खिलाफ मामला दर्ज किया है। साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### युवक फांसी पर लटका, मौत

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के हसनगंज इलाके में 21 साल के युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर युवक को फंदे से उतारकर ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। शनिवार सुबह करीब 10.30 बजे अतुल चौराहा डालीगंज निवासी आशीष सक्सेना पुत्र स्वर्गीय कपिल सक्सेना ने अपने घर में कमरा बंद करके आत्महत्या कर ली। आशीष घर में पंखे के सहारे फंदे से लटकता मिला। जिसकी सूचना पुलिस दी गई। मौके से पहुंची पुलिस ने कमरा तोड़कर आशीष को इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। इंस्पेक्टर हसनगंज का कहना है कि कोई शिकायत नहीं मिली है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### मनकामेश्वर मंदिर में होगी घर वापसी, महंत दिव्या गिरी की मौजूदगी में सनातन धर्म अपनाएंगे लोग

**लखनऊ।** लखनऊ के डालीगंज स्थित प्रसिद्ध मनकामेश्वर मंदिर में विशेष धर्म वापसी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसमें समाज में नफ़रत और कट्टरता से पीड़ित लोग सनातन धर्म में वापसी कर रहे हैं। कार्यक्रम का आयोजन घर वापसी सनातन में स्वागत (निजी सहायता योजना) के तहत किया जा रहा है, जिसमें धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ पूजा-अर्चना की जा रही है। मनकामेश्वर मंदिर की महंत दिव्या गिरी ने वैदिक मंत्रोचारण के उपरांत बिजनौर के रहने वाले सरफ़राज (35) और शाहजहांपुर के रहने वाले और गुलनाज (32) की सनातन धर्म में वापसी कराई। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्राह्मण सांसद अध्यक्ष डॉ. पंडित अमरनाथ मिश्रा करेंगे। इसके अलावा, राष्ट्रीयधार दल के अध्यक्ष करन सिंह, अखिल भारतीय हिंदू महासभा के राष्ट्रीय संयोजक संतोष कुमार वशिष्ठ समेत अन्य कई गणमान्य लोग भी उपस्थित रहेंगे।

### नाली विवाद में बुजुर्ग पर बांका से वार, दो उंगलियां कटीं

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के महिगवां थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग पर जानलेवा हमला हुआ है। शुक्रवार रात साढ़े बारह बजे जोतपुर गांव में 85 वर्षीय राम बहादुर अपने दो पोतों के साथ दरवाजे पर सो रहे थे। इसी दौरान राकेश यादव ने उन पर बांका से हमला कर दिया। हमले में राम बहादुर के सिर पर गंभीर चोट आई। उनके बाएं हाथ की दो उंगलियां भी कट गईं। पीड़ित की आवाज सुनकर जब मोहल्ले के लोग जमा हुए, तो आरोपी गालियां देते हुए और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल राम बहादुर को इटौंजा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। पुलिस के अनुसार, तीन साल पहले नाली की सफाई को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हुआ था। तभी से आरोपी रंजिश मान रहा था। पीड़ित का एक ही बेटा नारायण यादव है, जो खेती-बाड़ी करता है। स्थानीय लोगों के अनुसार आरोपी राकेश यादव दबंग किस्म का है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है, लेकिन अभी तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

### चोर के पास से चोरी की होंडा स्कूटी बरामद

**लखनऊ।** पीजीआई पुलिस ने स्कूटी चोरी के एक मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके पास से चोरी की स्कूटी भी बरामद कर ली है। घटना 17 फ़रवरी की है। साउथ सिटी रायबरेली रोड निवासी जय प्रकाश सिंह ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उनकी काइनेटिक होंडा स्कूटर (यूपी 32एफसी 6357) घर के बाहर से चोरी हो गई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। प्रभारी निरीक्षक के आदेश पर विशेष टीमें गठित की गईं। 21 फ़रवरी को पुलिस टीम ने एमिटी इंटरनेशनल स्कूल के पीछे शहीद पथ अंडरपास से आरोपी को पकड़ा। आरोपी की पहचान आयुष राय उर्फसंजू (25) के रूप में हुई। वह तेलीबाग थाना पीजीआई क्षेत्र के सेनानी बिहार का रहने वाला है। आरोपी के कब्जे से चोरी की स्कूटी बरामद कर ली गई। पुलिस ने मामले में धारा 317(2) की बढ़ोतरी कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बिजली के निजीकरण के विरोध में प्रान्त व्यापी प्रदर्शन जारी, भारी गुस्सा

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र ने कहा है कि बिजली वितरण निगमों के काम में लगातार सुधार हो रहा है और महाकुंभ में बिजली कर्मियों ने श्रेष्ठतम प्रदर्शन कर पूरे देश को चकित कर दिया है। इसके बावजूद बिजली के निजीकरण की प्रक्रिया तेज गति से बढ़ाई जा रही है जिससे बिजली कर्मों में भारी गुस्सा व्यक्त है।

संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि भारत सरकार द्वारा जारी की गई विद्युत वितरण कंपनियों की रेटिंग की रिपोर्ट में बताया गया है कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम में लगातार सुधार हो रहा है। उत्तर प्रदेश में आरडीएसएस स्कीम के अंतर्गत विद्युत वितरण निगमों का नेटवर्क सुधारने के लिए हजारों करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं। इससे हो रहे सुधार और बिजली कर्मियों के परिश्रम का परिणाम है कि विद्युत वितरण निगम लगातार सुधार की ओर बढ़ रहे हैं। यहां यह उल्लेखनीय है कि दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम ने वर्ष 2023 - 24 में प्रति यूनिट बिजली विक्रय कर रु 04.47 प्रति यूनिट राजस्व वसूली की है जो आगरा शहर में टोरेंट पॉवर कंपनी से मिलने वाले राजस्व रु.4.36 प्रति यूनिट से अधिक है। ध्यान देने योग्य बात यह है कि आगरा एक औद्योगिक शहर है। आगरा में एशिया का सबसे बड़ा चमड़ा उद्योग है और आगरा में सबसे अधिक पांच सितारा होटल है। दूसरी और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के अंतर्गत बुंदेलखंड और चंबल का क्षेत्र आता है और अनेक गांव आते हैं। इन स्थानों पर बिजली का राजस्व बहुत कम है। इसके बावजूद दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम से टोरेंट पावर कंपनी की तुलना में प्रति यूनिट अधिक राजस्व मिल रहा है। संघर्ष समिति ने कहा कि महाकुंभ में बिना सोए दिन रात बिजली कर्मी परिश्रम कर रहे हैं। संघर्ष समिति ने प्रयागराज के बिजली कर्मचारियों को विगत 5 जनवरी को हुई बिजली महापंचायत में शपथ दिलाई थी कि वे महाकुंभ में श्रेष्ठतम प्रदर्शन करेंगे। महाकुंभ में कार्यरत बिजली कर्मियों ने इसे सिद्ध कर दिया है और महाकुंभ की बिजली व्यवस्था ने सारे देश को चकित कर दिया है। संघर्ष समिति ने कहा कि उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मचारी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में लगातार सुधार में लगे हैं। बिजली कर्मचारियों के प्रयासों को अनदेखा कर जिस प्रकार निजीकरण की प्रक्रिया तेज की जा रही है उससे बिजली कर्मचारियों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है।



**बिजली कर्मचारियों के प्रयासों को अनदेखा कर जिस प्रकार निजीकरण की प्रक्रिया तेज की जा रही है उससे बिजली कर्मचारियों का गुस्सा बढ़ता जा रहा**

# जो अपने काम में असफल होते हैं, वो लक्ष्य की समय-सीमा बदलते हैं : अखिलेश

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने वर्ष 2029 तक राज्य की अर्थव्यवस्था को एक हजार अरब डॉलर किये जाने के सरकार के दावे पर शनिवार को तंज कसते हुए कहा कि जो अपने काम में असफल होते हैं, वो लक्ष्य की समय-सीमा बदलते हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट में कहा, जो अपने काम में असफल होते हैं, वो लक्ष्य की समय-सीमा बदलते हैं, देश-प्रदेश का भविष्य नहीं। उन्होंने राज्य में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 2021 में भाजपाइयों ने कहा था कि 2024 तक उप्र की अर्थव्यवस्था एक ट्रिलियन डॉलर यानि एक हजार अरब डॉलर की हो जाएगी और अब



2025 में कह रहे हैं, 2029 में उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था एक ट्रिलियन डॉलर की हो जाएगी। यादव ने कहा, जनता को न इनके बीते कल के वादे पर विश्वास था, न आने वाले कल के दावे पर भरोसा है। झूठ भाजपा का पर्याय बन गया है। जनमानस कहे आज का, नहीं चाहिए भाजपा! उत्तर प्रदेश के मुख्य्यमंत्री योगी आदित्य्यनाथ ने शुक्रवार को विधानसभा में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्ध्द्र मोदी की प्रेरणा के अनुरूप प्रदेश एक हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है।

# एमएसएमई उद्यमियों को मिलेगा विशेष प्रशिक्षण, रैंप योजना के तहत बूटकैंप शुरू

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

लखनऊ के उद्यमिता विकास संस्थान में भारत सरकार की रैंप योजना के तहत विशेष बूटकैंप का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के एमएसएमई विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। आलोक कुमार ने उद्यमियों से संवाद के दौरान कहा कि प्रशिक्षण के साथ-साथ मेंटरशिप भी उद्यमियों की सफलता के लिए आवश्यक है।

लघु उद्योग भारती के उपाध्यक्ष रितेश श्रीवास्तव ने बताया कि यह कार्यक्रम उद्यमियों को व्यवसाय विस्तार और नए अवसरों की पहचान में सहायक होगा।

इस तीन महीने के प्रबंधन कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से 100 से अधिक उद्यमी भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और एडवांस मार्केटिंग रणनीतियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। साथ ही सप्लाई चेन और डिस्ट्रीब्यूशन प्रबंधन की जानकारी भी दी जा रही है। कार्यक्रम में आईआईटी कानपुर द्वारा अनुमोदित शॉर्ट टर्म मैनेजमेंट कोर्स भी शामिल हैं। यह चार वर्षीय योजना उद्यमियों को विकास का मजबूत आधार होगा।

# डॉ. भारती गांधी ने सीएम योगी से की शिष्टाचार भेंट

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

सिटी मोन्टेसरी स्कूल की संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर डा. भारती गाँधी ने प्रशासनिक कौशल व दूरदर्शिता से प्रदेश के समावेशी विकास की परिकल्पना को धरातल पर उतारने के मुख्यमंत्री के अथक प्रयासों पर उन्हें हार्दिक बधाई दी। इस मुलाकात में सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन भी उपस्थित रही। प्रो. किंगडन ने मुख्यमंत्री से सी.एम.एस. के पूर्व छात्र शुभांशु शुक्ला के गगनयान मिशन की चर्चा की। विदित हो कि सी.एम.एस. छात्र शुभांशु उन चार अंतरिक्ष यात्रियों में से एक हैं जिन्हें इसरो ने गगनयान मिशन के लिए चयनित किया है। इस असाधारण मिशन के लिए शुभांशु का चयन लखनऊ व प्रदेश के लिए अत्यन्त गर्व का विषय है। आगामी दिनों में शुभांशु गगनयान मिशन के अन्तर्गत अन्तरिक्ष में जाने वाले हैं। शुभांशु की इस अन्तरिक्ष यात्रा के दौरान सी.एम.एस. द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसमें शुभांशु अन्तरिक्ष से छात्रों के साथ संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री से मुलाकात के उपरान्त प्रो. किंगडन ने एक अनौपचारिक वार्ता में बताया कि मुख्यमंत्री से बहुत अच्छी मुलाकात हुई। उन्होंने डा. भारती गाँधी का हालचाल पूछा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने डा. भारती गाँधी के मार्गदर्शन में भावी पीढ़ी के सर्वांगीण विकास, सामाजिक उत्थान एवं एकता व शान्ति के प्रयासों के लिए सी.एम.एस. की सराहना की।



# फायरिंग कर जान से मारने का प्रयास करने वाला गिरफ्तार



**समृद्धि न्यूज, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के मड़ियांव इलाके में एक युवक को जान से मारने के प्रयास में अवैध तमंचे से फायरिंग करने वाले वांछित अभियुक्त को मड़ियांव पुलिस ने गिरफ़्तार कर लिया। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानन्द मिश्रा ने बताया कि बीती 20 फ़रवरी को वादी अखिलेश पाण्डेय ने स्थानीय थाने पर तहरीरी सूचना के माध्यम से पुलिस को अवगत कराया कि विपक्षियों ने एक राय होकर उनपर 3 बार फायर झोंका फायर मिस हो जाने पर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए थे। जिसके बाद पुलिस ने वादी की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी। शनिवार को मड़ियांव पुलिस टीम ने फायरिंग करने वाले अभियुक्त राजकुमार को मुखबिर की सूचना पर मड़ियांव ब्रिज के नीचे से गिरफ़्तार कर लिया जिसके कब्जे से पुलिस ने एक अवैध तमंचा 315 बोर, एक ज़िंदा कारतूस बरामद कर लिया। पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुए उसे सलाखों के पीछे भेज दिया। इस गिरफ्तारी में उपनिरीक्षक भूपेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक संदीप कुमार हेड कांस्टेबल कमलेश वर्मा की अहम भूमिका रही।

# लल्ला भैया की बहन पूर्व विधायक बृज कुंवरि का निधन, लखनऊ में ली अंतिम सांस

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

बरगदी राजघराने में लगातार शोक की लहर दौड़ रही है। अभी पिछले माह लल्ला भैया का निधन हुआ था। अब उनकी बहन पूर्व विधायक बृज कुंवरि का भी बीती रात लखनऊ में इलाज के दौरान असामयिक निधन हो गया। इस खबर से बरगदी कोट परिवार पर एक बार फिर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

गौरतलब है अभी बीते 23 जनवरी को पूर्व विधायक कुंवर अजय प्रताप सिंह उर्फ लल्ला भैया का निधन हो गया था। जिसे बरगदी परिवार अभी भूल भी नहीं पाया था, इसी बीच उनकी बहन पूर्व विधायक बृज कुंवरि सिंह के निधन की खबर से कोहराम मच गया है।



बृज कुंवरि 2012 में करनैलगंज विधानसभा क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी के सिंबल पर विधायक चुनी गई थी। वह गंभीर बीमारी से पीड़ित थी जिनका लखनऊ के मैक्स अस्पताल में इलाज चल रहा था, जहां उन्होंने शुक्रवार की रात अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर है। बरगदी कोट स्थित उनके आवास पर लोगों की भारी भीड़ जुट रही है।

# केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर में गार्डो ने तीमारदार को पीटा

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

**पुलिस जांच में जुटी**

राजधानी लखनऊ के चौक स्थित केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर में गार्ड और तीमारदार के बीच मारपीट हो गई। जिसका एक वीडियो सामने आया है। इसमें तीन गार्ड एक व्यक्ति को मारते हुए केबिन के अंदर ले जा रहे हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। किंग जार्ज मेडिकल कॉलेज में शुक्रवार को इलाज कराने के लिए आए व्यक्ति के परिजनों की किसी बात को लेकर गार्डो से कहासुनी हो गई। इसके बाद वहां मौजूद गार्डों ने अपने अन्य साथियों को बुला लिया। तीमारदार से मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान बाहर खड़े एक व्यक्ति ने पूरी घटना का वीडियो बना लिया। यह शनिवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इंस्पेक्टर चौक नागेश उपाध्याय का कहना है कि एक व्यक्ति की एक्सीडेंट में मौत हो गई थी। जिसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जा रहा था। जिसका परिजन विरोध कर रहे थे। समझाने पर झगड़ा करने पर आमादा हो गए। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

**उद्घाटन**

**दिव्यांगजन सशक्तीकरण को मिली नई दिशा**

# महाकुंभ में दिव्यांगजन सशक्तीकरण पर मंथन, वेब पोर्टल लॉन्च

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

महाकुंभ के अवसर पर दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा आयोजित 'दिव्य कुम्भ प्रदर्शनी' के अंतर्गत राज्य आयुक्तों के राष्ट्रीय सम्मेलन में दिव्यांग पोर्टल का उद्घाटन किया गया। इस कार्यशाला में देशभर के राज्य आयुक्तों और विशेषज्ञों ने भाग लिया, जहां दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण, उनके अधिकारों और शिक्षा पर व्यापक चर्चा की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश अग्रवाल मुख्य आयुक्त दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, भारत सरकार ने उत्तर प्रदेश राज्य आयुक्त दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के वेब पोर्टल का शुभारंभ किया। इस पोर्टल के जरिए दिव्यांगजनों को विभिन्न योजनाओं और सेवाओं की जानकारी सुगमता से उपलब्ध होगी। कार्यशाला के दौरान




महाकुंभ-2025 पर आधारित एक वृत्तचित्र का प्रदर्शन किया गया, जिसमें दिव्यांगजनों की भागीदारी और उनके लिए की गई विशेष व्यवस्थाओं को दिखाया गया।

इस अवसर पर प्रमुख सचिव, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग सुभाष चंद शर्मा ने कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत की। संयुक्त सचिव, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली राजीव शर्मा ने दिव्यांगजनों के अधिकारों और सशक्तीकरण से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला। राष्ट्रीय कार्यशाला में दिव्यांगजनों की सामाजिक भागीदारी, शिक्षा और रोजगार को लेकर गहन विचार-विमर्श हुआ। डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ के कुलपति प्रो. संजय सिंह और जगदगुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय, चित्रकूट के कुलपति प्रो. शिशिर कुमार पांडेय ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यशाला में एएलआईएमसीओ कानपुर और क्षेत्रीय पुनर्वास केंद्र के विशेषज्ञों ने दिव्यांगजनों के लिए तकनीकी सहायता और पुनर्वास कार्यक्रमों की जानकारी दी। दिव्यांगता के आकलन और युडीआईडी कार्ड जारी करने से संबंधित भारत सरकार की 12 मार्च 2024 और 16 अक्टूबर 2024 की अधिसूचनाओं को लागू करने की रणनीति पर भी चर्चा हुई। कार्यशाला में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की प्राथमिक से उच्च शिक्षा तक ड्रॉपआउट रोकने की रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। इसके तहत सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को प्रभावी बनाने और दिव्यांग छात्रों को अधिक संसाधन उपलब्ध कराने के विषय पर चर्चा हुई।

कार्यशाला में विभिन्न राज्यों से आए वरिष्ठ अधिकारियों और राज्य आयुक्तों ने भाग लिया, जिनमें प्रमुख रूप से प्रवीण पुरी महाराष्ट्र विजय राजपूत, गुजरात सी. उदय कुमार अंडमान-निकोबार अदिति चौधरी पश्चिम बंगाल सोनाली पी. वायंगकर प्रमुख सचिव मध्य प्रदेश बृतती हरिचंदन ओडिशा गुरुप्रसाद पवस्कर गोवा, एस.डी. सुंदरेशन पुडुचेरी शैलजा तेलंगाना दास सूर्यवंशी कर्नाटक प्रो. पीटी बाबूराज केरल और अचिंतन किलिकदर त्रिपुरा शामिल थे। दिव्यांगजनों के अधिकारों की रक्षा, सशक्तीकरण की प्रतिबद्धता राष्ट्रीय सम्मेलन में दिव्यांगजनों के अधिकारों की रक्षा, उनके सशक्तीकरण और शिक्षा की पहुंच को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# छत का प्लास्टर गिराने से कर्मचारी घायल

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

लखनऊ में एक सरकारी ऑफिस में छत का प्लास्टर टूट कर कर्मचारी पर आ गिरा, जिससे कर्मचारी घायल हो गया। आनन-फानन में उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना आईटी चौराहे पर स्थित संभागीय खाद्य नियंत्रक ऑफिस में दोपहर एक बजे हुई। घायल कर्मचारी सचिन श्रीवास्तव ने बताया कि वह कनिष्ठ सहायक के पद पर कार्यरत हैं। रूटीन में अपने टेबल पर काम कर रहे थे। छत का बड़ा सा प्लॉस्टर उनके ऊपर आकर गिरा। सिर और हाथ में चोट आई। कंप्यूटर, प्रिंटर समेत टेबल पर रखा सामान क्षतिग्रस्त हो गया।

उन्होंने बताया प्लास्टर गिरने की आवाज इतनी तेज थी कि सभी दहशत में आ गए। गनीमत रही प्लास्टर का पूरा टुकड़ा मेरे पर नहीं गिरा, जिससे जान बच गई। दोबारा टेबल पर जाकर काम करने की हिम्मत नहीं हो रही है। हम सभी कर्मचारी दहशत में हैं। उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ के महामंत्री सूर्य नारायण मिश्रा ने बताया- 1986 में खाद एवं रसद विभाग ने लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) से किराए पर भवन लिया था। लगभग 40 साल हो गए हैं। इस भवन में किसी भी प्रकार का मेंटेनेंस या रखरखाव का काम नहीं किया गया। उन्होंने कहा एलडीए को किराया लेना याद रहता है। मगर मेंटेनेंस कराना भूल गया। भवन इतना जर्जर हो चुका है कि अक्सर इसके प्लास्टर गिरा करते हैं, खिड़कियां लटक गई हैं। सरिया लटक रहा है। सूर्य नारायण मिश्रा ने बताया कि कर्मचारियों पर अक्सर प्लास्टर गिरता रहता है। सभी कर्मचारी दहशत में है। हम लोग भय के साये में काम कर रहे हैं। दिन-प्रतिदिन स्थिति खराब होती जा रही है। ऐसा लगता है कि एलडीए किसी बड़े हादसे के इंतजार में बैठा है। उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रांतीय अध्यक्ष अनिरुद्ध प्रताप सिंह यादव ने बताया ऑफिस में लगभग 80 कर्मचारी काम करते हैं। 10 कमरे हैं। सभी कमरों की स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। ऐसा कैमरा नहीं है, जिसका प्लास्टर ना टूटा हो और स्थिति जर्जर ना हो। उसके बाद भी हम सभी लोग इसी जानलेवा कमरों में बैठकर काम कर रहे हैं।



उन्होंने बताया कि आज हमारा एक साथी दुर्घटना का शिकार हुआ है। पिछले 5 सालों से हम लोग जर्जर भवन की मरम्मत की मांग कर रहे हैं। हमने कई बार पत्र लिखा कर और मौखिक शिकायत की। पर सुनवाई नहीं हुई।

# रेलवे का मनकापुर जंक्शन के साथ सौतेला व्यवहार




**मनकापुर /गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

राज्य से लेकर केंद्र सरकारे जहां एक तरफ यात्रियों की सुविधाओं के लिए रेलवे स्टेशन को हाईटेक करते हुए आधुनिक व्यवस्थाओं से लैस नई तकनीकी से ट्रेनों का संचालन करने का कदम उठाते हुए बंदे भारत जैसी महत्वपूर्ण ट्रेनों का संचालन किया हो,लेकिन इन सब बातों के इतर पूर्वोत्तर रेलवे के मनमानी रवैए तथा सौतेले व्यवहार से गोंडा का मनकापुर रेलवे जंक्शन कई आधुनिक व्यवस्थाओं से महरूम दिख रहा है। और तो और रेलवे स्टेशन में बने कर्मचारी निवास के बगल सरकारी आवासों से निकल रहे मल मूत्र के टैंक भी ओवरफ्लो हो रहे हैं, जिससे बीमारी होने की आशंका बनी रहती हैं। वहीं कर्मचारियों का मानना है कि टैंकों की गंदगी से आवास में रहना दूभर होता है, लेकिन कोई स्थाई समाधान नहीं किया जा रहा है। ऐसे ही रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 4 व 5 पर देखने से ऐसा लगता है कि यहां कभी झाड़ू पोछा होता ही नहीं है, इसके साथ प्लेटफार्म नंबर एक पर बने मूत्रालय से रिसाव होने के कारण जहां रेलवे कैंपस पर बनी दिवाल क्षतिग्रस्त होती हैं, वहीं प्लेटफार्म पर आम यात्रियों को गंदगी भरा सफर तय करना पड़ता है। वैसा इन सब भारी अवस्थाओं के बावजूद आम यात्रियों का मानना है कि मनकापुर रेलवे जंक्शन गोरखपुर-लखनऊ रूट का अयोध्या के नजदीक होने से प्रमुख स्टेशन है और यहां से अयोध्या, प्रयागराज के लिए ट्रेन प्रारंभ होती हैं और इस स्टेशन से ही प्रतिदिन मेला के समय में कई हजार यात्री तथा सामान्य दिनों में हजारों यात्री विभिन्न यात्राएं तय करते हैं। वहीं जब इन सब बातों के मद्देनजर स्थानीय स्टेशन अधीक्षक अनूप सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि हमारे पास तीन सफाई कर्मी है और प्लेटफार्म पांच है तथा स्टेशन परिसर काफी लंबा चौड़ा है।ऐसे में कभी कोई छुट्टी भी जाता है रेस्ट पर भी रहते हैं,जिससे सफाई होने में कभी-कभी समस्या होती है।

बाकी मैं स्वयं खड़े होकर साफ-सफाई करवाता रहता हूं।और मेला के समय में यात्रियों को असुविधा न हो इसके लिए मेरे द्वारा विशेष अभियान चला कर स्टेशन परिसर की सफाई कराई गई थी। तथा टोटियों से पानी रिसाव होने की जानकारी नहीं थी,संबंधित विभाग को सूचित करते हुए ठीक करवाया जा रहा है।वहीं बगल में खड़े कुछ यात्री ने बताया कि मैं बिगत 30 वर्षो से इस स्टेशन से होकर ही यात्रा करता हूं और यहां पहले 8 सफाई कर्मी हुआ करते थे, जो पुराने अभिलेखों में दर्ज भी होंगे। तब महज तीन प्लेटफार्म ही बने थे।लेकिन अब यहां प्लेटफार्म बढ़ गए हैं और सफाई कर्मी घट गए हैं। जिससे स्पष्ट कहा जा सकता है कि यह पूर्वोत्तर रेलवे की लापरवाही ही है। जिससे मनकापुर रेलवे जंक्शन की दुर्दशा आम हो गई है।

> लगातार बह रही टोटियों से प्रतिदिन पानी की बर्बादी,प्लेटफार्म पर गंदगी कूड़ो का अंबार, कर्मचारी आवास कैंपस में सेफ्टी टैंको से बह रही गंदगी की धारा मनकापुर जंक्शन की व्यवस्था को कर रही बयां, अयोध्या जाने के लिए अयोध्या के बगल स्थित प्रमुख स्टेशन होने के बावजूद भी पूर्वोत्तर रेलवे के कानो में नहीं रेंग रही जूं।

# फैमिली आईडी से राशन कार्ड पर नहीं पड़ेगा कोई प्रभाव

**गोण्डा,समृद्धि न्यूज़।**

- जिन परिवारों की फैमिली आईडी पोर्टल से बनी है उनका राशन कार्ड संख्या ही उनकी फैमिली आईडी होगी
- पात्र परिवारों को समय पर राशन कार्ड प्रदान किया जाएगा

उत्तर प्रदेश शासन के नियोजन विभाग के जनशक्ति नियोजन प्रभाग द्वारा 17 फ़रवरी को जारी पत्र के संदर्भ में यह जानकारी दी जाती है कि कुछ जनपदों से यह भ्रांति उत्पन्न हो रही है कि फैमिली आईडी बनने के बाद राशन कार्ड का लाभ नहीं मिल सकेगा। इस भ्रांति को दूर करने के लिए शासन ने स्पष्ट किया है कि फैमिली आईडी बनने से राशन कार्ड पर कोई असर नहीं पड़ेगा और पात्र परिवारों को राशन कार्ड की सुविधा मिलती रहेगी। विभाग द्वारा जारी किये गए निर्देशों के अनुसार राशनकार्ड से अनाच्छादित परिवार' जो परिवार राशन कार्ड के पात्र हैं लेकिन उनका राशन कार्ड नहीं बना है वे फैमिली आईडी पोर्टल के माध्यम से फैमिली आईडी बना सकते हैं। फैमिली आईडी बनने के बाद वे कभी भी राशन कार्ड बनाने हेतु आवेदन कर सकते हैं।

फैमिली आईडी बनने से उनकी पात्रता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा और राशन कार्ड उनकी पात्रता अनुसार जारी किया जाएगा। फैमिली आईडी के बाद राशन कार्ड' जिन परिवारों की फैमिली आईडी पोर्टल के माध्यम से बनाई गई है उनके लिए राशन कार्ड जारी करते समय उनका राशन कार्ड संख्या ही उनकी फैमिली आईडी होगी। राशन कार्ड जारी होने के बाद परिवार को राशन कार्ड की सभी सुविधाएँ प्राप्त हो सकेंगी। राशन कार्ड धारक परिवारों की पात्रता में परिवर्तन' यदि किसी राशन कार्ड धारक परिवार की पात्रता में कोई परिवर्तन होता है और वे पात्र नहीं रहते हैं तो उनके राशन कार्ड संख्या के पांचवे डिजिट को अंक 8 से बदलकर शेष सभी अंक पूर्ववत रखे जाएंगे और फैमिली आईडी जारी की जाएगी। यह स्पष्ट किया जाता है कि फैमिली आईडी बनने से राशन कार्ड का लाभ प्रभावित नहीं होगा और पात्र परिवारों को समय पर राशन कार्ड प्रदान किया जाएगा।

# मनरेगा पर पलीता लगाते ग्राम प्रधान



**गोन्डा ,समृद्धि न्यूज़।**

जनपद के विभिन्न गांवों में इन दिनों मनरेगा में धांधली होने की बात सामने आ रही है। रोजाना कोई न कोई नया मामला देखने को मिल रहा है। मनरेगा में फर्जी अटेंडेंस को रोकने के लिए लाई गई मनरेगा मॉनिटरिंग सिस्टम का भी लोगो ने तोड़ निकाल लिया है।

मनरेगा 100 दिन रोजगार देने की सरकार के पहल को भी जिम्मेदार पलीता लगा रहे है। जो गजब का खेल है मनरेगा कार्य में सुबह लेबर बुलाकर फोटो खींचा जाता है और सायं को लेबर बुलाकर फोटो खींचा जाता है और अपलोड कर दिया जाता है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ब्लाक पंडरी कृपाल अन्तर्गत ग्राम पंचायत मलारी में मनरेगा के जॉब कार्ड धारक मजदूरो की उपस्थिति और करायें गये भूमि विकास कार्य की जब मौके पर हकीकत जानने के लिए समृद्धि न्यूज की टीम पहुंची तो आस पास खेतों में काम कर रहे लोगों से जानकारी करने पर उन लोगो ने बताया की कई दिनों से केवल मजदूरो का फोटो खींचवाने के लिए कुछ लोग आते हैं और चले जाते हैं परन्तु स्थल पर कई दिनों से कार्य नहीं चल रहा है। वहीं मौजूद लोगो के मुताबिक यह पर केवल उपस्थित दर्ज करवाने हेतु ही कुछ लोग आते हैं। यही नहीं जो फोटो अपलोड हो रहा है वहां एक ही फोटो बार बार अपलोड होने से भी जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों की नींद नहीं टूटती है। लोगों के मुताबिक कई दिनों से काम नहीं हो रहा है लेकिन सौ से अधिक की उपस्थित दर्ज की जा रही है। क्या इस तरह से हो रहे भ्रष्टाचार के जिम्मेदारो पर कार्यवाही होगी या सरकार के द्वारा बेरोजगार गरीबों को रोजगार गारंटी योजना में सेंध लगाकर ग्राम प्रधान और सचिव मौज काटते रहेंगे।

# फर्जी दस्तावेज पर हथियाया सिपाही की नौकरी, केस दर्ज

**बहराइच समृद्धि न्यूज़**

पयागपुर थाने में तैनात हेड कांस्टेबल के विरुद्ध अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर के आदेश पर थाने में केस दर्ज किया गया। यह कार्रवाई मुख्य आरक्षी पर फर्जी जन्मतिथि के आधार पर पुलिस विभाग में नौकरी करने के आरोप में हुई है। पयागपुर थाना में दर्ज एफआईआर के अनुसार देवरिया जिले के लार खरदहा घनश्याम बभनौली पांडेय निवासी संजय पांडेय ने वर्ष 2023 में एडीजी जोन को शिकायती पत्र भेजा था। उनका आरोप है कि देवरिया जिला निवासी मुख्य आरक्षी रत्नेश पांडेय ने फर्जी शैक्षणिक दस्तावेज के आधार पर वर्ष 2006 में पुलिस विभाग में सिपाही के पद पर तैनाती पाई थी। जिसकी शिकायत उन्होंने वर्ष 2023 में रत्नेश के तैनाती बहराइच जिले के एसपी से की थी, लेकिन उन्हें शिकायत पर क्या कार्रवाई की गई कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई। उल्टा उन्हें गुमराह करते हुए रत्नेश के बचाव में भ्रामक सूचना दी गई। उनके द्वारा आरटीआई के माध्यम से रत्नेश द्वारा पहली बार हाईस्कूल की परीक्षा में सम्मिलित होने का प्रमाण पत्र भी प्रेषित किया है। पयागपुर पुलिस ने मुख्य आरक्षी पर जालसाजी, फर्जी दस्तावेज का मामला दर्ज किया है। इस मामले में अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मुख्य आरक्षी के विरुद्ध केस दर्ज हुआ है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# हिंदी सुलेख प्रतियोगिता का किया आयोजन

**इटियाथोक /गोंडा ,समृद्धि न्यूज।**



विभागीय उच्च अधिकारियों के निर्देश के क्रम मे शनिवार को कंपोजिट विद्यालय बरईपारा में हिंदी सुलेख प्रतियोगिता आयोजित की गयी दो श्रेणियों में आयोजित इस प्रतियोगिता की प्रथम श्रेणी में कक्षा तीन से पांच तक के बच्चों ने प्रतिभाग किया तो वहीं दूसरी श्रेणी में कक्षा छः से आठ तक के बच्चों में प्रतिभाग किया।

विद्यालय के भाषा शिक्षक अरुण मिश्रा ने बताया की विभागीय निर्देश के क्रम में छात्र-छात्राओं के लेखन कौशल को निखारने एवं उनकी रचनात्मकता को बढ़ावा दिए जाने की दृष्टिगत हिंदी सुलेख प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसके अंतर्गत कुल 32 बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रथम श्रेणी से सतीश कुमार को और द्वितीय श्रेणी से कृष्णा को सर्वश्रेष्ठ लेखन के लिए चयनित किया गया। दोनों विजयी छात्रों को विद्यालय की तरफ से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया तो वहीं अन्य सभी प्रतिभागी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक सलमान गोपाल प्रसाद अरुण मिश्र सौरभ वर्मा विजय कुमार भारती और महेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

# पीड़ित एएनएम ने सीएमओ से लगाई न्याय की गुहार

**गोन्डा ,समृद्धि न्यूज़।**



> एक बार फिर आई सुर्खियों में डॉक्टर पूजा जायसवाल

जनपद के अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पंडरी कृपाल में कार्यरत अधीक्षिका पूजा जायसवाल पूर्व में भी मीडिया की सुर्खियां में बनी रही है परन्तु इनके पकड़ और पहुंच की वजह से सीएमओ गोन्डा द्वारा कार्यवाही नहीं हो सकी। सीएचसी पर कार्यरत एएनएम कर्मियों ने शुक्रवार को अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। मातृ एवं शिशु परिवार कल्याण संघ के बैनर तले हुए इस प्रदर्शन में अधीक्षिका पर शोषण, अमर्यादित भाषा के प्रयोग और वेतन में अनावश्यक कटौती के गंभीर आरोप लगाए गए। प्रदर्शनकारियों ने शाम को मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और अपनी समस्याओं के समाधान की मांग की।उन्होंने कहा कि टीबीआई भुगतान, कुष्ठ एवं फाइलेरिया अभियानों के मानदेय सहित अन्य भत्तों का भुगतान नहीं किया जा रहा है। इसके अलावा,अधीक्षिका द्वारा दिन में दो बार ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने का दबाव बनाया जाता है, और नेटवर्क समस्या के चलते यदि कोई कर्मचारी जुड़ नहीं पाता, तो उसका वेतन काट लिया जाता है। आक्रोशित एएनएम कर्मियों ने मुख्य चिकित्साधिकारी से मांग की कि उन्हें सीएचसी पंडरी कृपाल से अन्यत्र स्थानांतरित किया जाए। उनका कहना है कि इस शोषणपूर्ण माहौल में कार्य करना असंभव हो गया है। प्रदर्शन में अंजनाएकता वर्मा, रंजना श्रीवास्तव, रुचि शुक्ला, ममता, रेखा पांडे, साधना, नेहा वर्मा, प्रीती, लाल पति, श्वेता, हेमलता वर्मा, विनीता पाठक, मानकी वर्मा, अमरावती, इन्दू, स्नेहा, पूजा यादव, शशि प्रभा सिंह, रेनू सिंह आदि रही। श्रीवास्तव, रेनू प्रिया यादव, हेमलता वर्मा, शशि प्रभा, किरन, मालती, शोभा, शांति सहित कई अन्य एएनएम कर्मी शामिल रहीं। वहीं मीडियाकर्मियों के द्वारा वार्ता करने पर सीएचसी अधीक्षिका डॉ पूजा जायसवाल ने इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया।

उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को केवल विभागीय नियमों के तहत कार्य करने के निर्देश दिए जा रहे हैं और उनके साथ किसी प्रकार का अन्याय नहीं किया जा रहा है।

प्रदर्शनकारी एएनएम कर्मियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं हुई तो वे उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगी। इस सम्बन्ध में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ रश्मि वर्मा के दूरभाष पर कॉल कर जानकारी करने का प्रयास किया गया परन्तु कॉल उठा नहीं और खबर लिखे जाने तक कार्यवाही की जानकारी नहीं मिल सकी।

# महाशिवरात्रि पर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने की हुई बैठक

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़**



शनिवार को आगामी पर्व महाशिवरात्रि को सौहार्दपूर्ण वातावरण में सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र गोण्डा अमित पाठक की अध्यक्षता में जिलाधिकारी बहराइच मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक बहराइच की मौजूदगी में जिला प्रशासन व पुलिस विभाग के साथ समन्वय बैठक की गयी। बैठक में आईजी अमित पाठक ने अवगत कराया गया कि आगामी पर्व महाशिवरात्रि, होलिका दहन, रंगोत्सव व विभिन्न आयोजनों के चलते भारी संख्या श्रद्धालुओं के धार्मिक स्थलों पर आने की संभावना है जिसमें उनके आवागमन को सुगम बनाने तथा सुरक्षा के दृष्टिगत विगत वर्ष की तरह बेहतर सुरक्षा के इंतजाम किये जा रहे हैं। बॉर्डर पर विशेष सतर्कता बरतने, चेकिंग अभियान चलाने, सभी थाना क्षेत्रों में अवैध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने, प्रत्येक धार्मिक स्थलों, भीड़ संभावित क्षेत्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने, सीसीटीवी कैमरे से निगरानी, डीजे संचालकों को विवादित गाने आदि न चलाने के लिए न्यायालय के आदेशों व निर्देशों से अवगत करा जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिये गये हैं तथा भ्रामक खबरों, अफवाहों आदि पर प्रभावी रोकथाम हेतु सोशल मीडिया पर सतर्क दृष्टि रखने हेतु निर्देशित किया गया।

बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक नगर बहराइच, एडीएम बहराइच, समस्त क्षेत्राधिकारी/प्रशासनिक अधिकारी/जनपद के समस्त थाना प्रभारी उपस्थिति रहे। इसी क्रम में पुलिस महानिरीक्षक ने महाशिवरात्रि पर्व पर बेहतर सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत जनपद के महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों यथा पयागपुर क्षेत्र स्थित सिद्धपीठ बाबा बागेश्वरनाथ मंदिर, नगर क्षेत्र स्थित सिद्धनाथ मंदिर व जनपद श्रावस्ती स्थिति विभूतिनाथ मंदिर जहां महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं की ज्यादा भीड़ की संभावना है, का भ्रमण किया गया। भ्रमण कर मंदिर परिसर में स्थानीय संभ्रांतजनों एवम् मंदिर महंथ से वार्ता कर विभिन्न समस्याओं व उनके समाधान पर चर्चा की गयी।

## सुरक्षा व्यवस्था पुलिस की प्राथमिकताः डीआईजी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** महाशिवरात्रि, होली, रमजान, ईद आदि आसन्न त्योहारों के अवसर पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाएं रखने के मद्देनज़र डीआईजी देवीपाटन मण्डल अमित पाठक ने जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह के साथ पुलिस लाईन सभागार में आयोजित बैठक के दौरान सभी सम्बन्धित अधिकारियों को वीडियो कांफ्रेंसिंग में प्राप्त मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों से अवगत कराते हुए बताया कि लॉ एण्ड आर्डर बनाये रखने में सुरक्षा बल या संसाधनों की कमी नही होने दी जायेगी। डीआईजी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि 13 व 14 को होली तथा 14 को रमज़ान का शुक्रवार होने के कारण सभी अधिकारी विशेष सतर्कता बरतेंगे।

डीआईजी पाठक ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि समकक्ष मजिस्ट्रेटों के साथ त्योहारों के पूर्व ही महत्वपूर्ण स्थलों का अनिवार्य रूप से भ्रमण कर क्षेत्रीय संभ्रान्तजनों के साथ समन्वय बनाते हुए क्षेत्र की संवेदनशीलता के अनुसार सूक्ष्म स्तर पर योजना तैयार करें और तद्नुसार कार्यवाही अमल में लायें। पुलिस फोर्स के सभी अधिकारी, कर्मचारी ड्यूटी के दौरान आमजन से शिष्ट व्यवहार करें। क्षेत्र के प्रभावशाली संभ्रान्तजनों के साथ वार्ता कर क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था हेतु माहौल तैयार करें व कम्युनिकेशन के माध्यम से आमजनमानस में शान्ति व्यवस्था के प्रति जागरूकता फैलाये ताकि किसी स्तर पर संवादहीनता जैसी स्थिति उत्पन्न न होने पाये। डीआईजी ने निर्देश दिया कि सभी सम्प्रदाय के धर्मगुरूओं से समन्वय बनाते हुए उनके माध्यम से सौहार्द बनाये रखने की अपील जारी करायी जाये।

# गर्म तेल की कड़ाही में गिरा युवक, पीठ और हाथ झुलसा

- प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने जिला अस्पताल किया रेफर



**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**

जिले के मोतीपुर थाना क्षेत्र के दरोगा पुरवा गांव में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। गोमती की बेटी की शादी में बारातियों के लिए नाश्ता बनाया जा रहा था। इस दौरान उनका बेटा सज्जन पूड़ी तल रहा था। सुबह के समय जब सज्जन पुड़िया निकल रहा था तभी झटका आने से वह गर्म तेल से भरी कढ़ाई के ऊपर गिर गया। इस हादसे में उसकी पीठ और हाथ पूरी तरह झुलस गए। परिवार के लोग तुरंत सज्जन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वर्तमान में सज्जन का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी देते हुए सज्जन की मां गोमती ने बताया कि पूरी छानते समय बिजली का झटका लगने से उनका बेटा गर्म तेल की कढ़ाई पर गिर गया था जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया है।

# डीआईजी ने पौराणिक बागेश्वर नाथ मंदिर का किया दौरा

- शिवरात्रि महापर्व सकुशल निपटने के लिए दिए निर्देश

**पयागपुर,बहराइच समृद्धि न्यूज।**



महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर पुलिस प्रशासनिक व्यवस्था को परखने के लिए डीआईजी रेंज देवीपाटन मंडल अमित पाठक ने शनिवार सुबह पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक आर के श्रीवास्तव, एसडीएम दिनेश कुमार ,पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्षिता तिवारी तथा थानाध्यक्ष करुणाकर पांडेय के साथ क्षेत्र के पौराणिक बाबा नागेश्वरनाथ शिव मंदिर का भ्रमण किया। ज्ञात हो कि आगामी महाशिवरात्रि पर्व 26 फरवरी बुधवार को पड़ रहा है।इस अवसर पर क्षेत्र के गोंडा बहराइच राजमार्ग से 3 किलोमीटर दक्षिण अवस्थित पांडवकालीन शिवमन्दिर बाबा बागेश्वरनाथ ,सोहरियावा स्थित झारखंडेश्वर महादेव और शिवदहा मार्ग पर स्थित सोम नाथ मंदिर सहित अनेक शिवमन्दिरो पर प्रातःकाल से देर शाम तक हजारों श्रद्धालु जलार्पण करते है। इस दिन बाबा बागेश्वर नाथ मंदिर पर विशाल मेले का भी आयोजन होता है।इस महापर्व को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक अमले ने कमर कसना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में शनिवार सुबह डीआईजी रेंज देवीपाटन मंडल अमित पाठक ने पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह,अपर पुलिस अधीक्षक आर के श्रीवास्तव, एसडीएम दिनेश कुमार क्षेत्राधिकारी हर्षिता तिवारी,और थानाध्यक्ष करुणाकर पांडेय के साथ बाबा बागेश्वरनाथ मंदिर का भ्रमण किया।

पाठक द्वारा मंदिर में पूजा अर्चना और जलाभिषेक किया,और मंदिर प्रबंधन के महंत परिवार सरोज भारती,दिनेश भारती और शंकर भारती सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ताओं क्रमशः जिला उपाध्यक्ष भाजपा उमा शंकर तिवारी, ओम प्रकाश मिश्रा समाजसेवी एबी शुक्ला ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ओम प्रकाश हालदार सहित अन्य लोगों से से जानकारी प्राप्त की और पुलिस प्रशासन को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

# ब्लॉक के सभी परिषदीय विद्यालयों में दो चरणों में हुई सुलेख प्रतियोगिता

- एआरपी राजेश कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में प्रतियोगिता आयोजित

**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**



शिक्षा महानिदेशक बेसिक उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार कक्षा 3 से 8 तक के बच्चों के लेखन कौशल को निखारने व उनकी रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह के निर्देशन एवं खंड शिक्षा अधिकारी पयागपुर डाली मिश्रा के मार्गदर्शन में पयागपुर ब्लॉक के सभी परिषदीय विद्यालयों में शनिवार को सुलेख प्रतियोगिता कक्षा 3 से 5 एवं 6 से 8 दो चरणों में कराई गई ततक्रम में उच्च प्राथमिक विद्यालय तिलखावां में प्रधानाध्यापक मार्तण्ड त्रिपाठी एवं श्रीनिवास शुक्ला तथा शिक्षक, समरपाल सिंह अनिल कुमार शर्मा,सतीश पांडेय,दुर्गेश द्विवेदी बृजेश शुक्ला की परीक्षा संपन्न कराने में महत्व भूमिका रही। दो चरणों की यह सुलेख प्रतियोगिता एआरपी राजेश कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व एवं देखरेख में पूर्णरूपेण संपन्न हुई।



## महाकुंभ से आए गंगा जल से कैदियों ने किया स्नान

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिला कारागार में प्रयागराज महाकुंभ से पवित्र गंगा जल लाया गया है। इस गंगा जल का पूजन करने के बाद कैदियों ने इससे अमृत स्नान किया। शहर के पुलिस लाइन में जिला कारागार स्थित है। जेल में बहराइच और श्रावस्ती जिले के कैदी निरुद्ध हैं। जेल में निरुद्ध कैदी प्रयागराज महाकुंभ में भाग नहीं ले पाए हैं।इसको देखते हुए शासन के निर्देश पर जेल अधीक्षक राजेश यादव की ओर से गंगा जल मंगवाया गया। इसके बाद जेल परिसर में बने टैंक में गंगाजल को मंत्रोच्चार के साथ डाला गया। इसके बाद सभी कैदियों ने स्नान किया। जेल अधीक्षक ने बताया कि स्नान करने वाले लोगों को गंगा जल उपलब्ध कराया गया। कैदियों ने स्नान किया।

# मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं सम्पन्न, गैर हाजिर रहे 515 परीक्षार्थी

**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**



जिले में 11 परीक्षा केंद्रों पर चल रही मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं शनिवार को समाप्त हो गई। परीक्षा के अंतिम दिन दोनों पालियों में 515 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। अरबी फारसी मदरसा बोर्ड की मुंशी मौलवी आलिम कामिल और फाजिल की परीक्षा के चौथे दिन की प्रथम पाली में कुल 1535 परीक्षार्थियों को सम्मिलित होना था जिसमें से 1088 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए तथा 447 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे इस प्रकार उपस्थित 71 प्रतिशत परीक्षार्थी उपस्थित रहे 29 प्रतिशत परीक्षार्थी अनुपस्थिति रहे। जबकि द्वितीय पाली में कुल 393 परीक्षार्थियों को सम्मिलित होना था जिसमें से 325 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए तथा 68 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे और इस प्रकार उपस्थिति का प्रतिशत 82.7 एवं अनुपस्थिति का प्रतिशत 17.3 रहा। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय मिश्र ने मदरसा अलमर्कजुल इस्लामी दारुल फिक्र दरगाह रोड़ बहराइच, मदरसा मदरसा जामिया अशरफिया मसूदुल उलूम छोटी तकिया बहराइच, एवं मदरसा जामिया गाजिया फैजुल उलूम बख्शीपुरा बहराइच का औचक निरीक्षण कर बताया कि जनपद के सभी 11 केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं नकल विहीन एवं शांतिपूर्ण वातावरण में आथ सम्पन्न हो गयीं। कहीं से किसी भी प्रकार की गडबडी अभी तक नहीं मिली है। परीक्षा को नकलविहीन बनाने के लिए जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी समेत सभी फ्लाइंग स्क्वायड, सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा स्टैटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर सघन जांच की ।

थाना दिवस

# हरचंदपुर में डीएम-एसपी ने सुनीं लोगों की फरियादें

▶ समस्याओं का करें गुणवत्तापरक निस्तारण: डीएम

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**




जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह के साथ हरचन्दपुर में थाना दिवस के अवसर पर लोगों की फरियाद सुनीं। उनके सामने राजस्व, आपसी रंजिस तथा महिला उत्पीड़न सहित अन्य शिकायते आईं। जिलाधिकारी ने थानाध्यक्ष तथा राजस्व अधिकारियों को इस अवसर पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यदि किसी प्रकरण में जांच आदि की जरूरत हो तो अवश्य करें। समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए और शिकायतों के निस्तारण पेपर पर ही नहीं बल्कि जमीनी स्तर पर भी किया जाये। उन्होंने कहा कि जांच पूरी तरह से निष्पक्ष, निर्भीक, पारदर्शिता व गुणवत्ता के साथ करे। दोषियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में कठोर कार्यवाही करें। जिलाधिकारी ने राजस्व से संबंधित प्रकरणों के निस्तारण में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम बनाकर समस्याओं को निस्तारित कराने का निर्देश दिया।

उन्होंने थाना दिवस रजिस्टर और भूमि विवाद रजिस्टर को भी देखा। कहा कि रजिस्टर में दर्ज विवादो को जल्द से जल्द निस्तारित कराया जाए। इस अवसर पर तहसीलदार सदर प्रज्ञा द्विवेदी सहित पुलिस विभाग के साथ राजस्व विभाग के कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# त्यौहारों को लेकर अधिकारियों ने की जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



आगामी त्योहारों को देखते हुए कोतवाली परिसर में एसडीएम की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई ।जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करते हुए एसडीएम सचिन यादव ने कहा आने वाले समय में महाशिवरात्रि एवं होली का पर्व पडने वाला है अतः आप सभी शांतिपूर्वक महाशिवरात्रि और होली मनाएं। होली उसी स्थान पर लगायेंगे अन्य नए स्थान पर होली लगाने के लिए परमिशन लेना होगा और किसी प्रकार की हुडदगाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी कहीं पर भी अगर किसी को कोई दिक्कत होती है तो वह एसडीएम तहसीलदार कोतवाल के नंबरों पर संपर्क करके अपनी समस्या बता सकता है। और कहीं पर भी अराजकता अगर उसको दिखाई पड़ती है तो तुरंत प्रशासन को सूचना दे। इस मौके पर तहसीलदार मंजुला मिश्रा कोतवाल जगदीश यादव जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रभात साहू चौकी इंचार्ज चंद्रपुर रवि पवार सचिन सिंह दिनेश गोस्वामी अजी जिया उल हक प्रधान अशर्फाबाद ऋषि सिंह खैरहना प्रधान राजू प्रधान सुनील मौर्य सलेथू प्रधान प्रतिनिधि आर पी साहू डोमापुर प्रधान राजकुमार कुशमहुरा प्रधान रमेश मौर्य मोन प्रधान प्रतिनिधि अमरेश जनई प्रधान प्रतिनिधि जीत बहादुर सभासद रामकुमार यादव अलीम सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### ब्राइट कैरियर पब्लिक स्कूल में वर्ड्स कंपटीशन प्रतियोगिता का आयोजन

**सरेनी (रायबरेली), समृद्धि न्यूज़।** शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिष्ठित संस्थान ब्राइट कैरियर पब्लिक स्कूल सरेनी में आयोजित वर्ड्स कंपटीशन प्रतियोगिता में बच्चों का प्रदर्शन बहुत ही शानदार रहा। बच्चों की बौद्धिक क्षमता को डेवलप करने एवं उनमें प्रतिष्पर्धा की भावना को विकसित करने के उद्देश्य से इस प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय में किया जाता है। प्रधानाचार्य गौरव कुमार तिवारी ने बताया कि वर्तमान सत्र में वर्ड्स कंपटीशन में प्रतिभाग दो ग्रुप्स ने किया है, सुभाष ग्रुप तथा लक्ष्मीबाई ग्रुप। प्रत्येक ग्रुप में दो-दो टीमें हैं। सुभाष ग्रुप में टीम ए और टीम बी के बीच कांटे की टक्कर जारी है इसके बावजूद पॉइंट्स के लिहाज से कोई भी टीम अभी अपना खाता खोलने में कामयाब नहीं हो सकी। लक्ष्मीबाई ग्रुप में टीम बी अपनी प्रतिद्वंदी टीम ए के ऊपर 7 पॉइंट्स से बढ़त हासिल कर अपना दबदबा बना चुकी है। सुभाष ग्रुप में सृष्टि तिवारी व अंशिका द्विवेदी एवं लक्ष्मीबाई ग्रुप में पल्लवी सिंह व रिया पटेल क्रमशः टीम ए तथा टीम बी की लीडर हैं जो अपनी-2 टीम को जीत दिलाने हेतु अत्यधिक प्रयत्नशील हैं। स्कूल प्रबंधक अनूप तिवारी ने अपने संबोधन में सभी टीमों को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा सबसे अधिक पावरफुल हथियार है जो मानव जीवन में अत्यंत उपयोगी है।

### बोर्ड ड्यूटी ज्वाइन करने जा रही अध्यापिका बाइक से गिरकर गंभीर रूप से हुई घायल, ट्रामा सेंटर रेफर

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत थुलेडी पहनासा मार्ग पर अपने साथी अध्यापक के साथ अपनी बोर्ड ड्यूटी ज्वाइन करने जा रही अध्यापिका बाइक से गिरकर गंभीर रूप से हुई घायल, साथी अध्यापकों के द्वारा एंबुलेंस से उन्हें पहुंचाया गया अस्पताल, प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर होने पर ट्रामा सेंटर किया गया रेफर। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की थुलेडी प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापिका के पद पर तैनात कमरू निशा पत्नी आरिफ अली निवासी बैरी सालपुर थाना निगोहा स्थानीय विद्यालय में ही तैनात अपने साथी सहायक अध्यापक रविंद्र कुमार दिवाकर के साथ बाइक से थाना क्षेत्र के पहनासा गांव में स्थित सरयू देवी इंटर कॉलेज में बोर्ड परीक्षा में ड्यूटी ज्वाइन करने जा रही थी। वह जैसे ही पहनासा गांव के निकट पहुंची तभी मार्ग पर एक गहरा गड्ढा होने के चलते उनकी बाइक का पहिया उसमें कूद गया। जिससे बाइक पर बैठी अध्यापिका सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। साथ में मौजूद अन्य साथी अध्यापकों के द्वारा तत्काल सूचना एंबुलेंस को दी गई। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस के द्वारा घायल अवस्था में घायल अध्यापिका को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया। जहां मौजूद चिकित्सक गणनायक पांडे के द्वारा प्राथमिक उपचार करने के पश्चात अध्यापिका की हालत को गंभीर देखते हुए उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर दिया गया है।

### अस्पताल परिसर में बेहोश मिला आस्ट्रेलिया का युवक




**रायबरेली।** शनिवार को जिला अस्पताल परिसर में एक विदेशी युवक बेहोशी की हालत में मिला। उसके हाथों और पैरों पर चोटों के निशान पाए गए हैं। युवक प्रयागराज महाकुंभ में संगम स्नान करने के बाद लौट रहा था।जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ प्रदीप अग्रवाल ने बताया कि युवक का नाम अरविंदम गिरी है। वह ऑस्ट्रेलिया का रहने वाला है। फिलहाल, उसका इलाज चल रहा है। युवक को भर्ती करने वाले अतुल जैन ने बताया कि डॉक्टर के के लाल के ओपीडी के बाहर यह युवक पड़ा था जिसको लेकर इमरजेंसी में भर्ती कराया गया। वहीं ईमओ डॉ. रोशन पटेल ने बताया कि महाकुंभ से लौटे युवक का अरविंद गिरी नाम है जो बेहोशी की हालत में इमरजेंसी भर्ती कर दिया गया है इलाज किया जा रहा है। युवक का मोबाइल फोन भी गायब है। सीओ सिटी अमित सिंह ने बताया कि युवक को सुरक्षित उसके घर भेजा जाएगा।

### सरेनी सीएचसी में हुआ एक्सरे मशीन का शुभारंभ



**सरेनी रायबरेली।** सीएचसी में जिलापंचायत सदस्य प्रिया सिंह ने सरेनी सीएचसी अधीक्षक राजेश गौतम के साथ एक्सरे मशीन का उद्घघाटन किया। सरेनी में अब एक्सरे की सुविधा उपलब्ध होने से रोगियों को बहुत बड़ी राहत मिली है अब रोगियों को जिला मुख्यालय के चक्कर लगाने नही पड़ेंगे। इसी के साथ जिला पंचायत सदस्य ने अस्पताल का निरीक्षण भी किया एवम मरीजों को फल वितरित किया। इस मौके पर डाक्टर शुभम सिंह, डाक्टर विनोद सिंह, जिला मुख्यालय सदस्य प्रतिनिधि प्रभात सिंह त्रिलोकचंदी, गोविंद शुक्ला, सोमेश सिंह, विनोद निर्मल, साधना सिंह, ममता आदि समस्त अस्पताल स्टाप एवम मरीज उपस्थित रहे।

### थाना दिवस पर आई 11 शिकायतें एक हुआ निस्तारण



**महराजगंज, रायबरेली।** कोतवाली परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता तहसीलदार मंजुला मिश्रा द्वारा की गई थाना दिवस पर कुल 11 शिकायती पत्र आए जिसमें से एक शिकायती पत्र का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। अन्य शिकायती पत्रों को जल्द से जल्द निस्तारण की बात अधिकारियों द्वारा कही गई। राजस्व विभाग पांच पुलिस विभाग की 6 शिकायतें थाना दिवस पर आई इस मौके पर लेखपाल कानून को सहित कोतवाली के दरोगा एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### दिव्यांग बच्चों की समावेशी शिक्षा हेतु नोडल शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**उतरौला (बलरामपुर)।** समेकित शिक्षा के तहत दिव्यांग बच्चों को मुख्यधारा की शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से ब्लॉक संसाधन केंद्र गैंड़ास बुजुर्ग में आयोजित पांच दिवसीय नोडल शिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यशाला शुक्रवार को संपन्न हो गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को समावेशी शिक्षा की नई तकनीकों और शिक्षण विधियों से अवगत कराना था, जिससे वे दिव्यांग बच्चों की शिक्षा को और अधिक प्रभावी बना सकें। खंड शिक्षा अधिकारी विनय कुमार ने बताया कि इस प्रशिक्षण में होम बेस्ड एजुकेशन, समर्थ मोबाइल पोर्टल, दिव्यांग बच्चों की शिक्षा सूचना एवं संप्रेषण तकनीक, विद्यालय सुगमता सर्वेक्षण, श्रवण बाधित बच्चों के लिए साइन लैंग्वेज, दृष्टिबाधित बच्चों के लिए ब्रेल लिपि, दिव्यांग बच्चों के लिए शिक्षण अधिगम सामग्री और अभिभावक परामर्श जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण शिक्षकों को विशेष रूप से दिव्यांग छात्रों की जरूरतों को समझने और उनके समग्र विकास के लिए प्रभावी शिक्षण पद्धतियों को अपनाने में मदद करेगा। प्रशिक्षकों ने विभिन्न व्यावहारिक उदाहरणों और गतिविधियों के माध्यम से शिक्षकों को यह सिखाया कि कैसे वे दिव्यांग बच्चों को बेहतर तरीके से शिक्षित कर सकते हैं और उनके आत्मविश्वास को बढ़ा सकते हैं। इस कार्यशाला में प्रमुख रूप से राम गोपाल शुक्ला, वैभव शुक्ला, रणधीर मिश्रा, तरुण कुमार मिश्र, देवेंद्र पाठक, सीमा यादव समेत अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। समापन अवसर पर शिक्षकों ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए कहा कि इस कार्यशाला से मिली नई जानकारियां उन्हें अपने विद्यालयों में दिव्यांग छात्रों को बेहतर तरीके से पढ़ाने और उनके उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करने में सहायक सिद्ध होंगी।

## शासन की मंशा पर खरा उतरा विद्यालय, फिर बना सेन्टर

**महराजगंज रायबरेली।** स्वामी दयानंद पब्लिक स्कूल इंटरमीडिएट कॉलेज घूराडीह दुसौती अमावा मे अबकी बार भी शासन द्वारा विधालय को यूपी बोर्ड का सेन्टर बनाया गया है जिसमें सैकड़ो बच्चे हाई स्कूल और इंटर की परीक्षा देंगे। जानकारी देते हुए विद्यालय प्रबंधक सत्येंद्र सिंह ने बताया कि पिछले कई वर्षो से हमारे विद्यालय को शासन द्वारा केंद्र बनाया जाता है और हम सभी शासन के मंशा अनुसार कार्य करते हैं और शासन के विश्वास पर हमेशा हमारा विद्यालय खरा उतरा है तथा कई वर्षों से लगातार हाई स्कूल और इंटर के छात्र-छात्राएं हमारे विद्यालय परीक्षा देते हैं अबकी बार भी विद्यालय में केंद्र बनाया गया है जिसमें हाई स्कूल और इंटर के छात्र-छात्राएं परीक्षाएं देंगे।

# करोड़ों रुपया लेकर कंपनी भागी, लोगों ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**




सैकड़ों आम लोगों की गाढ़ी कमाई की जमापूंजी को जमा करके एक सोसायटी द्वारा करोड़ों रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। आज जिलाधिकारी कार्यालय पर हाथ में बैनर लेकर पहुंचे पीड़ितों ने प्रदर्शन किया। एल यू सी सी सोसाइटी में कई योजनाओं के तहत जमाकर्ताओं द्वारा करोड रुपए जमा किए थे। जनपद के लगभग 20 से 22 हजार से अधिक लोग इस सोसायटी का शिकार हुए हैं। जिनसे 50 करोड़ रुपए की ठगी हुई है। ठगी पीड़ितों की आवाज बैनर तले यह प्रदर्शन किया गया है। जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर जमा की गई राशि भुगतान कराई जाने की मांग की गई है।

**ठगी पीड़ितों की आवाज बैनर तले किया गया प्रदर्शन:** सोसायटी में काम करने वाली सलोन निवासी बिमला ने बताया कि हम रोजी-रोटी के तलाश में एल यू सी सी सोसायटी में काम करने लगे। 2018 में उन्होंने काम करना शुरू किया। यह सोसाइटी 2016 से चल रही थी। मैंने अपने कोड से 70 लाख रुपए सोसाइटी में जमा करवाए थे। सोसायटी ने जनपद से लगभग 50 करोड रुपए का निवेश करवाया है। अचानक 28 नवंबर 2024 को यह सोसायटी ऊपर से ब्लॉक कर दी गई। धीरे-धीरे देखा गया कि जितने भी सुविधा केंद्र व अन्य जनपदों के जो ऑफिस थे वहाँ ताला लग गया। अपर कार्यकर्ता भी गायब हो गए। जब हम लोगों ने आवाज उठाई तो कुछ लोग पकड़े गए। हम लोगों की मांग है कि जितना भी पब्लिक का पैसा जमा किया है ब्याज सहित दिलाया जाए। ताकि हम लोगों को राहत मिल सके।

**8 से 9 सालों में लगभग 20 से 22 हजार लोग 50 करोड़ रुपये से अधिक कर चुके है जमा:** वही एक अन्य बकाया कर्ता बृजेश कुमार ने बताया कि नवंबर से एल यू सी सी का जो सिस्टम था वह बंद हो गया है। जिसके कारण लेनदेन करने में सुविधा हो रही है। लोगों को सुविधा नहीं मिल रही हैं। सोसायटी द्वारा जितनी भी योजना थी वह सब यहां मिल रही थी। अब स्थिति है कि जिन लोगों की मैच्योरिटी पूरे होने वाली है वह पैसा मांग रहे हैं। लेकिन सोसायटी के द्वारा यह भुगतान नहीं किया जा रहा है। हम शासन मांग करते हैं कि इनका भुगतान हो। उन्होंने बताया कि रायबरेली के हर ब्लॉक पर यहां सुविधा केंद्र खुले हुए थे। लगभग 600 से अधिक कार्यकर्ता इसमें काम करते थे। लगभग 8 से 9 सालों में लगभग 20 से 22000 लोग पैसा जमा कर चुके हैं। जोकि 50 करोड़ से अधिक है। अब इनके एटीएम भी ब्लॉक हो गए हैं। लेनदेन नहीं हो रही है । जो भी नियम है उसके तहत सभी लोगों का पैसा वापस दिलाया जाए ताकि हम लोगों को जो दिक्कत हो रहे हैं उस से निजात मिल सके। हम कार्यकर्ता हैं। हमारे निवेदक हमसे पैसा मांग रहे हैं।

# अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में दो की दर्दनाक मौत

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**




सड़कों पर यमराज बनाकर दौड़ रहे डंपर की चपेट में आने से दो परिवारों की खुशियां मातम में बदल गई क्षेत्र में ओवरलोड अनियंत्रित भारी वाहनों की अधिकता से कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं जिसमें कई लोगों की जान चली गई है सड़कों पर ट्रक ड्राइवरों की लापरवाही एवं अनियंत्रित गति से दौड़ रहे डायनासोर नुमा ट्रक डंपर एवं भारी वाहनों से लोगों को भय लगने लगा है जिसके चलते लोगों में दशक बनी हुई है शनिवार डलमऊ क्षेत्र के लिए काला दिन की तरह रहा जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल फैल गया एक ही दिन में दो सड़क दुर्घटनाओं ने दो परिवारों की खुशियां छीन ली।

पहली घटना डलमऊ कस्बे के रायबरेली-डलमऊ मार्ग पर मुराई बाग रेलवे क्रॉसिंग के पास की है शनिवार को नसीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम मौजमगंज निवासनी अतरून निशा 50 वर्ष पत्नी नियाज बीते 20 फरवरी को डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नरसवां में अपनी भतीजी अनीशा बानो की शादी में शामिल होने आई थी। शनिवार को सुबह करीब 11 बजे बाइक से अपने भतीजे रेहान के साथ बाइक से लालगंज थाना क्षेत्र के बहाई गांव में रिश्तेदार के यहां जा रही थी। इसी दौरान मुराई बाग कस्बे मे रेलवे क्रॉसिंग के पास गंगा एक्सप्रेसवे में मिट्टी ढो रहे एक डंपर चालक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वाहन समेत चालक को मौके पर गिरफ्तार कर लिया है वही शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है।

वही दूसरी घटना डलमऊ कोतवाली मे कौशांबी जिले के ग्राम चकनारा मजरे मंझनपुर निवासी बंटा माली (साधु बाबा) 65 वर्ष पुत्र बचान अपनी बाइक से मुराई बाग से फतेहपुर की तरफ जा रहे थे। तभी नेवाजगंज गाव के पास डलमऊ फ़तेहपुर मार्ग पर पचायत सचिवालय के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने रौंद दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी पवन कुमार सोनकर ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक महिला के भतीजे रेहान अहमद पुत्र यूनुस की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है। वही मृतक साधु की तरफ से अभी तक परिजनों ने तहरी नहीं दी है तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

# अवैध कब्जाकारियों के आगे नतमस्तक तहसील प्रशासन सलोन

▶ बेदखली सहित जुर्माना के आदेश, कार्रवाई शून्य

**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



जहा एक तरफ योगी सरकार भू-माफियाओं व अवैध कब्जे कारियों पर शिकंजा कसने व कार्रवाई के निर्देश दे रखा वही जिम्मेदार अधिकारी खाऊ कमाऊ नीति के चलते कार्यवाही करना उचित नहीं समझ रहे हैं। मामला रायबरेली के तहसील सलोन के जमुरवा खुर्द गांव का है उपरोक्त गांव निवासी दिलीप सिंह पुत्र राकेश सिंह ने उप जिलाधिकारी सलोन को पत्र देकर कार्रवाई की मांग उठाई है। आरोप है कि गांव के सुधांशु सिंह पुत्र भगवत सिंह आदि लोगों ने सरकारी अभिलेखों में दर्ज खाद गढ्ढा की जमीन पर चारों तरफ से बाउंड्री वॉल कर कब्जा कर लिया है। पूर्व में की गई शिकायत व जांच में तहसीलदार की कोर्ट से जुर्माना व बेदखली का आदेश पारित हुआ था लेकिन कब्जा कारियों ने यह दांव खेलकर आवेदन पत्र दाखिल कर कार्रवाई लटकवा दी कि उपरोक्त आदेश पर उनका पक्ष नहीं सुना गया। तहसीलदार कोर्ट ने कब्जा कारियों को मौका दिया लेकिन आरोप है कि कब्जाकारी न तो हाजिर हुए न अपना पक्ष रखा। पुनः तहसीलदार कोर्ट ने वही आदेश पारित किया लेकिन अभी तक उपरोक्त जमीन अवमुक्त नहीं हो पाई है।

# प्रदेश सरकार का बजट विकास को नई गति प्रदान करेगा: जिला मंत्री सुमित सिंह



**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा बलरामपुर के जिला मंत्री सुमित सिंह ने प्रेस वार्ता में कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष बजट में स्वास्थ्य, शिक्षा और किसानों के कल्याण पर विशेष ध्यान दिया गया है। किसानों के लिए प्रधानमंत्री जनधन योजना की घोषणा की गई है, जिससे 1.75 करोड़ किसानों को लाभ होगा। किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दी गई है।

वहीं बलरामपुर जनपद को स्वशासी अटल चिकित्सा महाविद्यालय के लिए 25 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। मेडिकल कॉलेज का भवन तैयार है। अब चिकित्सा आवास व छात्रावास का निर्माण तेजी से होगा। इसका लाभ आमजन को मिलेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत 1200 करोड़ पीएम आवास योजना ग्रामीण में आगामी वित्तीय वर्ष के लिए 4882 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है।इससे बेघर को अपनी छत मिलना आसान होगा। युवाओं के रोजगार परक प्रशिक्षण को बढ़ाया दिया जाएगा। मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना से अप्रेन्टसशिप के जरिए यह युवाओं के भत्ते संग प्रशिक्षण दिया जाएगा। छात्राओं को रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना से स्कूटी देने की योजना सराहनीय है। मिशन शक्ति का पांचवा चरण चल रहा है। प्रदेश में महिला स्वामित्व वाली प्रोड्यूसर कंपनियों के गठन के लिए महिला सामर्थ्य योजना संचालित है। बजट से आधी आबादी को सम्ब्ल मिलेगा। नहरों एवं सरकारी नलकूपों से मुक्त पानी के लिए 1300 करोड़ की व्यवस्था की गई है। निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए अटल आवाशीय विद्यालयों की क्षमता बढ़ाकर 1000 छात्र प्रति विद्यालय किया जाने का प्रस्ताव है। युवाओं के लिए लागू की गई मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना बहुत ही अच्छी है।

# नवनिर्मित राजकीय इंटर कॉलेज में शैक्षिक सत्र शुरू कराने व चौकीदार नियुक्ति की मांग

▶ शैक्षिक सत्र संचालन में देरी से छात्रों का भविष्य अधर में: चौधरी इरशाद अहमद गद्दी

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**



तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत लपेड़रिया मिर्जापुर में प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के तहत निर्मित राजकीय इंटर कॉलेज में अब तक शैक्षिक सत्र की शुरुआत न होने और भवन की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई गई है। लोकतंत्र सेनानी चौधरी इरशाद अहमद गद्दी ने जिलाधिकारी को पत्र देकर कॉलेज में शीघ्र शैक्षिक सत्र शुरू कराने और भवन की सुरक्षा के लिए चौकीदार की नियुक्ति किए जाने की मांग की है। चौधरी इरशाद अहमद गद्दी ने बताया कि राजकीय इंटर कॉलेज का निर्माण पूर्ण हो चुका है, लेकिन अब तक यहां शैक्षिक सत्र का संचालन शुरू नहीं हुआ है। इस संदर्भ में 11 फरवरी को संयुक्त शिक्षा निदेशक, देवीपाटन मंडल को भी ज्ञापन सौंपा गया था, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। कॉलेज में पढ़ाई न शुरू होने से क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए अन्य स्थानों पर जाना पड़ रहा है, जिससे उन्हें कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। चौधरी इरशाद अहमद गद्दी ने यह भी बताया कि कॉलेज भवन का देखभाल और रखरखाव न होने के कारण वहां तोड़फोड़ और उपकरणों की चोरी की आशंका बनी हुई है। यदि जल्द ही किसी चौकीदार की नियुक्ति नहीं की गई तो करोड़ों रुपए की लागत से बना यह भवन क्षतिग्रस्त हो सकता है। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक मृदुल आनंद पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि डीआईओएस इस मामले में पूरी तरह से उदासीन हैं और किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। लोकतंत्र सेनानी ने जिलाधिकारी से डीआईओएस की लापरवाही को लेकर भी जांच की मांग की है।

# नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप चंद गुप्ता ने किया बाबू मेवालाल फल मंडी यार्ड का उद्घाटन

▶ फल व्यापारियों को मिली राहत

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**



उतरौला में नव निर्मित बाबू मेवालाल फल मंडी यार्ड का शुभारंभ शनिवार को चेयरमैन प्रतिनिधि अनूप चंद्र गुप्ता ने फीता काटकर किया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि महिपाल चौधरी, समाजसेवी और सपा नेता डॉ. एहसान खान विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम में फल मंडी के अध्यक्ष जाकिर अली शाह, मंडी प्रबंधक अलाउद्दीन अंसारी, प्रदीप गुप्ता, जाबिर अली, और कोषाध्यक्ष फरमान अली ने अतिथियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

मुख्य अतिथि अनूप चंद्र गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि बाबू मेवालाल फल मंडी के खुलने से फल आढ़तियों को अब बहुत सी परेशानियों से निजात मिल गई है। इससे फल कारोबार में भी वृद्धि की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि फल व्यापारियों की लंबे समय से यह मांग थी कि उतरौला में फल मंडी स्थापित की जाए। यह सफलता फल आढ़तियों और स्वर्गीय बाबू मेवाराम के पुत्र प्रदीप गुप्ता के आपसी सहयोग और सामंजस्य से संभव हो पाई। उन्होंने कहा कि फल मंडी के विकास के लिए आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला अध्यक्ष सविता गुप्ता दृढ़ संकल्पित हैं और मंडी के कायाकल्प में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी।

विशिष्ट अतिथि डॉ. एहसान खान ने अपने संबोधन में कहा कि शहर के मुख्य बाजार में निजी दुकानों में संचालित थोक फल मंडियों से यातायात और अव्यवस्था का सामना करना पड़ता था, जिसके कारण आए दिन जाम लगता था और लोग परेशान रहते थे। अब फल मंडी यार्ड के मुख्य बाजार से बाहर स्थित होने से फल आढ़तियों और स्थानीय लोगों को राहत मिलेगी। उन्होंने अनूप चंद्र गुप्ता से फल मंडी में सड़क, प्लेटफार्म, कैंटीन, पेयजल और हाई मास्ट लाइट की व्यवस्था कराने का अनुरोध किया।

फल मंडी के अध्यक्ष जाकिर अली शाह ने कहा कि पहले फल आढ़तियों के विरोधी परिस्थितियों का सामना करना पड़ता था, खासकर बड़े वाहनों के मार्ग में रुकावट डालने से जाम की समस्या पैदा होती थी। अब बाबू मेवाराम फल मंडी के उद्घाटन से आढ़तियों को राहत मिली है। प्रदीप गुप्ता ने भी बताया कि यह फल मंडी आढ़तियों और व्यापारियों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि इससे न सिर्फ उन्हें राहत मिलेगी बल्कि व्यापार भी बढ़ेगा।

मंडी प्रबंधक अलाउद्दीन अंसारी और जाबिर अली ने मंडी के संचालन के बाद आढ़तियों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस कदम से व्यापार में वृद्धि होगी और आढ़तियों को बेहतर कामकाजी वातावरण मिलेगा।


कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी ऐमन रिज़्वी ने किया। इस दौरान आबिद अली शाह, मुबारक अली, सज्जाद अली, रमजान अंसारी, शाबान अंसारी, राजा अंसारी, जिलानी राईनी, तव्वाब अंसारी, सलमान खान, शहजाद खान, भोला शाह, पप्पू, टनटन अंसारी, शकील खान, निजामुद्दीन अंसारी, अखिल श्रीवास्तव, और शायर शुजा उतरौलवी समेत बड़ी संख्या में फल थोक विक्रेता, आढ़ती और अन्य लोग मौजूद रहे। फल मंडी यार्ड का उद्घाटन व्यापारियों और स्थानीय निवासियों के लिए एक बड़ी राहत लेकर आया है। यह कदम उतरौला के व्यापारिक माहौल को और अधिक सशक्त बनाएगा और आने वाले समय में इसके सकारात्मक प्रभावों की उम्मीद जताई जा रही है।

## चुनौतियां हैं अपार

रेखा गुप्ता बेशक दिल्ली की मुख्यमंत्री बन गई हैं, लेकिन बीजेपी का एक अतीत उनको आने वाले समय में बेचैन किए रहेगा, जो दिल्ली में बीजेपी के तकरीबन सभी मुख्यमंत्रियों के साथ रहा है। चाहे वह दिल्ली में पहली बार कमल खिलाकर मुख्यमंत्री बने मदनलाल खुराना रहे हों या बीजेपी के दूसरे मुख्यमंत्री रहे साहिब सिंह वर्मा अथवा तीसरी मुख्यमंत्री बनी सुषमा स्वराज, कोई भी उस अभिशाप से बच नहीं पाया। मतलब दिल्ली में बीजेपी का अब तक का कोई भी मुख्यमंत्री पांच साल का अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाया। ऐसे में दिल्ली की नई मुख्यमंत्री क्या बीजेपी के उस मिथक को तोड़ पाएंगी? कुछ कहना अभी जल्दबाजी होगी। फिलहाल नई मुख्यमंत्री के सामने दिल्ली वासियों के लिए अभी चुनावी घोषणा पत्र में किए गए वायदों और आम आदमी पार्टी सरकार में मृतप्राय पड़ी योजनाओं में जान फूंकने की चुनौती है। देश की राजधानी होने के नाते वैसे भी दिल्ली पर दुनिया भर की नजरें होती हैं। ऐसे में रेखा गुप्ता के लिए दिल्ली का ताज इतना आसान नहीं होगा, बल्कि उनके समक्ष कई चुनौतियां होंगी। जिनका उन्हें आगामी समय में सामना करना होगा। सबसे पहले तो दिल्ली में बेहतर प्रशासन, स्वच्छ पेयजल देने की चुनौती है। समाजसेवी अन्ना हजारे के दिल्ली आंदोलन से पैदा हुई आम आदमी पार्टी की दिल्ली की सत्ता पर काबिज होने के बाद अब वहां वह पहली बार विपक्ष में आई है। इसलिए रेखा गुप्ता के सामने एक मजबूत विपक्ष की चुनौती भी है। रेखा गुप्ता दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री हैं, उनसे पहले भाजपा से सुषमा स्वराज, कांग्रेस से शीला दीक्षित और आम आदमी पार्टी से आतिशी इस पद पर रह चुकी हैं। रेखा गुप्ता ने हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में शालीमारबाग सीट से आम आदमी पार्टी की वंदना कुमारी को करीब 30000 वोट से हराकर जीत पक्की की हैं। चुनाव के बाद दिल्ली में मुख्यमंत्री पद की दौड़ में प्रवेश वर्मा, विजेंद्र गुप्ता, अजय महावर और रेखा गुप्ता समेत पार्टी के कुछ और वरिष्ठ नेताओं का नाम चल रहा था, लेकिन आखिरकार इस रेस में रेखा गुप्ता विजई हुईं। रेखा गुप्ता मूल रूप से हरियाणा की रहने वाली हैं और वह वैश्य समुदाय से आती हैं। जाहिर है वह पहलू भी उनके पक्ष में गए और उन्हें मुख्यमंत्री के लिए चुना गया। वास्तव में बीजेपी ने इस बार से आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल की राजनीति को एक घेरे में बांध दिया, क्योंकि वह हरियाणा की पृष्ठभूमि लेकर वैश्य वर्ग को अक्सर अपनी ओर आकर्षित करते थे, बीजेपी ने उसे पलट दिया है। बीजेपी ने एक तीर से तीन निशाने लगाए हैं, जो कहना गलत नहीं होगा। दरअसल बीजेपी ने रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाकर महिला वर्ग, वैश्य समुदाय और संघ तीनों को साधने का प्रयास किया है। जाहिर है बिहार और पश्चिम बंगाल चुनाव में बीजेपी कहीं न कहीं महिलाओं को साधने के लिए इनका उपयोग करेगी। बीजेपी ने इससे देश में जातीय समीकरण में संतुलन और हर वर्ग से प्रतिनिधित्व देने की कोशिश की है। राजस्थान और महाराष्ट्र में ब्राह्मण मुख्यमंत्री हैं तो उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में क्षत्रिय समाज से और मध्य प्रदेश एवं हरियाणा में अन्य पिछड़े वर्ग से आने वाले मुख्यमंत्री बनाए गए हैं, जबकि उड़ीसा और छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री आदिवासी वर्ग से बनाए गए हैं। ऐसे में वैश्य वर्ग से महिला मुख्यमंत्री बनाकर सबका साथ लेकर चलने की मनसा दिखाई गई है। फ़िलहाल दिल्ली की नई मुख्यमंत्री के सामने भले ही राजनीतिक चुनौतियां नजर नहीं आ रही हों, लेकिन उन्हें राजधानी में बेहतरीन गवर्नेंस देना होगा। देश की राजधानी को साफ पानी की कमी, ध्वनि एवं वायु प्रदूषण और बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी और कानून व्यवस्था की मोर्चे पर जूझ रही है, लेकिन दिल्ली में अब डबल इंजन की सरकार हो गई है। ऐसे में रेखा गुप्ता के लिए चुनौतियों से निपटना कठिन भी नहीं हो सकता।

# अभद्र कंटेंट की संभावना का संज्ञान लेकर सख्त कार्रवाई जरूरी

*एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी*



वैश्विक स्तरपर डिजिटल इलेक्ट्रॉनिक सोशल मीडिया की अति तीव्र गति से प्रगति हुई है। एक ओर जहां हमें अनेक लाभ मिल रहे हैं, तो उनके साइड इफेक्ट्स भी हमें देखने को मिल रहे हैं। हम व्हाट्सएप फेसबुक इंस्टाग्राम, टेलीग्राम ओटीटी इत्यादि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हमें कई अश्लील फोटो व कंटेंट पोस्ट करने व देखने को प्रचलन बढ़ सा गया है। व्हाट्सएप ग्रुप में अगर कोई जानकारी पढ़ा लिखा, कानूनविद वकील सीए या लोकतंत्र के चौथे स्तंभ यानी मीडिया से जुड़ा व्यक्ति है तो ग्रुप एडमिन उसे रिमूव भी कर देता है, जिसका जीता जाता उदाहरण मैं हूं, मुझे एक व्हाट्सएप ग्रुप जिसमें अभद्रता कंटेंट्स का चलन अधिक था उसमें से मुझे रिमूव किया गया क्योंकि उनकी पोलपट्टी का मैं साक्षात गवाह बन रहा था। किसी केकेटी नामक खैराती एडमिन ने मुझे रिमूव किया है जो मीडिया जगत के लिए अपमान वाली बात है, जिसे रेखांकित करना जरूरी। हालांकि इन अश्लील कंटेंट्स को नियंत्रित करनेके लिए एमआईबी द्वारा अनेकों बार समय समय पर अनेकों दिशानिर्देश जारी किए जाते हैं। आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि दिनांक 20 फरवरी 2025 को केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्रालय (एमआईबी) ने एक नई एडवाइजरी जारी की है जिसका पालन नहीं करने पर या नियमों का उल्लंघन कर नियम तोड़ने वाले को जेल की हवा खानी पड़ सकती है, चूँकि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर व्हाट्सएप ग्रुप बनाने का प्रचलन बड़ा है, अतः चार कानूनों के अंतर्गत सख्ती से कार्यवाही ज़रूरी है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, सीक्रेट कैमरों से श्रद्धालु महिलाओं की निजता हनन, इलाहाबादिया, व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्ट्राग्राम पर अभद्र कंटेंट का संभाव्य संज्ञान को लेकर लेकर सख्त कार्रवाई जरूरी।
साथियों बात अगर हम केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्रालय द्वारा जारी नई गाइडलाइंस की करें तो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय (एमआईबी) ओटीटी जिसमें अवैध और प्रतिबंधित कंटेंट से बचने, उम्र-आधारित वर्गीकरण लागू करने और वयस्क सामग्री के लिए एक्सेस कंट्रोल मैकेनिज्म को अनिवार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।यह एडवाइजरी ऐसे समय में आईहै जब डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अश्लील और आपत्तिजनक कंटेंट को लेकर विवाद बढ़ रहे हैं, हाल ही में यूट्यूबर रणवीर अल्लाहबादिया की एक डिजिटल शो में की गई भद्दी टिप्पणी को लेकर भी काफी हंगामा हुआ था। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि ओटीटी प्लेटफॉर्म्स को भारतीय कानूनों और आईटी नियम , 2021(इंटरमीडिअरी गाइडलाइंस एंड डिजिटल मीडिया एथिक्स कोड) के तहत बनाए गए 'कोड ऑफ एथिक्स' का सख्ती से पालन करना होगा। यदि कोई प्लेटफॉर्म इन नियमों का उल्लंघन करता है तो इन कानूनों के तहत कार्रवाई की जाएगी, यहां तक कि जेल की रोटी भी तोड़नी पड़ सकती हैं (1) महिला अश्लील प्रतिनिधित्व (निषेध) अधिनियम, 1986 भारतीय न्याय संहिता, 2023 (2) बाल यौन शोषण से सुरक्षा (पॉकसो) अधिनियम (3) सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम, 2000 ड्रग्स और साइकोट्रॉपिक पदार्थों के प्रचार पर रोक (4) ओटीटी प्लेटफॉर्म्स को नशीले पदार्थों और साइकोट्रॉपिक ड्रग्स के उपयोग को बढ़ावा देने या उसे ग्लैमराइज़ करने से बचने के निर्देश दिए गए हैं। ओटीटी प्लेटफॉर्म्स के लिए मुख्य डिजाइन दिशा निर्देश, (1) ड्रग्स के चित्रण पर उच्च श्रेणीकरण : यदि किसी कंटेंट में नशीले पदार्थों या खतरनाक व्यवहार को दिखाया गया है, जिससे अपराध या आत्म-हानि को बढ़ावा मिल सकता है, तो उसे सख्त आयु वर्गीकरण में रखा जाएगा। (2) ड्रग्स के उपयोग को 'ग्लैमरस' न दिखाएं : किसी भी फिल्म, वेब सीरीज़ या शो में नशीले पदार्थों के सेवनको फैशन या सामाजिक रूप से स्वीकार्य व्यवहार के रूप में प्रस्तुत करने से बचना होगा।(3) एनडीपीएस अधिनियम का पालन : ओटीटी प्लेटफॉर्म्स को नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम,1985 का पालन करना होगा, जिसमें गांजा, पोस्ता और कोकीन जैसे पदार्थों के उपयोग और प्रचार पर सख्त कानूनी प्रतिबंध हैं। यदि किसी शो में इन्हें ग्लैमराइज़ किया गया, तो इसे अपराध में सहयोग माना जा सकता है और कानूनी कार्रवाई हो सकती हैहाल ही में संसदीय स्थायी समिति ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय से डिजिटल मीडिया से जुड़े कानूनों में संशोधन का प्रस्ताव मांगा था, ताकि नई तकनीकों और मीडिया प्लेटफॉर्म्स के विस्तार को ध्यान में रखते हुए सख्त नियम बनाए जा सके। मंत्रालय की इस एडवाइजरी से यह साफ हो गया है कि अब ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर दिखाई जाने वाली सामग्री पर सरकार की पैनी नजर रहेगी।
साथियों बात अगर हम श्रद्धालु महिलाओं द्वारा डुबकी लगाते समय सीक्रेट कैमरा से उनकी निजता का हनन की करें तो, उप्र पुलिस ने प्रयागराज में महाकुंभ में स्नान कर रहीं महिला तीर्थ यात्रियों के आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट करने के आरोप में दो सोशल मीडिया अकाउंट के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के एक बयान के अनुसार, सोशल मीडिया निगरानी टीम ने पाया कि कुछ सोशल मीडिया मंच पर कुंभ मेले में महिलाओं के स्नान और कपड़े बदलने के वीडियो अपलोड कर रहे थे, जो उनकी निजता और गरिमा का स्पष्ट उल्लंघन है, इसके बाद कोतवाली कुंभ मेला थाने में मामले दर्ज किए गए और कानूनी कार्यवाई शुरू की गई। मीडिया में आई जानकारी के मुताबिक, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स और टेलीग्राम चैनल्स पर महिलाओं के नहाने और कपड़े बदलने की अश्लील तस्वीरें और वीडियो वायरल के मामले में पुलिस कर रही कार्रवाई। डीआईजी महाकुंभ ने एक मीडिया चैनल से कहा, कुछ सोशल मीडिया प्रोफाइल्स और ग्रुप पर अवैध तरीके के कृत्य किया जा रहे हैं, यह आपराधिक प्रकरण है और सभी लोगों को चिन्हित कर एफआईआर की जा रही है। इस मामले में सीरियस ऑफेंस में आईटी एक्ट और बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज किया जा रहा है और उसमें गिरफ्तारी भी जाएगी, इसमें बेचने वाले और खरीदने वाले दोनों की गिरफ्तारी की जाएगी, ऐसे जो भी सोशल मीडिया प्रोफाइल्स आ रहे हैं उनके खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है।
साथियों बात अगर हम इलाहाबादिया केस की करें तो, स्टैंडअप कॉमेडियन समय के शो इंडियाज गॉट लेटेंट में इलाहाबादिया बतौर गेस्ट जज शामिल हुए थे, इस कार्यक्रम में उन्होंने एक कंटेस्टेंट से उसके पेरेंट्स की सेक्स लाइफ पर विवादित सवाल पूछ डाला था। इनके भद्दे सवाल का क्लिप देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था, जिसे देखने के बाद लोगों का उनपर गुस्सा फूट पड़ा। कई बड़े-बड़े क्रिएटर्स ने उनकी आलोचना की है, उनके पॉडकास्ट के इनवाइट को कुछ सेलेब्स ने कैंसिल भी किया था। समय के शो इंडियाज गॉट लेटेंट में माता-पिता पर अश्लील टिप्पणी के मामले में इलाहाबादिया की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। इलाहाबादिया ने अलग-अलग राज्यों में खुद पर हुईं एफआईआर रद्द करने के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, जिस पर मंगलवार (18 फरवरी) को सुनवाई हुई। सुनवाई को दौरान सर्वोच्च अदालत ने इलाहाबादिया को जमकर फटकार लगाई। जस्टिस की दो सदस्यीय पीठ ने इंडिया गॉट लेटेंट शो करने पर पाबंदी लगाने के साथ रणवीर इलाहाबादिया का पासपोर्ट जब्त करने के आदेश दिए हैं। कोर्ट ने रणवीर इलाहाबादिया को आदेश दिया है कि वो बिना उनकी इजाजत लिए देश से बाहर नहीं जा सकते हैं। रणवीर ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर महाराष्ट्र और असम में दर्ज एफआईआर को जोड़ने और गिरफ्तारी से संरक्षण दिए जाने की मांग की थी। इस केस में सुप्रीम कोर्ट ने 10 बड़ी टिप्पणियां कीं थी। गुवाहाटी पुलिस ने सोमवार,10 फरवरी को कुछ यूट्यूबर्स और सोशल इन्फ्लुएंसर्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी, जिसमें आशीष चंचलानी, जसप्रीत सिंह, अपूर्व मखीजा, रणवीर इलाहाबादिया, समय रैना और अन्य लोगों का नाम शामिल था, इन लोगों पर इंडियाज गॉट लेटेंट नाम के शो में अश्लीलता को बढ़ावा देने और यौन रूप से स्पष्ट और अश्लील चर्चा में शामिल होने का आरोप है। दरअसल, गुवाहाटी क्राइम ब्रांच ने साइबर पीएस केस नंबर 03/2025 के तहत बीएनएस 2023 की धारा 79/95/ 294/ 296 के साथ-साथ आरोपियों के खिलाफ आईटी एक्ट, 2000 की धारा 67, सिनेमैटोग्राफ एक्ट 1952 की धारा 4/7 और महिलाओं का अश्लील चित्रण (निषेध) अधिनियम, 1986 की धारा 4/6 के तहत मामला दर्ज किया है। इस मामले में जांच पड़ताल अभी चल रही है।
साथियों बात अगर हम एक व्यक्ति द्वारा अनेकों व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर एडमिन बनकर संचालन करने की करें तो, आजकल हर सिटी मोहल्ले में कोई ना कोई एक व्यक्ति व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर सम्मानित व दागी व्यक्तियों को उस ग्रुप में ऐड करता है,फ़िर कुछ सम्मानित पढ़े लिखे व बुद्धिजीवी वर्ग, मीडिया वर्ग को भी ऐड किया जाता है, परंतु मीडिया पर्सन उस ग्रुप की पूरी कार्रवाई पर नज़र रहता है, कोई गलत पोस्ट या गलत भाषा होती है तो उसकी खोजी नजर उसपर पड़ती है, तो वह उसपर आपत्ति लेता है,इसी चक्कर में स्वयं मुझे भी केकेटी नाम के खैराती एडमिन होने के नाते से लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया के प्रभारी यांने मुझको भी रिमूव कर दिया गया था,कि पोलपट्टी पर निगरानी नहीं हो परंतु कानून के लंबे हाथ उस ग्रुप तक भी पहुंचने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।
अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि सीक्रेट कैमरे से श्रद्धालु महिलाओं की निजता का हनन- इलाहाबादिया, व्हाट्सएप, फेसबुक पर अभद्र कंटेंट की संभावना का संज्ञान लेकर सख्त कार्रवाई जरूरी है।

विचार

# फडणवीस-शिंदे के बीच बढ़ती दरार से महायुति की स्थिरता पर सवाल

*सुशील कुट्टी*

किसी को यह समझने में मुश्किल नहीं होनी चाहिए कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस और उनके द्वारा विस्थापित पूर्व मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बीच दरार बढ़ती जा रही है। फडणवीस अभी महाराष्ट्र के वर्तमान उपमुख्यमंत्री भी हैं और वह मुख्यमंत्रियों के खिलाफ जाने के लिए हमेशा तैयार ही रहते हैं जैसा कि उन्होंने उद्धव बालासाहेब ठाकरे जैसे नेता के मुख्यमंत्रित्व काल में किया था। क्या यह एक बेतुकी बात होगी, जो मूल मुद्दे से भटकती है, कि मुंबई शहर में सब कुछ ठीक नहीं है, जहां जल्द ही निकाय चुनाव होने वाले हैं। मुख्यमंत्री फड़णवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को अपनी कमर कस लेनी चाहिए।
मीडिया ऐसा दिखा रहा है जैसे शिंदे खलनायक हैं और फडणवीस एक चमकता हुआ योद्धा। शिंदे को हमारे बीच ठंडा ठंडा, कूल कूल रिश्ता है जैसे बेतुके बयान देने के लिए मजबूर किया जा रहा है, जैसे कि यह कोला का विज्ञापन हो! सच तो यह है कि शिंदे द्वारा किसी भी दरार से इनकार करना उन अफवाहों के खिलाफ है कि महायुति आंतरिक कलह की चपेट में है और सत्ता परिवर्तन की जरूरत है। फिर किसी तुलना से बचने के लिए, शिंदे ने कहा कि अगर उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री नहीं बनना चाहते, तो आज शिवसेना एक इकाई होती। पुरानी यादें उपमुख्यमंत्री को मार रही हैं और मुख्यमंत्री में इतनी हिम्मत नहीं है कि वे अपने डिप्टी को पीछे हटने के लिए कह सकें। ऐसा कुछ तो उन्हें विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत के समय करना चाहिए था।
मौजूदा दरार के लिए किसे दोषी ठहराया जाना चाहिए? भाजपा के शीर्ष पर तंबू फैलाये ऑक्टोपस को? वह व्यक्ति जिसका नाम नहीं लिया जा सकता या जिसे बेबाक मजाक का निशाना नहीं बनाया जा सकता? वह व्यक्ति जिसे महाराष्ट्र की जीत की तरह दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत का श्रेय लेने के लिए चुना गया था? महाराष्ट्र में सरकार बनाने के लिए भाजपा को शिंदे सेना की जरूरत नहीं थी और पहले तो उपमुख्यमंत्री की जरूरत ही नहीं थी, दो की तो बात ही छोड़िए! मुख्यमंत्री फड़णवीस समेत हर कोई जानता है कि भाजपा में कौन फैसला लेता है, किसे फैसला लेने की इजाजत है। यह भी हर कोई जानता है कि एक व्यक्ति वाली भाजपा नेतृत्व में तानाशाही की प्रवृत्ति है।
सभी फैसले सर्वसम्मति से लिए जाते हैं, जो आधुनिक समय की समकालीन राजनीति में बोला जाने वाला सबसे बड़ा झूठ है। उदाहरण के लिए, यह भ्रामक बयान कि भाजपा विधायकों ने बैठक की और रेखा गुप्ता को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाने का फैसला लिया! दिल्ली के मुख्यमंत्री को पदभार ग्रहण करते ही जो एक बड़ा फैसला लेना चाहिए था, वह पहले ही छीन लिया गया था, यानी यमुना की सफाई मिशन, जिसे दिल्ली के उपराज्यपाल ने रेखा गुप्ता के लॉन्च से ठीक पहले लॉन्च किया था- मुख्यमंत्री गुप्ता अब झाग उड़ते हुए देख सकती हैं! यमुना नदी तट पर विकास कार्य में यमुना को साबरमती नदी तट के बराबर खड़ा करने की क्षमता है, जहां प्रधानमंत्री मोदी ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग को झूले पर घुमाया था, जिसे शी आज भी अच्छी तरह याद रखेंगे। यह उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के बीच दरार से ध्यान हटाने के लिए नहीं है, जो कि कोई बड़ी घटना नहीं थी, अगर फडणवीस आलाकमान के दबाव में आकर शिंदे सेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अजित पवार गुट के साथ सत्ता साझा करने के लिए सहमत नहीं होते। फिर शिंदे भाजपा के पिछलग्गू की तरह व्यवहार भी नहीं कर रहे हैं। उपमुख्यमंत्री अपनी खुद की यात्रा की योजना बनाने में व्यस्त हैं। शिंदे सेना के सांसदों, शिंदे सेना के विधायकों और शिंदे सेना पार्टी के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर शिंदे अपनी सेना की रणनीति तैयार कर रहे हैं। शिंदे ने भाजपा नेतृत्व की किताब से सीख लेते हुए एक समानांतर व्यवस्था स्थापित की है, जिसका उदाहरण मंत्रालय में एक चिकित्सा सहायता प्रकोष्ठ है, जो शिंदे की पहल है, जो आम तौर पर लोगों की मदद करने के लिए है। इस पर कौन आपत्ति करेगा? उपमुख्यमंत्री का चिकित्सा सहायता प्रकोष्ठ पहले भी स्थापित किया गया था। यह मुख्यमंत्री के चिकित्सा राहत कोष प्रकोष्ठ के साथ समन्वय करेगा और गरीब और जरूरतमंद मरीजों की मदद करेगा। इसलिए काम का दोहराव नहीं है। केवल एक सीएम वार-रूम है। अब भी प्रमुख परियोजनाओं को वार रूम से आगे बढ़ाया जायेगा। क्या यही है, फडणवीस और शिंदे के बीच तथाकथित दरार? इसमें छिपे हुए तत्व होने चाहिए। शायद शिंदे नहीं चाहते कि उनके समर्थक उद्धव बालासाहेब ठाकरे की सेना में वापस चले जायें या, क्या इसका संबंध आगामी मुंबई नगर निगम चुनावों से है। यह कोई छिपी हुई बात नहीं है कि जब मुंबई में नगर निगम चुनावों की बात आती है तो शिवसेना (यूबीटी) को शिंदे सेना पर बढ़त हासिल है, जो देश की वित्तीय राजधानी में वर्षों से शिवसेना के वर्चस्व पर निर्भर करता है। शिंदे ने अपने समर्थकों को यह बात बताई और उनसे कहा कि वे शिवसेना-यूबीटी को एक और शिकस्त देने के लिए तैयार रहें, जैसा कि उन्होंने 2024 के विधानसभा चुनावों में किया था। मंगलवार को शिंदे ने पार्टी कार्यकर्ताओं से आगामी निकाय चुनावों की तैयारी करने और शिवसेना-यूबीटी को हराने के लिए कहा, जैसा कि उन्होंने 2024 के चुनावों में किया था, जिसके बारे में शिंदे ने दावा किया था कि इसने शिवसेना-यूबीटी को एक बड़ा झटका दिया है। शिंदे का मानना है कि निकाय चुनावों में उद्धव ठाकरे की सेना को हराने से बालासाहेब ठाकरे द्वारा स्थापित सेना और भी टूट जायेगी तथा शिंदे सेना का विस्तार होगा। शिंदे कहते हैं कि उनकी शिवसेना को विस्तार करना चाहिए और निकाय चुनाव शिवसेना-यूबीटी के लिए मृत्यु-घंटी बजा देंगे।
संक्षेप में, उपमुख्यमंत्री शिंदे के पास शिवसेना के अपने गुट के लिए बड़ी योजनाएं हैं और वे कार्य करने वाले हैं। स्वाभाविक रूप से, भाजपा एकनाथ शिंदे से सावधान है और बृहन्मुंबई नगर निगम चुनाव एक परीक्षा है, जिसमें शिंदे और उद्धव बालासाहेब ठाकरे दोनों ही जीत के लिए लड़ रहे हैं। इस मामले में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस सबसे अलग हैं, जो विधानसभा चुनाव के बाद सबसे आगे थे,जब एक पूर्ण हिंदुत्व-आधारित रणनीति ने उन्हें बड़ा बहुमत दिलाया था। लेकिन एक व्यक्ति के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास की वापसी के साथ, बटेंगे तो कटेंगे अब चलन में नहीं है। मुख्यमंत्री फड़णवीस ने अपनी सख्त छवि खो दी है, जबकि शिंदे खुद को प्रतिस्थापन के रूप में पेश कर रहे हैं। शिंदे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ तुलना करने की कोशिश की, उन्होंने कहा, हम विकास का विरोध करने वालों के खिलाफलड़ाई में हैं, लगभग ऐसा ही जैसे मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस मोदी और मोदी के मार्का विकसित भारत के बीच खड़े हों। इस बीच, मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस शिंदे के सामने अपनी धार खो रहे हैं, जिन्हें सुपर चीफ मिनिस्टर को जवाब देने की जरूरत नहीं है।

साहित्य

## खूंटी पर टंगे लोग



**योगेंद्र पांडेय**

मैंने देखा है
खूंटी पर टांगे हुए
लोगों को
जैसे देह से उतार कर
टांग देते हैं
पुराने कपड़े को।

पुराने कपड़े भी काम आते हैं
किसी गरीब लाचार का
देह ढकने के लिए,
वैसे ही
पुराने लोग भी काम आते हैं
अभाव और दुख की घड़ी में
उम्मीद की एक नई
ज्योति जलाते हुए।

हमारे समय की
ये कैसी विडंबना है
कि लोग नहीं समझते हैं
पुराने कपड़े का महत्व
आधुनिकता की इस
अर्धनग्न भाग दौड़ में।।



## राशिफल

**मेष:-** महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। कुछ नयी आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। भौतिक-सुख साधन में व्यय संभव।

**वृषभ :-** भौतिक महत्वकांक्षाएं अभाव का एहसास कराएंगी। अच्छी योजनाओ द्वारा महत्वपूर्ण कार्य को समयानुकूल पूर्ण करेंगे।

**मिथुन:-** भावनाओं पर नियंत्रण रख अपने दायित्वों के प्रति सजग होना प्रगति का सूचक है। बचकाना स्वभाव महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में परिश्रम का लाभ मिलेगा।

**कर्क :-** किसी श्रेष्ठजन के प्यार से मन प्रसन्न होगा। उच्च महत्वकांक्षाएं व्यावसायिक क्षेत्र में अधिक परिश्रम के लिए प्रेरित करेंगी। आलस्य कतई न करें।

**सिंह :-** भावना से उद्वेलित मन निकट संबंधों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। पूर्वाग्रहवश संबंधियों के प्रति नकारात्मकता को न पालें। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन में नकारात्नक विचार ला सकती हैं।

**कन्या:-** नये संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। जीविका क्षेत्र में मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रयत्नशील होगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी किंतु जरूरी कार्य समय से पूर्ण करें।

**तुला:-** शासन-सत्ता की दिशा में केंद्रित लोगों को लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। किसी महत्वपूर्ण दायित्व की पूर्ति हेतु समुचित व्यवस्था हेतु मन चिंतित होगा।

**वृश्चिवक:-** किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां अर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी। भावनाप्रधान मन रिश्तों से सहज ही प्रभावित हो जाता है।

**धनु:-** रोजगार क्षेत्र में आपकी महत्वपूर्ण योजनाएं सार्थक होती हुई नजर आएंगी। श्रेष्ठजनों से नजदीकियां पैदा होंगी। व्यावसायिक यात्राएं करनी पड़ सकती हैं।

**मकर:-** सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा।

**कुंभ:-** पुरानी समस्याओं को हल कर सुख की अनुभूति करेंगे। शासन-सत्ता से जुड़े लोगों को लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। पूजा-पाठ में पूरा दिन मन केंद्रित होगा।

**मीन:-** पिता के सहयोग से मुश्किल दिनों में राहत मिलेगी। बालसुलभता व असंयमित शब्दों का प्रयोग संबंधों में कटुता लाएगा। आकस्मिक नई आशंकाओं से प्रभावित मन कोई गलत निर्णय ले सकता है।

# जो साधना के शीर्ष पर हैं, वे संत हैं

*हृदयनारायण दीक्षित*

प्रत्येक शब्द का अर्थ होता है। अर्थ न हो तो शब्द का कोई मतलब नहीं। पतंजलि ने महाभाष्य में यह बात दोहराई है। शब्द और अर्थ मां और पुत्र जैसे हैं। शब्द की कोख में अर्थ होता है। जो शब्द का अर्थ नहीं जानते उनके लिए शब्द का कोई मतलब नहीं है। भारत में अध्यात्म सम्बंधी विपुल साहित्य रचा गया है। इन शब्दों के अर्थ बड़े मूल्यवान हैं। शब्दों के विशिष्ट ढंग से बने वाक्य मंत्र होते हैं। मंत्रों के भी अर्थ होते हैं। लेकिन उनके प्रभाव शब्दार्थ से ज्यादा व्यापक होते हैं। शब्दों का अपना संसार है। पृथ्वी पर जितनी वस्तुएं, पेड़, पौधे, जीव, जंतु, मनुष्य विद्यमान हैं, प्रत्येक रूप के लिए शब्द हैं या नाम हैं। कविता भी शब्दों का मधुर संयोजन होती है।
आश्चर्य की बात नहीं है कि सौंदर्य का वर्णन कविता में ज्यादा सुंदर प्रकट होता है। वैदिक काव्य स्तुतियां हैं। वैदिक मंत्रों को कविता कहा जाता है। ऋग्वेद के काव्य के लिए ऋचा शब्द आया है। एक मंत्र में कहा गया है, "ऋचो अक्षरे परमे व्योमन यस्मिन देवा अधि विश्वे ने शेधु-ऋचाएं परम व्योम में रहती हैं। यहीं सभी देवता भी रहते हैं।" जो यह बात नहीं जानता वह वैदिक शब्दों का क्या अर्थ निकलेगा? लेकिन जो यह बात जानता है वह उसी तत्व में मिल जाता है। ज्ञान के लिए अज्ञात क्षेत्र का बोध असंभव नहीं है। सृष्टि का एक भाग जान लिया गया है। एक भाग जानने की सूची में है। लेकिन इससे भी बड़ा भाग अज्ञेय है। उसे जाना नहीं जा सकता। अज्ञात का भी ज्ञान होता है कि यह भाग अज्ञात है। ऋषि का संदेश सुस्पष्ट है कि पूर्ण ज्ञानी उसी विराट का अविभाज्य हो जाता है। बात सही है। किसी शब्द या वाक्य को याद करना आसान है। उस शब्द के अर्थ के लिए गहराई में उतरना कठिन है। अनेक कथावाचक श्रद्धालु श्रोताओं को गीत संगीत से प्रभावित करते हैं। लोकमंगल से जुड़े तमाम उदाहरण देते हैं। पौराणिक कथाओं का भी उल्लेख करते हैं। लेकिन श्रोताओं का आत्मरूपांतरण नहीं होता। कथावाचन साधारण जमावड़ा नहीं होता। कथाएं प्रेरक होती हैं। कथा और गल्प में अंतर होता है। आखिरकार इस बात का मूल कारण क्या है कि कथावाचक पूरी युक्ति और परिश्रम के साथ श्रोताओं का संबोधन करते हैं? श्रोता भी दत्त चित्त होकर सुनते हुए दिखाई पड़ते हैं। भक्ति कथाएं प्रेम से भरी पूरी हैं।
श्रोता कुछ समय तक इनका आनंद लेते हैं। लेकिन इसका ठोस प्रभाव नहीं पड़ता। वैदिक ऋषि को किसी समय जनसामान्य की ऐसी ही समझ का सामना करना पड़ा होगा। तभी उसने यह मंत्र बताया कि देवता परम व्योम में रहते हैं। यहीं ऋचाएं भी रहती हैं। जो व्यक्ति यह बात नहीं समझता, ऋचा उसके लिए क्या कर सकती हैं? शब्द का बोला जाना और उसे सुना जाना, सुनते ही मस्तिष्क के सामने उसका अर्थ खुलना अल्पकाल में घटित होता है। अर्थ नहीं खुला तो शब्द निरर्थक हो जाता है।
मंत्र पढ़ना पर्याप्त नहीं है। मंत्र का अर्थ खोलना ही श्रेयस्कर है। इस मंत्र में ऋषि ने सावधान कर दिया है कि ऋचा स्वयं में कुछ नहीं कर सकती, कि अर्थ महत्वपूर्ण है। इस मंत्र की महत्ता इस बात से आंकी जा सकती है कि ऋग्वेद (1.164) में व अथर्ववेद (9.15.18) में और श्वेताश्वतर उपनिषद में भी दोहराया गया है। प्रेम और ज्ञान की प्राप्ति किसी प्रतिनिधि के माध्यम से संभव नहीं है। भक्ति और ज्ञान साधना में भी कड़ी शर्त है। भक्ति स्वयं ही इष्ट तक पहुंचाती है। किराए के सहायक द्वारा भक्ति सिद्ध नहीं होती। ज्ञान प्राप्ति भी स्वयं की तप साधना से संभव होती है।
पूर्वजों ने ज्ञान प्राप्ति के लिए तमाम साधनाएं की थीं। लोकमंगल के लिए उन्होंने तमाम त्याग और समर्पण किए थे। ढेर सारा ज्ञान हमारे सांस्कृतिक ग्रंथों में भरा पड़ा है। ऋग्वेद के रचनाकाल से लेकर आधुनिक काल तक सतत प्रवाही उत्कृष्ट ज्ञान परंपरा है। हजारों किलोमीटर दूर आकाश में बैठे सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति और शुक्र पूर्वजों की जिज्ञासा का विषय थे। उन्होंने प्रकृति सृष्टि के सभी प्रपंचों का अध्ययन किया था। उनके अनुभव के गीत वैदिक साहित्य में संकलित हैं। वैदिक कविताएं बार-बार दोहराई जाती हैं। लेकिन ऋषि सावधान करता है कि जो यह बात नहीं जानता वह वैदिक मंत्रों से कुछ भी हासिल नहीं कर पाएगा। यस्तं न वेद किमृचा करिष्यति ईत तद विदुस्त इमे समासते। शब्द ज्ञान अर्थ के अभाव में व्यर्थ रहता है।
अर्थ शब्द के द्वार खोलता है। सत्य अर्थ प्रकट हो जाता है। इसका अनुभव विशेष बोध पैदा करता है। सभी भाषाएं लाखों शब्दों से भरी पूरी हैं। इनमें रूपों के लिए शब्द हैं। इनमें प्रेम प्रकट करने के भी शब्द हैं। प्रेम व्यक्ति से भी हो सकता है और समष्टि से भी। प्रेम की व्याख्या शब्दों के द्वारा संभव नहीं है। आध्यात्मिक चेतना के लिए भी शब्द हैं। क्रोध प्रकट करने के लिए भी शब्द हैं। ध्वनि के लिए तो शब्द हैं लेकिन अलग-अलग ध्वनियों के लिए शब्दों का अभाव है। थाली या चाय की प्याली गिरते ही विशेष ध्वनि होती है। इस ध्वनि को क्या नाम दें। कोयल बोलती है। उसकी बोली मधुर है हम कहते हैं कि कोयल गीत गा रही है। कौन जाने कि वह गा ही रही है या किसी चिड़ीमार को गलियां बक रही है। आध्यात्मिक क्षेत्र में अनेक शब्द हैं। संन्यास एक शब्द है। इस शब्द को सुनते ही सुंदर भगवा वस्त्र पहने किसी संन्यासी का स्मरण होता है। संन्यासी का अर्थ खुल गया। लेकिन संन्यास की व्याख्या नहीं। मुक्ति और मोक्ष का अर्थ भी नहीं खुलता।
सामान्यतः माना जाता है कि मोक्ष का अर्थ सभी अभिलाषाओं का खत्म हो जाना है। निष्काम जीवन गीता की स्थापना है। मुक्ति शब्द का प्रयोग भी बहुत होता है। लेकिन इसका भी अर्थ अस्पष्ट है। साधु, संत, ऋषि, मुनि आदि अनेक शब्दों के अर्थ स्पष्ट नहीं हैं। जो साधनारत हैं, वे साधु हो सकते हैं। जो मंत्र शक्ति को देखते हैं, मंत्र रचते हैं वे ऋषि हैं। जो साधना के शीर्ष पर हैं, वे संत हैं। सबका उद्देश्य लोक का अभ्युदय व स्वयं का निःश्रेयस है। उनके अर्थ जानने के लिए आत्म अनुभव की जरूरत होती है। मनुष्य जीवन बड़ा रहस्यपूर्ण है। इसका सरलीकरण संभव नहीं है। अनेक भारतीय तत्वज्ञानियों ने इसीलिए संसार को दुखमय कहा है। जीवन दुखमय है। यह एक दृष्टि या विचार है। जीवन आनंदमय है। यह एक अलग और स्वस्थ विचार है। आप्त वचन मार्गदर्शी होते हैं। अनुभवी ही सही बात बता सकते हैं कि सत्य क्या है? अनुभूत ज्ञान से भिन्न किसी भी व्यक्ति का हितसाधन मंत्र अनुष्ठान से ही नहीं हो सकता। ऋग्वेद के ऋषि की घोषणा सही और मजेदार है कि जो तत्वज्ञानी नहीं हैं उनके लिए ऋचा कुछ नहीं कर सकती।
**(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
मुख्य कार्यालय (*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887
**स्थानीय संपादक आर.बी. सिंह, संपादकीय कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9305748833, 9451244788**

# हमारा आँगन-हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम में मेधावी पुरस्कृत

**विधायक दिनेश रावत ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को किट व प्रमाणपत्र देकर किया सम्मानित**



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

ब्लॉक संसाधन केंद्र हैदरगढ़ पर शनिवार को हमारा आँगन -हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक दिनेश रावत ने विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं व शिक्षकों को किट व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्राथमिक विद्यालय की बालिकाओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत तथा राजस्थानी कालबेलिया नृत्य प्रस्तुत कर मन मोह लिया। स्टेट रिसोर्स पर्सन राहुल शुक्ल ने हमारा आँगन - हमारे बच्चे कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में चर्चा की तथा शिक्षक संकुल मदन मोहन वर्मा ने निपुण भारत मिशन सहित परिषदीय विद्यालयों में संचालित सभी योजनाओं पर प्रकाश डाला। 26 का धारा प्रवाह पहाड़ा सुनाने वाले प्राथमिक विद्यालय गोतौना के कक्षा 2 के छात्र आर्यन,कविता सुनाने वाली बनकोट की कक्षा 3 की छात्रा पूनम को विधायक ने नगद धनराशि देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर विधायक ने क्षेत्र के न्याय पंचायत के बाल वाटिका, कक्षा 1, 2 तथा 3 की निपुण छात्र -छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया कार्यक्रम के अंत में खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार गौड़ ने सभी अतिथियों को आभार व्यक्त किया साथ कार्यक्रम में सक्रिय सहयोग के लिए सभी शिक्षकों, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर तहसीलदार कविता ठाकुर भाजपा मंडल अध्यक्ष मोहित मिश्रा जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राम भी त्रिवेदी खंड विकास अधिकारी संजीव गुप्ता पिछड़ा ग्राम प्रधान सोनू सिंह एकेडमिक रिसोर्स पर्सन सत्यधर द्विवेदी, शिक्षक सीतेश गुप्ता,आशीष त्रिवेदी, देवी शंकर पाण्डेय, बृजेंद्र सिंह,मुबीन अहमद, राम सागर रावत,प्रियंका सिंह, रीता राना, बाला जायसवाल, रूबी वर्मा नम्रता, कविता साहू,मंजू रावत, सुनैना,देवी प्रसाद,अनुराग वर्मा, विवेक वर्मा, महेंद्र सिंह, दीपक यादव, राकेश सरोज, राकेश सिंह,राजेश सरोज, मो. इस्माइल, विशाल सिंह, अभय प्रताप सिंह, रीना सिंह, श्रद्धा वर्मा, सुनील श्रीवास्तव, श्री प्रकाश शुक्ला, कुलवंत सिंह, रामराज सिंह जितेंद्र वर्मा आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# 20 वर्ष से पड़ी है अधबनी नाली डीएम से लगाई बनवाने की गुहार

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

20 वर्ष पूर्व बनी आधी अधूरी सिंचाई नाली को पूरा बनवाने के लिए बारा गांव निवासी बद्री प्रसाद साहू ने संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया है।

साहू ने बताया कि बारा रजवाहा से अमिलहरा गांव के निकट स्थित कुलाबा नंबर 23 से निकली सिंचाई नाली बाबू रावत के खेत तक मात्र 1 किलोमीटर तक पक्की बनी है उसके बाद लगभग 2 किलोमीटर की दूरी में सिंचाई के लिए पानी जाने का एकमात्र साधन कच्ची नाली है। 20 वर्ष पूर्व बनाई गई पक्की नाली को अंतिम सीमा तक बनाए जाने को लेकर वह पिछले काफी समय से प्रार्थना पत्र दे रहे हैं परंतु अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है जिसकी वजह से रामपुर एवं भैरमपुर गांव के अधिकांश किसानों को सिंचाई के लिए पानी नहीं उपलब्ध हो पा रहा हैं। और तमाम किसानों को निजी संसाधनों से सिंचाई करनी पड़ रही हैं। हैदरगढ़ तहसील में 15 फरवरी को समाधान दिवस में आए डीएम को प्रार्थना पत्र देकर साहू ने पूरे गिरवर सिंह के आगे पड़ी कच्ची नाली को पक्की करवाने की गुहार लगाई थी, जिस पर डीएम ने तत्काल समाधान के लिए भूमि संरक्षण अधिकारी को आदेशित किया था परन्तु अभी तक नाली निर्माण का काम नहीं शुरू हुआ है और न ही कोई अधिकारी ही मौके पर पहुंचा है।

## मधुमक्खियों के हमले से किशोरी सहित युवक घायल

**हैदरगढ़, बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र के बनवारगंज मजरे बहुता गांव में शनिवार की दोपहर खेत गई एक किशोरी एवं उसे बचाने दौड़ा युवक मधुमक्खियों के हमले से घायल हो गया । जिनका उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ पर चल रहा है। गांव निवासी राम प्रसाद की 15 वर्ष की पुत्री पल्लवी शनिवार की दोपहर बाद डेढ़ बजे कुछ काम से खेत गई थी कि तभी मधुमक्खियों के झुंड ने हमला बोल दिया पड़ोस के खेत में पानी लगाएं युवक राजू पुत्र बाबूलाल 32 वर्ष ने जब पल्लवी को मधुमक्खियों से घिरा देखा तो बचाने दौड़ पड़ा। मधुमक्खियों ने उस पर भी हमला बोल दिया किसी तरह पैरा की सहायता से धुआ कर जान बचाई बाद में घर से पहुंचे परिजन अस्पताल लेकर आए। जहां उपचार जारी है।

# स्वच्छ भारत अभियान के तहत प्रशिक्षित किये सफाई कर्मी



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

नगर पंचायत हैदरगढ़ में स्वच्छ भारत मिशन नगरीय 2.0 के तहत शनिवार को नगर पंचायत के सभागार में सफाई कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले कर्मचारियों को नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी, ईओ, प्रशिक्षण देने वाले प्रशिक्षकों द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर मंडल कार्यक्रम प्रबंधक वैभव पांडे एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रदीप कुमार ने सफाई कर्मियों को प्रशिक्षण देते हुए उन्हें गीला, सूखा व अन्य तरह के कचरे को अलग-अलग संग्रहित करने का प्रशिक्षण दिया और अपेक्षा की कि वह अपने- अपने कार्य क्षेत्र में आम नागरिक को भी हैदरगढ़ को स्वच्छ बनाए रखने के लिए जागरूक करने का काम करेंगे जिससे हैदरगढ़ नगर को और साफ सुथरा बनाया जा सके। इस अवसर पर नितिन मौर्य, शरद मिश्रा, महेंद्र मिश्रा, सभासद इशहाक, मनोज यादव, राजेंद्र यादव व बड़ी संख्या में सफाई कर्मी मौजूद रहे।

# दुकान की दीवार काटकर हजारों का सामान उठा ले गए चोर



**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

जैदपुर थाना क्षेत्र में चोरों ने एक किराने दुकान की दीवार को काटकर निशाना बनाते हुये नकदी सहित हजारों का सामान चोरी कर ले गये। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गयी है। बताते चलें कि जैदपुर के रहमानगंज नहर पुलिया के पास स्थित एक दुकान में चोरों ने पीछे की दीवार तोड़कर सेंधमारी की। दुकान के मालिक विमल कुमार शनिवार सुबह करीब 10 बजे दुकान पहुंचे। जब उन्होंने शटर खोला तो देखा कि दुकान में चोरी हो गई है। चोर नकदी समेत हजारों रुपए का सामान लेकर फरार हो गए। विमल कुमार ने जैदपुर पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर चोरों की तलाश में जुट गयी है।

# सामूहिक विवाह योजना अत्यन्त परोपकारी : राज्यमंत्री

**मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 75 जोड़ों का हुआ विवाह**




**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत विकास खण्ड परिसर पूरेडलई में वैवाहिक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में 73 हिन्दू तथा 02 मुस्लिम, कुल 75 जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम राज्यमंत्री सतीश चन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख रत्नेश सिंह, नगर पंचायत चेयरमैन जगदीश प्रसाद गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव सहित उपजिलाधिकारी व अन्य गणमान्य लोग नव विवाहित जोड़ों को बधाई एवं आशीर्वाद दिया। जिला समाज कल्याण अधिकारी सुषमा वर्मा व समस्त सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर राज्य मंत्री द्वारा नवविवाहित युगलों को आशीर्वाद दिया गया तथा प्रमाण पत्र वितरित किये गये। राज्यमंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना सरकार की एक अत्यन्त परोपकारी योजना है तथा जनपद में सफल संचालन हेतु समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा पूरी मेहनत व लगन से कार्य किया गया है तथा योजना को सफल बनाया गया है।

उन्होंने सभी नवविवाहित युगलों एवं उनके परिवार जनों तथा कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु समाज कल्याण विभाग एवं ग्राम विकास विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारी को बधाई दी गई।

## खबरें एक नजर में

### नायब तहसीलदार ने सुनीं, फरियादियों की फरियाद

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** कोतवाली बदोसराय में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। अध्यक्षता नायब तहसीलदार दिनेश पाण्डेय ने की। कार्यक्रम का संचालन कोतवाल संतोष कुमार ने किया। समाधान दिवस में राम निरंजन वर्मा ने जमीनी विवाद से संबंधित एक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। इस मामले के समाधान के लिए पुलिस और राजस्व विभाग की एक संयुक्त टीम का गठन किया गया है। टीम को तत्काल मौके पर भेज दिया गया है।नायब तहसीलदार दिनेश पाण्डेय ने कहा कि प्राप्त शिकायत को गंभीरता से लिया गया है। उन्होंने राजस्व और पुलिस विभाग की टीम को निर्देश दिए हैं कि वे समस्या का समाधान जल्द और प्रभावी तरीके से करें।

### एआरटीओ ने हाइवे पर बे-ढंग खड़ें 12 वाहनों का किया चालान

**बाराबंकी।** हाईवे पर सड़क सुरक्षा नियमों एवं दुर्घटनाओं को रोकने को लेकर सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला की टीम ने चेंकिग अभियान चलाया। एआरटीओं प्रवर्तन की टीम नें हाइवें स्थित अवैध ढाबों, होटल, वर्कशॉप के सामने बे-ढंग खड़े 12 वाहनों के चालान किये। एआरटीओं प्रशासन/प्रवर्तन श्रीमती शुक्ला नें वाहन चालकों कों जागरुक करते हुए कहा कि हाईवे स्थित होटल, मोटर वर्कशॉप, अवैध दुकानों पर सही स्थान पर वाहन खड़ा करे। इसके उपरान्त एआरटीओं नें हाइवें स्थित ढाबा संचालकों कों सड़क सुरक्षा नियमों को लेकर विस्तृत जानकारी देते हुयें जागरुक किया। इसके साथ ही टीम ने जनपद के ब्लैक स्पाटो का भी निरीक्षण किया। अभियान के दौरान यातायात प्रभारी श्री रामयतन यादव मौजूद रहे।

### आमने-सामने से भिड़ी कारें, छह लोग घायल

**फतेहपुर, बाराबंकी।** शुक्रवार आधी रात को कस्बा फतेहपुर के ब्लाक चौराहे पर दो कारें आमने-सामने से टकरा गई हादसे में 6 लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार एक स्विफ्ट डिजायर कार थाना मो 0 पुर खाला क्षेत्र के गांव दौलतपुर से तिलक समारोह से लौट रही थी दूसरी तरफ वैन्यू कार मसौली में आयोजित शादी समारोह से पुलिस ट्रेनिंग (पीटीसी) सीतापुर जा रही थी टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए स्विफ्ट डिजायर में सवार बहरौली थाना कुर्सी के शुभम् यादव, अनुराग मौर्य और अनितेश यादव वैन्यू कार में सवार पीटीसी सीतापुर के विवेक,सूरज, इंद्रेश और अमित सभी सवार घायल हो गए स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर पहुंचाया गया सीएचसी पर मौजूद डॉ अवधेश कौशल ने प्राथमिक उपचार कर शुभम और सूरज की हालत नाज़ुक होने के कारण जिला अस्पताल बाराबंकी रेफर कर दिया सूचना पर पहुंची पुलिस मौके की स्थिति का जायजा लेंते हुए आवश्यक कार्यवाही शुरू कर दी है।

### पंचायत स्तरीय आयोजित किया गया किशोर सम्मेलन

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** सैदनपुर में पंचायत स्तरीय किशोर सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 180 किशोरों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. अनूप और सीएचओ गरिमा की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन से हुई। वात्सल्य संस्था के प्रोग्राम मैनेजर भुआल सिंह और नीलमा गुप्ता भी इस अवसर पर मौजूद रहे।सम्मेलन में किशोरों को स्वास्थ्य जागरूकता और पोषण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। स्कूली छात्राओं ने जागरूकता नाटक और देशभक्ति नृत्य प्रस्तुत किए। प्रतिभाशाली प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में किशोरों को शिक्षा का अधिकार और बाल विवाह प्रतिषेध जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया गया। लैंगिक भेदभाव जैसे सामाजिक मुद्दों पर भी चर्चा की गई।वात्सल्य टीम के सदस्य भुआल सिंह, नीलमा गुप्ता, प्रेम शंकर, आरिफ, राधा, काजल और प्रियांशी कार्यक्रम में मौजूद रहे। यह आयोजन किशोरों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

# सांसद-विधायक ने ली अधिकारियों की क्लास

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



शनिवार को ब्लॉक सभागार में ब्लाक प्रमुख रईस आलम की अध्यक्षता एव अवर अभियंता प्रमोद गौतम के संचालन में क्षेत्र पंचायत की बैठक सम्पन हुई बैठक मे सांसद, विधायक एव एम एल सी ने संबंधित अधिकारियो एव कर्मचारियों की जमकर क्लास लगाते हुए विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गयी।

क्षेत्र पंचायत की बैठक में उपस्थित ग्राम प्रधानों एव क्षेत्र पंचायत सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए ब्लाक प्रमुख रईस आलम ने क्षेत्र पंचायत द्वारा कराये गये कार्यों को पढ़कर सुनाया गया तथा खर्च धनराशि की जानकारी दी गई। सांसद तनुज पुनिया ने कहा कि क्षेत्र के विकास में क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं ग्राम प्रधानो की अहम भूमिका होती है। जिनके सहयोग से ही गांवो का बेहतर विकास किया जा सकता है । सपा विधायक गौरव रावत ने बैठक मे उपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों से कहा कि आप लोग क्षेत्र की समस्याओ को हम लोगो तक पहुंचाए जिसका समय से निस्तारण कराया जा सके। विधायक ने खंड विकास अधिकारी संदीप श्रीवास्तव से कहा कि पंचायत का कार्यकाल कम बचा है सहयोग कर ज्यादा से ज्यादा कार्य कराये जिससे आने वाले चुनाव मे लोगो को लाभ मिल सके साथ ही जलजीवन मिशन योजना की समस्या को गंभीरता से लेते हुए समय से कार्य पूर्ण कराने के लिए टीम गठित करने के निर्देश दिये। भाजपा एमएलसी अंगद सिंह ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि ग्रामीण क्षेत्रो मे बेहतर विकास कार्य कराये जाय जिसके लिए तमाम योजनाएँ चलाई जा रही है उसे समय से पूर्ण करने मे आप लोगो की बड़ी भूमिका है। बैठक मे सभी जनप्रतिनिधियों ने स्वास्थ्य, चिकित्सा पर जमकर क्लास लगायी। बैठक मे वित्तीय वर्ष का लेखा जोखा पेश करते हुए बताया गया कि चालू वर्ष पंचम वित्त मे 2 करोड़, 25 लाख 3 हजार 30 रुपये प्राप्त हुए जिसमे 1 करोड़, 69 लाख 851 रुपये से विकास कार्य कराये गये तथा 55 लाख 42 हजार 579 रुपये शेष है इसी तरह 15 वे वित्त आयोग मे 3 करोड़13 लाख 1 हजार 428 की धनराशि के सापेक्ष 1 करोड़ 35 लाख 99 हजार 510 रुपये खर्च हुए तथा 1 करोड़ 65 लाख 32 हजार 418 रुपये है जिससे विकास कार्य कराये जाएंगे। खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव ने मनरेगा, सांसद निधि, विधायक निधि, सहकारिता विभाग, ग्राम विकास, लघु सिचाई, प्रधानमंत्री आवास योजना, मत्स्य पालन, आजीविका मिशन, आदि योजनाओं की जानकारी बीडीसी सदस्यों एव ग्राम प्रधानों को दी।




## थाना समाधान दिवस में हिस्ट्रीशीटर द्वारा जमीन हड़पने की हुई शिकायत

**फतेहपुर,बाराबंकी।** कोतवाली में समाधान दिवस का आयोजन किया गया।इस दौरान जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह ने जनता के शिकायतों की सुनवाई की।मालूम हो गांव सिहाली के निवासी अब्दुल हसन और मेराज ने गंभीर शिकायत दर्ज कराई।उन्होंने बताया कि गांव के ही हिस्ट्रीशीटर मोहम्मद असलम ने जालसाजी कर उनकी पैतृक जमीन की घरौनी अपने नाम करवा ली है और अब वह साथ मे रंगदारी की मांग भी कर रहे है।जिलाधिकारी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया।उन्होंने एसडीएम राजेश कुमार विश्वकर्मा को विवादित भूमि की घरौनी बनने की जांच के निर्देश दिए।साथ ही त्योहार रजिस्टर और रजिस्टर नंबर 8 का निरीक्षण भी किया।पुलिस अधीक्षक ने कोतवाल को क्षेत्र के सभी हिस्ट्रीशीटरों की कड़ी निगरानी के निर्देश दिए। हर तीन महीने में एक बार उनसे पूछताछ करने को कहा।

# नाबालिग किशोरी को भगाने का नामजद गिरफ्तार, किशोरी बरामद

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

नगर के मोहल्ला कागजीपुरा में 17 वर्षीया किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की घटना में शामिल नामजद आरोपी को टरनंनगंज चौकी इंचार्ज रणधीर सिंह ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जबकि किशोरी को भी बरामद करने में पुलिस को सफलता मिली है। इस घटना को लेकर दो भाइयों के खिलाफमुकदमा दर्ज कर पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी है। कोतवाली में दर्ज अभियोग के अनुसार नगर के मोहल्ला कागजी पुरा निवासिनी एक किशोरी को 15 फरवरी 2025 की शाम को आरोपी तरंग पटवा पुत्र स्वर्गीय गुड़िया बहला-फुसलाकर भगा ले गया। इस घटना में तरंग के बड़े भाई नयन ने भी सहयोग किया था पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 137 (2) और 87 के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था।

क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह के निर्देश पर कोतवाल तथा टरनंनगंज चौकी इंचार्ज रणधीर सिंह के द्वारा आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई थी। बीती रात को विवेचनाधिकारी रणबीर सिंह तथा सिपाही अभिषेक कुमार तलाश में जुटे हुए थे तभी मुखबिर की सूचना पर कालपी नगर के अमलतास तिराहे आलमपुर में उपनिरीक्षक रणधीर सिंह की टीम ने घेराव करके आरोपी तरंग पटवा को पकड़ लिया।

## शराब के नशे में युवक से मारपीट की शिकायत

**जालौन,उरई।** शराब के नशे में युवक के साथ गाली, गलौज व मारपीट की शिकायत पीड़ित ने कोतवाली में की है।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बापूसाहब निवासी अमित कुमार ने पुलिस को बताया कि मोहल्ले का ही सुधीर कुमार शराब के नशे में आए दिन उसके साथ गाली, गलौज करता है और झगड़े पर आमादा हो जाता है। कई बार समझाने के बाद भी उसकी आदतों में सुधार नहीं हो रहा है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि शनिवार की सुबह वह घर के बाहर खड़ा था। तभी वहां सुधीर आ गया और उसके साथ गाली, गलौज करने लगा। मना करने पर उसने मारपीट कर दी।

# हॉरर फिल्म कोहरा यूट्यूब पर हुई लांच

**जिला बार के अध्यक्ष हिसाल बारी किदवई,अशोक वर्मा शरद राज सिंह, प्रदीप सारंग द्वारा संयुक्त रूप से की गई लांच**

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



जिले में बनी हॉरर टेलीफिल्म कोहरा के यूट्यूब के ऑफिशियल प्लेटफार्म पर शुक्रवार को जिला बार सभागार में बार अध्यक्ष हिसाल बारी किदवई, महामंत्री अशोक वर्मा, वरिष्ठ रंगकर्मी शरद राज सिंह एवं सोशल एक्टिविस्ट प्रदीप सारंग द्वारा संयुक्त रूप से लांच किया गया। विदित हो कि यह टेली फिल्म पूजा फिल्म्स प्रोडक्शन के बैनर तले स्थानीय प्रतिभाओं द्वारा बनाई गई एक हॉरर फिल्म है। टेलीफिल्म के लॉन्च के अवसर पर जिला बार के वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेंद्र यादव तथा प्रशासन मंत्री विजय पांडे ने फिल्म की पूरी टीम को इसके सफल होने की शुभकामनाएं दी। इसके साथ-साथ जाने-माने प्रसिद्ध रंगकर्मी शरदराज सिंह ने भी फिल्म में बाराबंकी के युवा कलाकारों द्वारा अभिनय करने के लिए सबको बधाई दी। बार अध्यक्ष ने पूजा फिल्म्स की आगामी योजनाओं में कचहरी की प्रतिभाओं को भी शामिल करने की बात की। ज्ञात हो कि फिल्म की प्रोड्यूसर पूजा पांडे के साथ निर्देशन विशाल पांडे द्वारा किया गया है। फिल्म की मुख्य भूमिका में अभिनेता अभिषेक कुमार, श्वेता शुक्ला, अंकुश शुक्ला, जितेंद्र कुमार, अनुष्का पांडे, विशाल रॉक्स आदि कलाकार इसमें शामिल हैं।

इस अवसर पर शॉवेज अहमद, मोहम्मद आमिर, प्रमोद यादव, पूर्व प्रकाशन मंत्री नीरज वर्मा, रोहित निगम, रमेश चंद्र, यासमीन,अमित सिंह, फरहीन, शादाब, सफ़वान किदवई, आशुतोष पाठक, मोहम्मद कफील, मोहम्मद शाद,जिमी ,अबू बकर, नीतीश पांडे,प्रदीप , वली अहमद आदि उपस्थित थे।

# शिकायतों को सप्ताहभर में करें निस्तारित : डीएम

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**



फरवरी माह के अंतिम शनिवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार की अध्यक्षता में सम्पूर्ण थाना दिवस का आयोजन थाना आटा में किया गया। सम्पूर्ण थाना दिवस में आये हुए फरियादियों की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण किये जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान प्रशासन की पहली प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस में भूमि विवाद, पारिवारिक झगड़े, आपराधिक शिकायतें तथा अन्य प्रशासनिक मुद्दों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई। इनमें से कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागों को सौंपकर एक सप्ताह के भीतर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनता की सभी शिकायतों का निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से समाधान किया जाए।

पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने भी फरियादियों को आश्वस्त किया कि पुलिस प्रशासन जनता की सुरक्षा और सेवा के लिए सदैव तत्पर है। उन्होंने उपस्थित पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित मामलों का जल्द से जल्द समाधान करें।

# सार्वजनिक मैदान में गेस्टहाउस निर्माण रोकने के लिए सौंपा ज्ञापन

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

नगर में खेल के मैदान के रूप में छत्रसाल इंटर कॉलेज के बगल में स्थित खाली मैदान को सार्वजनिक रूप से उपयोग में लिया जाता है। इस स्थान पर नगर पालिका द्वारा गेस्टहाउस व दुकानों का निर्माण प्रस्तावित है। इसको लेकर राजनैतिक दलों के साथ ही खिलाड़ियों और नगर के लोगों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर गेस्ट हाउस व दुकानों को अन्यत्र बनवाने की मांग की है। पूर्व खिलाड़ी फरीदउल्ला, सूरज प्रजापति, विनय श्रीवास्तव, मुईन, सुशील बाजपेई, अब्दुल हकीम, शशांक सिंह, रामपाल सिंह, सरबर अली, सपा नगर अध्यक्ष गौरीश द्विवेदी, पूर्व अध्यक्ष दीपू त्रिपाठी, पवन द्विवेदी, जाकिर सिद्दीकी, इसराईल शाह, दिलीप कुमार, शकील खान, परवेज, राजाभइया दोहरे, विजय कुमार आदि ने एसडीएम विनय मौर्य को ज्ञापन सौंपकर बताया कि नगर में खेल के मैदान के रूप में छत्रसाल इंटर कॉलेज के बगल में बने मैदान का उपयोग आजादी के पूर्व से किया जाता रहा है। इस स्थान पर प्रतिवर्ष अंतर्राजीय, मंडल स्तरीय व जनपदीय खेलकूद प्रतियोगिताओं के साथ ही स्थानीय स्तर पर भी खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं।

## दो पक्षों में हुई मारपीट, दोनों पक्ष पहुंचे कोतवाली

**जालौन,उरई।** रंजिश के चलते दो पक्षों के बीच गाली, गलौज व मारपीट हो गई। मारपीट के बाद दोनों पक्ष कोतवाली पहुंच गए। जहां पुलिस ने दोनों पक्षों के तीन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खटीकान निवासी एक पक्ष के समीर खां व दूसरे पक्ष के आरिफ व साबिर के बीच किसी बात को लेकर रंजिश चल रही थी। इसी रंजिश के चलते दोनों बीच आए दिन विवाद होता रहता है। शनिवार की सुबह दोनों पक्षों के बीच वाद विवाद होने लगा। वहां मौजूद लोगों ने समझाने का प्रयास किया। इसके बाद भी वह नहीं माने और उनके बीच गाली, गलौज व मारपीट होने लगी। मारपीट के बाद दोनों पक्ष कोतवाली पहुंच गए।

# एसपी ने 14 निरीक्षक, सात उप निरीक्षकों के बदले कार्यक्षेत्र

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक डा. दुर्गेश कुमार ने जनपदीय पुलिस स्थापना बोर्ड में लिये गये निर्णय के अनुसार 14 निरीक्षकों व सात उप निरीक्षकों के स्थानांतरण कर उन्हें नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार संभालने का आदेश जारी किये। स्थानांतरित निरीक्षकों व उप निरीक्षकों में निरीक्षक अजय ब्रहम तिवारी प्रभारी निरीक्षक उरई को प्रभारी निरीक्षक थाना कुठौंद, निरीक्षक अरुण कुमार राय प्रभारी निरीक्षक कोंच को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली उरई, निरीक्षक विजय कुमार पांडेय प्रभारी निरीक्षक थाना कोटरा को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कोंच, निरीक्षक विमलेश कुमार प्रभारी निरीक्षक एट को प्रभारी निरीक्षक थाना कोटरा, निरीक्षक बृजेश बहादुर सिंह प्रभारी निरीक्षक सिरसा कलार को प्रभारी निरीक्षक थाना माधौगढ़, निरीखक लोकेंद्र सिंह प्रभारी मीडिया सेल को प्रभारी निरीक्षक एट, निरीक्षक पप्पू यादव प्रभारी निरीक्षक थाना माधौगढ़ को पुलिस लाइन, निरीक्षक कृष्ण बिहारी को प्रभारी निरीक्षक थाना साइबर क्राइम को प्रभारी एसजेपीयू, निरीक्षक विवेक कुमार मौर्य प्रभारी निरीक्षक थाना एएसटी को प्रभारी निरीक्षक थाना साइबर क्राइम, उप निरीक्षक इंद्रमणि चौधरी को चौकी प्रभारी रामगंज कोतवाली कालपी को पुलिस लाइन व निरीक्षक नयन सिंह को अपराध शाखा से प्रभारी साइबर सेल के पद स्थानांतरित किया गया है।

# नाले में लकड़ी डालकर की गयी सिल्ट की जांच

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।



अद्योहस्ताक्षरी के द्वारा प्रवेश कुमार आईटीसेल,आकाश चंदेल के साथ वार्ड नं. 7 जवाहर नगर, 17 गोविन्द नगर में औचक निरीक्षण किया। जिसकी अनुपालन आख्या सम्बन्धित पटल सहायक के द्वारा एक सप्ताह में अद्योस्ताक्षरी के सम्मुख मय फोटो/साक्ष्य प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है-वार्ड नं0 .7 जवाहर नगर में निरीक्षण के दौरान हैण्डपम्प नं0 7/14, 7/17 संचालित अवस्था में नही पाये गये वार्ड सभासद के द्वारा अवगत कराया गया, नगर पालिका में कई वार शिकायत के बावजूद भी विगत चार-पांच माह से खराब चल रहे है। ट्यूब बेल नं0 11 व पिंक शौचालय के आस-पास की घास खड़ी हुयी पायी गयी। कालिका देवी मेन रोड के किनारे स्थित दुकानदार द्वारा सफाई न करने की शिकायत की गयी। उक्त शिकायत के सम्बन्ध में सम्बन्धित सफाई कर्मचारी उमादेवी (आउटसोसिंग) को बुलाकर जब इस सन्दर्भ में जानकारी चाहीं गयी, तो अद्योहस्ताक्षरी के सामने ही बहुत ही अभद्र भाषा में उक्त दुकानदार से बात की गयी जो बहुत ही अनुशासनहीनता का परिचायक है, अतः उक्त आउटसोंस कर्मचारी उमादेवी को तत्काल रूप से सेवा सामप्त कर दी जायें। अद्योहस्ताक्षरी द्वारा अजय पाल शाक्य की चक्की से तिरंगा तिराहा तक वाले नाले में लकड़ी डालकर नालें की सिल्ट की जांच की गयी, जिसमें सिल्ट पायी गायी।

सम्बन्धित जोन प्रभारी तीन दिन में समस्या का निस्तारण कर फोटोग्राफ/साक्ष्य सहित अद्योहस्ताक्षरी के सम्मुख प्रस्तुत करें, अनुपालन न करने पर इस माह का वेतन अवरूद्ध कर दिया जायेगा। वार्ड में पिन्टू वाली गली एवं बबलू वाली गली, में गली की चौडाई कम होने के कारण चूंकि टिपर नही पहुंच पाता है, अतः इन गलियों के डोर-टू-डोर कूड़े के सग्रहण हेतु ई-रिक्शे की तत्काल व्यवस्था कराना सुनिश्चित किया जायें। अवधेश शाक्य के पास नाले की पुलिया बननी है, जिसकों अवर अभियन्ता द्वारा भौतिक सत्यापन कर आगणन तैयार करें जिससे अग्रिम बोर्ड प्रस्ताव में समलित करते हुए अग्रेतर कार्यवाही की जा सकें। वार्ड नं0 17 गोविन्द नगर में निरीक्षण के दौरान हैण्डपम्प नं0 17/32, 17/21, 17/30, 354 , 17/27, 17/29 संचालित अवस्था में नहीं पाये गये। वार्ड सभासद द्वारा अवगत कराया गया कि नालियों में घास खड़ी पायी गयी व ट्यूब बेल नं0 12 के पास दुबें मार्बल छिबरामऊ के द्वारा नाली पर पट्या डाली हुयी पायी गयी व हैण्डपम्प नं0 17/17 के पास सफाई नही पायी गयी। वार्ड में मन्दिर के पीछे वाली गली की चौडाई कम होने के कारण चूंकि ई-रिक्शा नही पंहुच पाता है, अतः इन गलियों में ई'-रिक्शा खड़ा करके सभी के घर खट-खटा कर कूडा संग्रहण करना सुनिश्चित करें। सम्बन्धित जोन प्रभारी तीन दिन में समस्या का निस्तारण कर फोटोग्राफ साक्ष्य सहितअद्योहस्ताक्षरी के सम्मुख प्रस्तुत करें, अनुपालन न करने पर इस माह का बेतन अवरूद्ध कर दिया जायेगा।

# आपसी भाईचारे के साथ मनायें होली : कोतवाल

- समधन पुलिस चौकी परिसर में शांन्ति कमेटी की बैठक आयोजित

समधन, समृद्धि न्यूज़।


शान्ति कमेटी की बैठक लेते कोतवाली प्रभारी आलोक कुमार दुबे

नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में होली पर्व को आपसी भाईचारे के साथ मनाये इसके लिए कोतवाली प्रभारी ने शांन्ति कमेटी की बैठक में लोगों से सहयोग की अपील की है। शुक्रवार को समधन पुलिस चौकी परिसर में एक शांन्ति कमेटी की बैठक आयोजित हुई जिसमें गुरसहायगंज कोतवाली प्रभारी आलोक कुमार दुबे ने नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों से होली पर्व पर शांन्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिये गणमान्य नागरिकों से सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कानून के साथ खिलवाड़ करने वाले लोगों के खिलाफ पुलिस सख्ती के साथ निपटने का काम करेगी। इस अवसर पर कौशलेंद्र सिंह ठाकुर, नागेन्द्र सिंह सोलंकी, टीटू कठेरिया, सभासद आजम खान, राधेश्याम पाल, उम्मीद हसन अल्लह रक्खा, अवधेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# दबंगो ने घर में घुसकर महिला समेत तीन लोगों को पीटा

- कोतवाली क्षेत्र के भुगैतापुर गांव का मामला
- पीड़ित ने पुलिस को दिया प्रार्थना पत्र

तिर्वा, कन्नौज समृद्धि न्यूज।

कोतवाली क्षेत्र के भुगैतापुर गांव में शनिवार की शाम एक गाड़ी भरकर आए दबंगो ने एक परिवार पर हमला बोल दिया। लाठी-डंडो से मारपीट कर एक महिला समेत तीन लोगों को घायल कर दिया।

मामले में पीड़ित ने तिर्वा कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है। भुगैतापुर गांव निवासी संजय सिंह ने कोतवाली पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि शनिवार की शाम कुछ युवक एक गाडी से उसके घर पर आए। उक्त दबंगो ने घर में घुसकर मारपीट शुरू कर दी। लाठी-डंडो से मारपीट कर उसकी पत्नी सोनी, बेटे राज व नितिन को गंभीर रूप से घायल कर दिया। तीनों घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है।

उधर मारपीट की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैंद हो गई। बताया जा रहा है कि एक दिन पूर्व कन्नौज के मेंहदीघाट पुल पर कुछ युवकों के बीच विवाद हुआ था। जिसको लेकर दबंग उसके घर घुस आए और मारपीट की।

# आड़तियों के गेहूं जबरिया निकालने का संगठन करेगा विरोध

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।



भारतीय किसान यूनियन अबधेश की किसान महापंचायत राम राज मैरिज हॉल छिबरामऊ में जिला अध्यक्ष अश्विनी मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न की गई जिसमें मुख्य अतिथि पंडित अवधेश कुमार त्रिपाठी राष्ट्रीय अध्यक्ष भाकियू अवधेश व विशिष्ट अतिथि संतोष पाठक प्रदेश अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन अवधेश का किसान महा पंचायत में एक किलो 200 ग्राम गेहूं जबरदस्ती लिया जाएगा। तो हमारा संगठन इस अनैतिक कार्य के लिए उन आड़तियों का विरोध करेगा और यदि संघर्ष करना पड़ा तो किसानों के हित में संघर्ष भी किया जाएगा राष्ट्रीय अध्यक्ष के द्वारा यह घोषणा की गई थी किसान अपना अनाज गल्ला मंडी में लाता है या भेजता है तो आड़ती उसके साथ 200 ग्राम मिट्टी के नाम से एक किलो पैकेट के नाम से जब की पैकेट का वजन मात्र 450 ग्राम ही है यदि किसी किसान के द्वारा हमारे संगठन को यह शिकायत की गई तो मैं अपने पदाधिकारियों के साथ उसके विरुद्ध धरना प्रदर्शन करने हेतु बाध्य होऊंगा। किसान पंचायत का संचालन राजकुमार दुबे प्रदेश उपाध्यक्ष के द्वारा किया गया। किसान पंचायत में विवेक गुप्ता डा राजू पाल अश्विनी गुप्ता प्रमोद कुमार तिवारी गोपाल दुबे बंटी मिश्रा अशोक दुबे आशीष भदोरिया विनय कुमार दुबे सुनील कुमार कन्हैयालाल राजपूत कौशलेंद्र सिंह पवन कुमार राहुल राठौर राजीव शर्मा सतीश चंद्र तिवारी प्रियांशु यादव अरविंद कुमार दुबे चंद्रशेखर यादव नीलेश त्रिपाठी रिंकू आदि तमाम पदाधिकारी एवं किसान भाई उपस्थित रहे किसान पंचायत में संगठन की नीतियों से प्रभावित होकर तमाम पदाधिकारी को संगठन की नई जिम्मेदारी दी गई।

इसमें शैलेंद्र कुमार पाठक प्रदेश संयोजक धर्मेंद्र कुमार दुबे तहसील उपाध्यक्ष विवेक कुमार उर्फ दीपू तहसील संगठन मंत्री रिंकू ब्लॉक उपाध्यक्ष राजीव शर्मा ब्लॉक उपाध्यक्ष सोनू शर्मा तहसील उपाध्यक्ष श्याम शास्त्री को जिला उपाध्यक्ष फर्रुखाबाद नियुक्त किया गया नवनियुक्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर उपस्थित सभी पदाधिकारी ने स्वागत किया।


विदाई समारोह के दौरान मौजूद छात्र-छात्राएं।

# छात्र-छात्राओं को दी गई यादगार विदाई

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** चौधरी जयवीर सिंह इंटर कॉलेज मिश्रापुर में शनिवार को कक्षा इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें आगामी परीक्षा के लिए विद्यालय के प्रबंधक प्रशांत सिंह ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य राहुल भदौरिया ने बच्चों को परीक्षा से संबंधित सामग्री भेंट की। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृति कार्यक्रम का आयोजन कर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान उपप्रधानाचार्य आलोक कुमार यादव, संजीव मोहन शर्मा, अगम कुमार दुबे, राजेंद्र सिंह यादव, रवि, दिनेश, संगम, अभिषेक, सचिन आदि रहे।

## खबरें एक नजर में

### आलू व्यापारी को घर बुलाकर की मारपीट, छीनी नगदी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** आलू खरीद का पैसा देने किसान के घर गए व्यापारी के साथ किसान व उसके भाईयों ने गाली गलौज की और मारपीट कर उसके पास से हजारों रुपये की नगदी छीन ली। पीड़ित व्यापारी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम मधवापुर निवासी अजय दुबे पुत्र प्रवेश दुबे ने कोतवाली में दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि उसने बीती 07 फरवरी को तमियामऊ निवासी एक किसान से आलू खरीदा था। जिसके बाद बीते शुक्रवार को वह उसकी शेष राशि उसके घर देने गया और शेष रकम उसके खाते में डाल दी। तभी आलू व्यापारी ने अपने और तीन भाइयों को बुलाकर पीड़ित व्यापारी को पकड़ लिया उससे 43500 रुपये छीन लिए। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित व्यापारी की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### भूमि विवाद को लेकर युवक से की मारपीट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** खेत में हरियाली काट रहे युवक से जमीनी विवाद को लेकर उसके भाई ने गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपित युवक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम गुगरापुर निवासी श्याम सिंह पुत्र उधन सिंह ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि शनिवार की दोपहर करीब 1.30 बजे जब वह अपने खेत में हरियाली काट रहा था। तभी भूमि विवाद को लेकर उसके भाई ने उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### हारमोनल मशीन एवं एलआईएस सिस्टम का डीएम ने किया उद्घाटन



**बाराबंकी।** जिला महिला चिकित्सालय बाराबंकी में डीएनबी (स्त्री एवं प्रसूति विभाग), लाइब्रेरी तथा पैथालॉजी विभाग में स्थापित हारमोनल मशीन एवं एलआईएस सिस्टम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने विशिष्ट अतिथि एसपी दिनेश कुमार सिंह, सीएमओ की उपस्थिति में किया। उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, चिकित्सा अधीक्षक/ डीएनबी नोडल, डीएनबी फैकल्टी, डीएनबी कोर्स प्रशिक्षार्थी एवं चिकित्सालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। जिला महिला चिकित्सालय बाराबंकी में डीएनबी डिप्लोमा पाठ्यक्रम एवं हार्मोनल जॉच की सुविधा उपलब्ध हो गई है। अब चिकित्सालय में गर्भवती महिलाओ की थायराइड, कैंसर, बॉझपन आदि से संबंधित जाँचे नियमित होंगी जिससे जनता लाभान्वित होगी।

# एसडीएम ने तिर्वा कोतवाली में सुनी लोगों की शिकायतें

- सात फरियादियों ने दर्ज कराई शिकायतें, तीन निस्तारित

तिर्वा, कन्नौज समृद्धि न्यूज।

कोतवाली परिसर में शनिवार को एसडीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण थाना दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान सात फरियादियों ने अपनी शिकायतें रखी। जिनमें से तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को सम्बन्धित अधिकारियों को भेजकर जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। आयोजित समाधान दिवस के दौरान एसडीएम अशोक कुमार ने कहा कि समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों को समय से निस्तारित करें। राजस्व संबंधित शिकायतों के निस्तारण के लिए क्षेत्रीय लेखपाल राजस्व कर्मियों व पुलिस बल के साथ मौके पर जाकर जांच पड़ताल कर उनका निस्तारण करें। निस्तारण के बाद वादी को मोबाइल पर सूचना अवश्य दे। जिससे वह बार बार अफसरों के चक्कर न लगाए। उन्होने कहा कि थाने में महिलाओं से संबंधित आने वाली शिकायतों के लिए महिला हेल्प डेस्क पर 24 घण्टे महिला पुलिस कर्मियों की तैनात रहे। महिलाएं संबंधित शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए समय से निस्तारित करें।

# समाधान दिवस में आई चार शिकायतें, नहीं हुआ निस्तारण

गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।


समाधान दिवस में समस्या सुनते अधिकारी।

- अपर पुलिस अधीक्षक व उपजिलाधिकारी ने सुनी समस्याएं

शासन के निर्देश पर हो रहे समाधान दिवस में राजस्व संबंधी कुल चार शिकायतें आई। जिसमें से किसी भी समस्या का निस्तारण नहीं हो सका और शिकायतकर्ता निराश होकर अपने घरों को लौट गए।

शनिवार को कोतवाली परिसर में एएसपी अजय कुमार व एसडीएम छिबरामऊ ज्ञानेंद्र द्विवेदी के नेतृत्व में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कुल चार शिकायतें राजस्व से संबंधित आई। जिसमे कस्बा समधन के मोहल्ला सिकंदर नगर निवासी मोहम्मद फैज व मोहल्ला सैयद वाडा निवासी मजहरूद्दीन ने अपनी भूमि की पैमाइश कराए जाने को लेकर एसडीएम को प्रार्थना पत्र सौंपा। जबकि फर्रुखाबाद के खुदागंज करनौली निवासी विजयलक्ष्मी ने भूमि विवाद का निस्तारण न होने पर शिकायत की मांग की। इसी प्रकार ग्राम रसूलपुर निवासी आनंद तिवारी पुत्र शिवलखन तिवारी ने अवैध कब्जे को हटवा कर कब्जा दिलाए जाने की मांग की। सभी मामलों में अधिकारियों ने राजस्व पुलिसकर्मियों को मौके पर जांच कर समस्या का निस्तारण किए जाने के दिशा निर्देश दिए। इस कोतवाली प्रभारी आलोक कुमार दुबे, विष्णुकांत तिवारी, शैलेंद्र प्रताप सिंह, उपनिरीक्षक सहित राजस्व व पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# रंजिश को लेकर महिला से की मारपीट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** रंजिश के चलते मोहल्ले के ही लोगों ने महिला के दरवाजे पर आकर उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सराय प्रयाग निवासिनी मन्नू देवी पत्नी दिलीप कुमार गिहार ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि शनिवार की सुबह करीब 08 बजे मोहल्ले के ही चार लोगों ने रंजिश के चलते उसके दरवाजे पर आकर गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित महिला की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# लेखन कौशल निखारने के लिए हुई सुलेख प्रतियोगिता

- प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखवाया हुनर

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज।


प्रतियोगिता में सुलेख दिखवाते बच्चें व मौजूद शिक्षक-शिक्षका

परिषदीय विद्यालयों में कक्षा 3 से 8 के छात्र-छात्राओं के लेखन कौशल को निखारने एवं उनकी रचनात्मकता को बढ़ाने के उद्देश्य से हिन्दी सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें दो श्रेणियों में बांटा गया।

पहली कक्षा तीन से पांच तक और दूसरी श्रेणी में छह से आठवीं तक प्रतियोगिता हुई। क्षेत्र के जसपुरापुर सरैया स्थित पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय प्रथम में सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपनी-अपनी प्रतिभा दिखाई। विद्यालय की प्रधानाध्यपिका रेनू कमल ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य है कि छात्रों में हस्तलिपि सुधारने की प्रवृत्ति विकसित करना और हिंदी भाषा के प्रति रुचि तथा प्रेम को बढ़ाना और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना। उन्होंने ने बताया कि प्रतियोगिता में चयनित बच्चों को जिला स्तर पर सम्मानित और पुरस्कृत किया जाएगा।

# मात्सियकी परियोजनाओं में लाभ के लिए 28 तक करें आवेदन

- परियोजना में आवेदन करने हेतु लाभार्थी पूर्णकालिक सक्रिय मछुआरा होना चाहिए

कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



मत्स्य विभाग के अर्न्तगत वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना की 23 मात्सियकी परियोजनाओं के लाभ से जनसामान्य को आच्छादित करने के लिए ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने हेतु विभागीय पोर्टल 15 तक खोला गया था। परन्तु लक्ष्य के सापेक्ष आवेदन प्राप्त न होने की दशा में आवेदन करने की तिथि 28 फरवरी कर दी गयी है। यह जानकारी मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास प्राधिकरण ने दी। उन्होंने बताया कि संदर्भित योजना के अंतर्गत एक नयी परियोज़ना भी इस वित्तीय वर्ष से संचालित की जा रही है। जिसमें मछली पकड़ने के प्रतिबंध दुर्बल अवधि के दौरान मत्स्य पालन संसाधनों के संरक्षण के लिए पिछड़े हुए सक्रिय पारंपरिक मछुआरों के परिवारों के लिए आजीविका और पोषण संबंधी वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। सभी इच्छुक मछुआरों से अनुरोध है कि कृपया अधिक से अधिक आवदेन कर योजना का लाभ लेने का कष्ट करें। प्रश्नगत परियोजना में आवेदन करने हेतु लाभार्थी पूर्णकालिक सक्रिय मछुआरा होना चाहिए साथ ही यह एक कार्यात्मक स्थानीय मछुआरा सहकारी समिति का सदस्य हो और गरीबी रेखा से नीचे ;बीपीएल हो जिसकी आयु 18 से 60 वर्ष के बीच हो। इसके अतिरिक्त जानकारी मत्स्य विभाग विकास भवन से प्राप्त की जा सकती है।

# ओवरलोड वाहनों पर होगी कार्रवाई: अरशद अली

- अभियान चलाकर टीएसआई ने पढ़ाया नियमों का पाठ

कन्नौज, समृद्धि न्यूज।


लोगों को जागरूक करते टीएसआई अरशद अली

हादसे को रोकने के लिए यातायात पुलिस लगातार शहर से लेकर विभिन्न क्षेत्रों में यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर रही है। और नियमों का पालन करने की अपील भी कर रही है। शनिवार को शहर के लाखन तिराहा, रोडवेज बस स्टैंड, मानीमऊ आदि स्थानों पर टीएसआई अरशद अली ने आमजन को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया।

टीएसआई ने आमजन को बताया कि स्वयं यातायात नियमों को जाने और दूसरों को भी समझाने का प्रयास करें। ताकि लोग नियमों को सीख सके और समाज को जागरूक करे। कहा कि जो चालक बाइक पर हेलमेट लगा कर नहीं चल रहे थे। उन्हें आगे से हेलमेट लगाने की चेतावनी देते हुए टीएसआई अरशद ने बाइक पर पहले हेलमेटए बाद में चाबी लगाएं। साथ ही पंपलेट भी चिपकाएं टेंपो, टैक्सी, ई. रिक्शा चालकों को चेतावनी दी। कि यदि कोई भी वाहन चालक क्षमता से अधिक सवारी बैठाता है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही गलत दिशा चलने वालों को भी सख्त हिदायत दी गई।

इस दौरान मुख्य आरक्षी नवदीप कुमार, पीआरडी चंदन सिंह सहित आदि रहे।

# एमओआईसी बोले स्वस्थ शरीर के लिए स्वस्थ आहार जरूरी

- प्रभारी चिकित्साधिकारी ने सही आहार, नियमित व्यायाम, स्वच्छता और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर दिया जोर

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।



शिविर में परीक्षण करते प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ आनंद कुमार

एनएसएस सात दिवसीय शिविर के तहत तृतीय दिवस का कार्यक्रम संपन्न हुआ। शिविर में चिकित्सकों द्वारा मौसमी बीमारियों से बचाव की जानकारी दी गयी। गुगरापुर क्षेत्र के चांदापुर स्थित अविका डिग्री कॉलेज चांदापुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित ग्राम पंचायत लालपुर में सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस का चिकित्सा शिविर के माध्यम से मौसमी बीमारियों से बचाव और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर जागरूकता फैलाना। पहले सत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुगरापुर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ आनंद कुमार ने स्वयंसेवकों को मौसमी बीमारियों के बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस सत्र में उन्होंने सही आहार, नियमित व्यायाम, स्वच्छता और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर जोर दिया, जो स्वस्थ जीवनशैली की बुनियादी तत्व हैं। कहा कि बदलते मौसम में स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहे। द्वितीय सत्र में एमओआईसी डॉ आनंद कुमार ने चिकित्सा शिविर के तहत मौसमी बीमारियों के इलाज के बारे में मार्गदर्शन किया।

उन्होंने रोगों का निदान किया और मरीजों को दवाइयाँ वितरित की। शिविर के अंतर्गत खेल गतिविधियाँ आयोजित हुई। जिनमें स्वयंसेवकों ने खो- खो में भाग लिया। खेल ने उनके शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ किया और साथ ही उन्हें टीमवर्क और सहयोग के महत्व को समझने का अवसर प्रदान किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पल्लवी यादव के निर्देशन में सभी गतिविधियाँ सफलतापूर्वक संपन्न हुईं।

# पैसा वापस मांगने पर युवक को दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** धोखाधड़ी कर लिए गए पैसे को वापस मांगने पर युवक ने पीड़ित से अभद्रता शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपित युवक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग है। ग्राम खिवराजपुरवा निवासी नन्हे उर्फ हंसकुमार पुत्र मैकूलाल ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि गुरसहायगंज के मोहल्ला गांधी नगर निवासी एक युवक ने उससे 20000 रुपये धोखाधड़ी करके ले लिया था। जब पीड़ित ने अपना पैसा वापस मांगा तो आरोपित युवक ने उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर जान से मार डालने की धमकी भी दी। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# जिलाधिकारी ने अस्थायी गौशाला का निरीक्षण कर की गौ सेवा


गौ सेवा करते जिलाधिकारी


निर्माणाधीन गौशाला का निरीक्षण करते जिलाधिकारी

**फरुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने नगर पंचायत खिमसेपुर के नगला बाग रठौरा में स्थित अस्थाई गौशाला का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी द्वारा गौशाला के भंडारण कक्ष का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में कुल 434 गौवंश पाये गये।

जिनमें से 395 की जिओ टैगिंग की जा चुकी है। गौशाला में पशुओं के चारे के लिये 858.5 कुंतल भूसा, 25 कुंतल दाना, 04 कुंतल नमक व 07 कुंतल चूना स्टॉक में पाया गया। 40 बीघा गौचर भूमि पर हरा चारा बोया गया है।

गौशाला में पशुओं की सेवा के लिये 07 केयर टेकर नियुक्त हैं। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा गौशाला के निर्माणाधीन भवन का भी निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा सभी गौवंश की अच्छी तरह देखभाल करने व उनको समय पर दाना पानी देने व डॉक्टर की विजिट समय से कराने के निर्देश दिये। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा गायों को गुड़ खिलाकर गौसेवा की गई। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर, अध्यक्ष नगर पंचायत व संबंधित उपस्थित रहे।

## डीएम ने विद्यालयों का निरीक्षण कर शिक्षा की परखी गुणवत्ता


बच्चों से जानकारी करते जिलाधिकारी

**फरुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा संविलियन कन्या विद्यालय खिमसेपुर एवं संविलियन विद्यालय खिमसेपुर विकासखण्ड मोहम्मदाबाद का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। विद्यालयों में शिक्षा का स्तर सामान्य पाया गया। साफ–सफाई की स्थिति असंतोषजनक पाई गई। जिलाधिकारी ने इस पर नाराजगी जताई व ई0ओ0 खिमसेपुर को विद्यालय परिसर में साफ–सफाई के लिये निर्देशित किया। जिलाधिकारी द्वारा अध्यापकों व बच्चों की उपस्थिति पंजिका चेक की गयी। संविलियन कन्या विद्यालय में 03 शिक्षामित्र अनुपस्थित पाये गये। जिलाधिकारी द्वारा शिक्षामित्रों के विरुद्ध जांचोपरांत आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी द्वारा शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार करने के लिये निर्देशित किया एवं मिड डे मील में मिल रहे खाने की गुणवत्ता व मात्रा के बारे में जानकारी की प्राप्त की। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर व संबंधित मौजूद रहे।

# आवारा गौवंशों को पकड़कर पहुंचाया गया गौशाला


आवारा गौवंशों को पकड़ते नगर पालिका के कर्मचारी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

किसानों की फसलों को बचाने व गौवंश से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए निराश्रित गौवंशों को पकड़कर गौशाला भिजवाया गया। जानकारी के अनुसार शनिवार को कायमगंज अधिशासी अधिकारी लव कुमार मिश्रा के निर्देश पर नगर पालिका परिषद कायमगंज की टीम ने निराश्रित गौवशो को पकड़कर रुकैया खालिदादपुर स्थित गौशाला मे पहुँचाया।

बताते चलें कि आवारा गौवंश से क्षेत्रीय किसान काफी परेशान हैं, क्योंकि उनकी गेहूं की फसल को आवारा गौवंश खाकर नष्ट कर रहे हैं। जिससे ग्रामीण काफी परेशान थे। उन्होंने कई बार शिकायत भी की, लेकिन उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ। साथ ही पशुओं से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने तथा पशुओं को दुर्घटनाओं से बचाने के लिए नगर पालिका के ईओ के निर्देश पर आवारा गौवंशों को पकड़कर गौशाला भिजवाया गया। इस दौरान सफाई एवं खाद्य निरीक्षक अनिल कुमार, आजाद, आरआई अन्शुमान, आनन्द शुक्ला, सफाई नायक ब्रजेन्द्र सिंह, सुभाष चन्द्र, रवि कुमार, अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।

## थाना दिवस में तहसीलदार ने सुनीं समस्यायें


समस्यायें सुनते तहसीलदार व मौजूद थानाध्यक्ष

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली परिसर में थाना दिवस का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता तहसीलदार विक्रम सिंह ने की। दूरदराज से आये हुए फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकरियों को समयबद्ध तरीके से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। इसी बीच प्रभारी निरीक्षक राम अवतार भी मौजूद रहे। क्षेत्र के अनुराग गोयल पुत्र शम्भूशरन ने थाना दिवस में शिकायती पत्र दिया। जिसमें उन्होंने कहा कि हमारी जमीन जिसकी गाटा संख्या 101 रकवा 1.100 हे0 है। जिस पर गांव के ही सूरजपाल पुत्र कामता तथा रामसेवक पुत्र लालमन ने हमारी भूमि पर कब्जा कर लिया है। जिसकी वजह से मैं काफी परेशान हूँ। पीड़ित ने न्याय के लिए तहसीलदार विक्रम सिंह से गुहार लगाई है। तहसीलदार ने अधिकारियों से कहा कि फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण ससमय करें। किसी भी फरियादी को परेशान न किया जाये। इस मौके पर तहसीलदार विक्रम सिंह, प्रभारी निरीक्षक रामअवतार, एसआई सुरजीत सिंह, एसआई शमीमउद्दीन, कानूनगो जगदीश कुमार आदि अधिकारी व राजस्व कर्मचारी मौजूद रहे।

## अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न करने पर महिला को मारपीट कर किया बेघर

**फरुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अतिरिक्त दहेज में 10 लाख रुपये की मांग को लेकर ससुरालीजनों ने महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगायी। पुलिस ने महिला का डाक्टरी परीक्षण कराया।

पीड़ित महिला अंबिका पत्नी सुशील कुमार मोहल्ला ग्वालटोली फतेहगढ़ की निवासिनी है। पीड़िता का विवाह हिन्दू रीतिरिवाज के अनुसार सुशील कुमार पुत्र रामवीर के साथ दिनांक 22.11.2024 को हुआ था। पति सुशील कुमार आर्मी मेडिकल कोर (ए0एम0सी0) में सरकारी सेवा में हैं। विवाह में पिता प्रदीप कुमार ने एक चार पहिया गाड़ी एक्सयूवी 3 एक्स0ओ0 ससुरालीजनों को दी थी। इसके अलावा 5 लाख रुपये की नकदी, पति को सोने की पांच अंगूठी, सोने की चेन, कान के झुमके, नाक की बाली, सोने की अंगूठी, बिछिया व तोड़ियां दी थीं। ननद कंचन को एक जोड़ी पायल व एक जोड़ी सोने के कान के कुंडल, ससुर रामवीर सिंह व देवर आशीष को एक-एक सोने की अंगूठी एवं इसके अतिरिक्त गृहस्थी का सारा सामान सोफा, डबल बेड, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, एल0ई0डी0 टीवी इत्यादि उपहार स्वरूप दिया था। पीड़िता विवाह के बाद जब अपनी ससुराल पहुंची, तो दो-चार दिन ससुरालीजनों का व्यवहार पीड़िता के प्रति ठीक रहा। उसके बाद पति सहित उपरोक्त सभी ससुरालीजन पीड़िता से अतिरिक्त दहेज में 10 लाख रुपये की मांग करने लगा। जिस पर पीड़िता ने विवशता जाहिर की। जब पीड़िता ने यह बात अपने पिता को बतायी, तो उन्होंने देने में असमर्थतता जतायी। जिस पर ससुरालीजन उसे प्रताड़ित करने लगे। माह दिसम्बर 2024 में अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुये उपरोक्त सभी ससुरालीजनों ने पीड़िता को मारपीट कर घर से निकाल दिया था। तब पंचायत किये जाने पर पति व अन्य ससुरालीजन पीड़िता को बुला ले गये थे। परन्तु पति अन्य ससुरालीजनों के व्यवहार में कोई परिवर्तन नहीं आया और दिनांक 21.02.2025 अतिरिक्त दहेज में 10 लाख रुपय की मांग करते हुए पीड़िता को पति सुशील कुमार, देवर आशीष, ससुर रामवीर सिंह, सास मीरा देवी एवं ननदें पीड़ितों को लात-घूसों से मारपीट कर मात्र पहने हुये कपड़ों में समस्त स्त्रीधन छीनकर घर से निकाल दिया। पीड़िता अपने घर पहुंची और पिता के साथ थाने पर शिकायत करने गयी, परन्तु पुलिस ने मामले में कोई रुचि नहीं दिखायी। तब पीड़िता ने एसपी को प्रार्थना पत्र दिया।

## खबरें एक नजर में

### ननद को भगा ले गया युवक, भाभी ने दर्ज कराया मुकदमा

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी भाभी ने पड़ोसी युवक जोनी यादव पुत्र गुल्लन सिंह पर ननद को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 17 फरवरी की रात किसी समय मेरी 16 वर्षीय ननद को पड़ोसी युवक जोनी बहला-फुसलाकर घर से भगा ले गया। घटना की जानकारी रात 12 बजे हुई। तब खोजबीन के दौरान पता चला कि मेरी ननद को जोनी बहला-फुसलाकर भगा ले गया। घर से जाते समय मेरी ननद बक्से में रखा सोने का एक हार, सोने की चार चूड़ी, सोने की दो अंगूठी, करधनी और 50 हजार रुपए की नकदी भी अपने साथ ले गई। किशोरी की भाभी ने बताया कि मेरे सास, ससुर का देहांत हो चुका है। मेरापुर पुलिस ने घटना के चार दिन बाद मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच संकिसा चौकी प्रभारी अवदेश अवस्थी के सुपुर्द कर दी।


### हेड मोहर्रिर, सिपाही सहित तीन लाइन हाजिर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना कमालगंज के हेड मोहर्रिर रामपाल सिंह, सिपाही अखिलेश जादौन व ड्राइवर शिवराज सिंह को लाइन हाजिर कर दिया गया। बताया गया कि दीवान रामपाल सिंह व सिपाही अखिलेश जादौन काफी समय से भ्रष्टाचार में लिप्त थे। अनुशासनहीनता कर मनमाने ढंग से काम करते थे। एसओ की चेतावनी देने के बाबजूद जब दीवान व सिपाही का रवैया नहीं बदला, तो उन्होंने एसपी को दागी कर्मचारियों के विरुद्ध एसआर भेज दी। आला अधिकारी ने दीवान व सिपाही को लाइनहाजिर करने का निर्देश परसों थाना अध्यक्ष को दिया। थानाध्यक्ष अनुराग मिश्रा ने बीते दिन दीवान व सिपाही की पुलिस लाइन के लिए रवानगी करवा दी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वाहन चालक शिवराज सिंह दीवान व सिपाही के कारनामों की जानकारी एसओ को देता था। वहीं विधायक के करीबी सिपाही अखिलेश जादौन ने ड्राइवर शिवराज सिंह को हटवाने की मुहिम चलायी। विधायक द्वारा आला अधिकारी से सिफारिश की गई कि दागी चालक को भी लाइन हाजिर किया जाये। अथवा लाइन हाजिर किए गए सिपाही की थाने में वापसी की जाए। चर्चा है कि देर सवेर ड्राइवर को भी लाइन भेज दिया जाएगा। थानाध्यक्ष अनुराग मिश्रा ने बताया की हेड मोहर्रिर रामपाल सिंह व सिपाही अखिलेश जादौन की तरह चालक शिवराज सिंह भी लाइन हाजिर हो गया है। आदेश मिलते ही शिवराज सिंह की भी रवानगी कर दी जाएगी।

### शराबी दबंगों ने युवक से मारपीट कर महिला से की वदसलूकी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पीड़ित महिला पूजा पत्नी अजीत निवासी ग्राम नीबलपुर टटिया की रहने वाली है। शनिवार को शाम 5:30 बजे मेरा भाई धर्मवीर व अतुल पांचाल घाट से सब्जी लेकर घर आ रहे थे, तभी तीन चार अज्ञात लड़के जो कि शराब पिये हुये थे। उपरोक्त लड़के धीमरपुरा के थे। उपरोक्त लोगों ने मेरे भाई की साइकिल रोकी और सभी लोग मेरे भाई के साथ गाली-गलौज करने लगे। जिस पर मेरे भाई ने विरोध किया, तो उपरोक्त लोग मेरे भाई के साथ मारपीट करने लगे व जान से मारने की धमकी देने लगे। जब मेरा भाई भागने लगा, तो उपरोक्त लोगों ने भैरोघाट तक पीछा किया, तभी वहां मैं पहुंच गयी। उपरोक्त लोग मुझसे वदसलूकी करने लगे। पुलिस ने पीड़िता को कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

# युवा प्रतिभा शिवम अवस्थी को उपराष्ट्रपति ने किया सम्मानित


शिवम अवस्थी को सम्मानित करते उप राष्ट्रपति

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

युवा प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण क्षण तब देखने को मिला जब भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शिवम अवस्थी को उनके कार्यालय में इंटर्नशिप पूरी करने पर प्रमाण पत्र प्रदान किया।

यह सम्मान शिवम के लिए न केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि उनके राजनीतिक सफर की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है। शिवम अवस्थी जो मूल रूप से उत्तर प्रदेश के अमृतपुर से हैं। बचपन से ही राजनीति और सामाजिक सेवा की ओर झुकाव रखते आए हैं। उन्होंने दिल्ली में भाजपा के मंडल अध्यक्ष और राज्य कार्यकारिणी सदस्य के रूप में कार्य किया है और सक्रिय रूप से राजनीति में योगदान दे रहे हैं। उपराष्ट्रपति कार्यालय में उनकी इंटर्नशिप ने उन्हें प्रशासनिक कार्यों, नीति निर्माण और सुशासन के गहरे पहलुओं को समझने का अवसर प्रदान किया। सम्मान प्राप्त करने के बाद शिवम अवस्थी ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा यह मेरे लिए एक गर्व का क्षण है। मैं अपने गांव अमृतपुर के दोस्तों प्रशांत अवस्थी, गोपाल सक्सेना, माता-पिता और परिवार के सभी सदस्यों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। जिनके सहयोग और आशीर्वाद से मैं यहां तक पहुंचा हूँ। भविष्य की योजनाओं के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि वे राजनीति में अपना कैरियर बनाना चाहते हैं और समाज सेवा के माध्यम से देश के विकास में योगदान देने की इच्छा रखते हैं। उनका मानना है कि राजनीति सिर्फ सत्ता तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि इसका उद्देश्य जनता के कल्याण और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाना होना चाहिए। उनकी इस उपलब्धि पर उनके परिवारए मित्रों और शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल है। शिवम अवस्थी जैसे युवा जो नेतृत्व की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। निश्चित रूप से देश के भविष्य के लिए एक सकारात्मक संकेत हैं।


गेस्ट हाउस मालिकों की बैठक लेते थानाध्यक्ष

## रात्रि 10 बजे के बाद साउंड बजाया, तो होगा चालान: थानाध्यक्ष

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** थानाध्यक्ष ने गेस्ट हाउस मालिकों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जानकारी के अनुसार कादरीगेट थाना अध्यक्ष के द्वारा बस स्टैंड पुलिस चौकी पर सभी साउंड व सभी गेस्टहाउस मालिकों को बुलाकर समझाया बुझाया गया। थानाध्यक्ष आमोद कुमार सिंह ने सभी गेस्ट हाउस मालिकों को निर्देश दिये कि 10 बजे के बाद अगर कहीं साउंड बजता नजर आया, तो साउंड कब्जे में ले लिया जायेगा और मालिक का चालान कर दिया जायेगा। बताते चलें कि अब बोर्ड परीक्षायें शुरु हो चुकी हैं। जिसके मद्देनजर यह निर्णय लिया गया है। थानाध्यक्ष ने कहा कि किसी भी बच्चे को पढ़ाई में दिक्कत नहीं होनी चाहिए। इस मौके पर थानाध्यक्ष कादरीगेट आमोद कुमार सिंह, पुलिस चौकी रोडवेज प्रभारी कपिल कुशवाहा, ट्रैफिक इंचार्ज सत्येंद्र आदि लोग मौजूद रहे।

## केंद्रीय कारागार में सजा काट रहे कैदी की हालत बिगड़ी



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

केंद्रीय कारागार में निरुद्ध वृद्ध कैदी की हालत बिगड़ गयी। उसे बंदी रक्षकों ने डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार कल्लू सिंह पुत्र बसंत सिंह 75 वर्षीय निवासी शेओली कानपुर हत्या के मामले में केंद्रीय कारागार में सजा काट रहा है। शनिवार को उसकी हालत बिगड़ गयी। जिस पर बंदी रक्षक अमर सिंह यादव व प्रदीप सिंह ने उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉ. अभिषेक चतुर्वेदी ने हालत गम्भीर होने पर कानपुर हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। बताते चलें कि कैदी काफी दिनों से केंद्रीय कारागार में सजा काट रहा है।

## चीनी मिल में बोर्ड की बैठक सम्पन्न, कई महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर हुई चर्चा

**कायमगज, समृद्धि न्यूज।**


बैठक लेते उपाध्यक्ष जय गंगवार व मौजूद जीएम

चीनी मिल में बोर्ड की बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता चीनी मिल प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष जय गंगवार ने की।

बैठक में मिल प्रशासन की ओर से दो प्रस्ताव बोर्ड के सामने रखे गए। जिसमें 2 करोड़ 45 लाख से शीरा टैंक का निर्माण कराना। दूसरा चीनी मिल से सीओ ऑफिस तक की सड़क का निर्माण एक करोड़ 10 लाख से करने का प्रस्ताव रखा गया। इन प्रस्तावों को बोर्ड ने यह कहकर खारिज कर दिया है कि पिछली बार बोर्ड की बैठक में जिन प्रस्तावों पर चर्चा हुई थी उन पर ना तो कोई कार्रवाई की गई ना ही अमल में लाए गए। डायरेक्टर अमरदीप दीक्षित ने कहा कि पिछली मीटिंग में उन्होंने मिल में कार्य करने वाले कर्मचारियों की जानकारी मांगी थी। जो अभी तक उपलब्ध नहीं कराई गई है। मेंटीनेंस में कितना पैसा आता है मशीनों की मरम्मत के लिए उपलब्ध कराई गई धनराशि की भी जानकारी मांगी गई थी। जो नहीं दी गई। उन्होंने कहा की 1 लाख से ऊपर के टेंडर की जानकारी बोर्ड को देने का प्रावधान है।

मीटिंग में कई मांगे रखी गई थीं, लेकिन उनका अनुपालन आज तक नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि बोर्ड की बैठक में प्रस्ताव रखे जाते हैं, लेकिन अधिकारियों की मनमानी के चलते उनका क्रियान्वयन नहीं किया जाता। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपने अधिकारों का लाभ उठाते हैं। बैठक में शौचालय को मॉडर्न बनवाने और कैंटीन का नवीनीकरण कराने की मांग उठाई गई। इस दौरान सुदामा देवी, अच्युत कुमार, ओंकार सिंह, सुमन लता, श्रीकृष्ण, रामकिशोर, शीलेश तिवारी मौजूद रहे। बैठक के बाद सभा कक्ष के बाहर निकलने पर दो दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों ने जीएम और बोर्ड सदस्यों के सामने पिछले कई महीनों का वेतन न मिलने का मामला रखा। गुस्साए कर्मचारियों ने वेतन न मिलने पर आत्महत्या तक की धमकी दे डाली। इस सम्बन्ध में महा प्रबंधक शादाब असलम ने कहा कि जिस कार्यदाई संस्था के माध्यम से काम कर रहे हैं। उनके माध्यम से मानदेय दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

# हत्याभियुक्त गिरफ्तार, निशानदेही पर आलाकत्ल डंडा बरामद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


पुलिस हिरासत में अभियुक्त आलाकत्ल के साथ

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मऊदरवाजा पर पंजीकृत हत्या के अभियोग में वांछित अभियुक्त को थाना मऊदरवाजा पुलिस द्वारा दिनांक 21.02.2025 की रात्रि मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर अभियुक्त की निशानदेही पर आलाकत्ल बरामद किया है। जानकारी के अनुसार पिंकू पुत्र स्व. रामदास निवासी मोहल्ला नौलक्खा थाना मऊदरवाजा ने थाने पर प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें कहा कि दिनांक 07.02.2025 को अभियुक्तगण आशिफ उर्फ पड्डा पुत्र स्व. मुजीब, शाहबाज उर्फ लाका पुत्र रहीस निवासीगण मोहल्ला खैराती खाँ बंगशपुरा कोहना कोतवाली फर्रुखाबाद ने उसके भाई रजत से शराब पीने के लिये रुपये माँगे। मना करने पर उसके भाई के साथ उपरोक्त अभियुक्तगणों ने गाली-गलौज करते हुये मारपीट की। फिर दिनांक 08.02.2025 को इसी रंजिश में अपना बर्चस्व दिखाने के लिये उसके भाई रजत के घर में ईट पत्थर फेंके। फिर घर में घुसकर उसको जातिसूचक गालियां देकर जान से मारने की नीयत से लाठी-डन्डों से मारापीटा। मारपीट में आयी चोटों से उसके भाई रजत की दिनांक 10.02.2025 को मृत्यु हो गयी। उक्त तहरीरी सूचना पर दिनांक 13.02.2025 को ही थाना मऊदरवाजा पर मु0अ0सं0 43/2025 धारा 333/ 115 (2)/ 352/351 (3)/125/103 बीएनएस व 3(2)(5) एससी/एसटी एक्ट बनाम आशिफ उर्फ पड्डा, शाहबाज उर्फ लाका उपरोक्त पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना क्षेत्राधिकारी नगर ऐश्वर्या उपाध्याय के द्वारा की जा रही है। जिनके निर्देशन में दिनांक 21.02.2025 की रात्रि थानाध्यक्ष बलराज सिंह भाटी के नेतृत्व में उ.नि. लछिमन सिंह चौकी प्रभारी बजरिया मय हमराह फोर्स के द्वारा मुखबिर की सूचना पर हत्या के अभियोग में वांछित अभियुक्त शाहबाज उर्फ लाका उपरोक्त को घेरकर पानी की टंकी करबला चिलसरा चुंगी के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के उपरान्त उसकी निशादेही से मृतक रजत की हत्या में प्रयुक्त आला कत्ल डण्डा/बैंत को पुलिस कब्जे में लिया गया।

# दबंग महिला से परेशान शिक्षक पहुंचा थाना दिवस में

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

- बेची गयी भूमि का चार लाख रुपया दिलाने की उठायी मांग
- एडीएम के आदेश पर नायब तहसीलदार, कानूनगो व क्षेत्रीय लेखपाल ने मौके पर जाकर दोनों पक्षों को हिस्सानुसार भूमि पर दखल करा दिया था कब्जा

पीड़ित शिक्षक ने थाना दिवस में प्रार्थना पत्र देकर बकाया रुपया दिलाये जाने की मांग की है। वहीं पुलिस ने पीड़ित को उसकी समस्या का समाधान कराये जाने का आश्वासन दिया।

जानकारी के अनुसार पीड़ित ब्रजपाल पुत्र देशराज सिंह निवासी ग्राम अर्जुन नगला थाना कादरीगेट ने शनिवार को थाना समाधान दिवस में थानाध्यक्ष को प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें कहा कि पीड़ित की पत्नी के नाम ग्रामसभा वर्ना बुजुर्ग में 7.5 बीघा जमीन है। जिसमें से एक बीघा कृषि भूमि पीड़ित ने रामसखी पत्नी सेवकराम निवासी आवास विकास दीक्षित वाली गली फर्रुखाबाद को 37 लाख रुपयों में बिक्री की थी। जिसमें से 5 लाख रुपया समझौते के तहत उधार किया तथा 32 लाख रुपया चेकों के माध्यम से भुगतान होना था, लेकिन एक चेक चार लाख रुपये की हस्ताक्षर भिन्नता के कारण बैंक ने वापस कर दी। दिनांक 04.02.2025 को एडीएम के आदेश पर मौके पर नायब तहसीलदार, कानूनगो व क्षेत्रीय लेखपाल ने मौके पर जाकर दोनों पक्षों को बुलाकर हिस्सानुसार भूमि पर कब्जा दखल करा दिया था। इसके बाद दिनांक 05.02.2025 को रामसखी ने पीड़ित को दूसरी चेक देने के लिए बुलाया। पीड़ित जब घर पहुंचा, तो उन्होंने अपने रिश्तेदार अरविन्द राजपूत उर्फ बबलू को फोन करके बुलाया। अरविन्द राजपूत अपने साथ एक व्यक्ति को लेकर जैसे ही घर पहुंचा, तो रामसखी ने कहा कि शिक्षक पैसे मांगने आया है इस जान से मार दो। जिस पर अरविन्द व उसके साथी ने मोटर साइकिल की चाबी छीनकर मारने पीटने लगे। पीड़ित ने आरोप लगाया कि जेब में रखे 20 हजार रुपये, गले में पड़े सोने की जंजीर तथा फोन छीन लिया, तभी पड़ोसी व्यक्ति ने आकर पीड़ित को बचाया तथा मोटर साइकिल की चाबी दिलवायी। पीड़ित ने इस संबंध में थाना जहानगंज पर दिनांक 07.10.2024 तथा थाना दिवस में दिनांक 28.12.2024 तथा पुलिस अधीक्षक को दिनांक 21.01.2025 को प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। उल्टा इसके विपरीत रामसखी ने अपने वकील के माध्यम से दिनांक 18.02.2025 को पीड़ित के पास एक नोटिस भिजवाया। जिसमें कई झूठे आरोप लगाकर पीड़ित व उसके परिवार पर न्यायालय में मुकदमा चलाने की धमकी दी है। जिस पर पीड़ित ने आज थाना दिवस में पहुंचकर पुनः प्रार्थना पत्र देकर बकाया धनराशि दिलाने तथा आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की है।

# एसएन साध ट्रस्ट का दिव्यांग सहायता शिविर 24 से शुरु

**▸ यूपीएससी परीक्षा की कोचिंग तैयारी की योजना**


सम्बोधित करती डॉ. रजनी सरीन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

एसएन साध ट्रस्ट के तत्वावधान में दिव्यांग सहायता शिविर का आयोजन 24, 25 और 26 फरवरी को किया जाएगा। शिविर सेवा केंद्र एनएकेपी डिग्री कॉलेज के सामने फैंसी हाउस में लगेगा। संयोजक समाजसेवी डा0 रजनी सरीन ने बताया कि 52वां शिविर लगाया जा रहा है। यूपीएससी की तैयारी के लिए बच्चों की कोचिंग भी लगाने की पहल की गई है।

उन्होंने बताया कि डॉ. सुबोध कुमार वर्मा हड्डी रोग विशेषज्ञ और डॉ. शिखर सक्सेना नाक कान गला विशेषज्ञ दिव्यांग जन लगातार शिविर में शिरकत करेंगे। शिविर में दिव्यांगों के लिए आवश्यक उपकरण जैसे कृत्रिम हाथ, कृत्रिम पैर कैलिपर, छड़ी, कान की मशीन उपलब्ध कराई जाएगी। शिविर का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहेगा। शिविर एसएन साध ट्रस्ट के प्रमुख राकेश साध, चमकेश साध के नेतृत्व में आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि शिविर में दवाइयां निःशुल्क दी जाती है। साथ ही सैनिकों के लिए भी यह सेवा उपलब्ध है। मरीजों के लिए प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को सभी के लिए मुफ्त परीक्षण किया जा रहा है।

इस दौरान अभिव्यंजना समन्वयक भूपेन्द्र प्रताप सिंह, उदय बाथम, अमर साध, शीश मेहरोत्रा, विवेक, छोटू आदि मौजूद रहे।

# खेलकूद प्रतियोगिता में नारायन तिवारी व वीना ने मारी बाजी


पत्रिका विमोचन करते अतिथिगण व शिक्षकगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को डीएन कॉलेज फतेहगढ़ में त्रि-दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। शुभारम्भ मुख्यअतिथि अपर जिलाधिकारी सुभाष चन्द्र प्रजापति व विशिष्ट अतिथि एआरटीओ विजेन्द्र नाथ चौधरी व प्राचार्या डॉ. शशिकिरण सिंह ने किया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा माँ वाणी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया। छात्राओं ने माँ वाणी की वन्दना प्रस्तुत की। आये हुए मुख्य, विशिष्ट एवं अन्य सम्मानित अतिथियों का माल्यार्पण के साथ स्वागत किया गया। प्राचार्य प्रो. डॉ. मनोज गर्ग ने कार्यक्रम में आये हुए अतिथियों का परिचय कराया। मुख्य अतिथि ने छात्र-छात्राओं को खेल-कूद सम्बन्धी शपथ दिलायी और गुब्बारे उड़ाकर शुभारम्भ किया। अपर जिलाधिकारी सुभाष चन्द्र प्रजापति, एआरटीओ बृजेन्द्र नाथ चौधरी, प्राचार्या डॉ. शशिकिरण सिंह, प्राचार्य प्रो. डॉ. मनोज गर्ग ने महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका शारदा का विमोचन किया। गत वर्ष के छात्र एवं छात्रा चैम्पियन द्वारा हाथ में मशाल लेकर क्रीडा मैदान का चक्कर लगाया गया। उसके पश्चात् मार्च पास्ट किया गया। संचालन वाणिज्य प्रवक्ता डॉ. एनएएसएन गुप्ता एवं विनय कुमार बाथम ने किया। खेलकूद प्रतियोगिता के प्रभारी डॉ. राम नरेश सिंह एवं पूर्व क्रीड़ा प्रभारी डॉ. एच.एस.एन.गुप्ता ने आये हुए सभी अतिथियों का स्वागत कर उनका आभार व्यक्त किया। प्रशिक्षक व्यायाम शिक्षक संजीव कटियार, कुलदीप यादव, अरुण कुमार, अभिषेक शाक्य, सपना देवी ने प्रतियोगिता सम्पन्न करायी। इस मौके पर पूर्व वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. बीके अग्रवाल, डॉ. विनीता वर्मा, डॉ. आलोक कुमार सिंह, डॉ. सत्येन्द्र कुमार, डॉ. अजह जुनैद आलम, डॉ. मो. अमीन, डॉ. अशोक कुमार शर्मा, सरस पाठक, वीरभान सिंह, प्रियान्शु सिन्हा, अनामिका मिश्रा शिक्षणेत्तर कर्मचारी राममान सिंह संगर, विनोद कुमार, योगेन्द्र कुमार सिंह आदि लोग मौजूद रहे। 100 मीटर बालक वर्ग दौड़ में नारायण तिवारी प्रथम, नारायण वर्मा द्वितीय, सत्यांश यादव तृतीय रहे। 100 मीटर बालिका वर्ग दौड़ में वीना यादव प्रथम, मुस्कान सिंह द्वितीय, गायत्री शाक्य तृतीय रही। 200 मीटर छात्र वर्ग दौड़ में नारायण तिवारी प्रथम, नारायण वर्मा द्वितीय, लकी सिंह तृतीय रहे। 200 मीटर छात्रा वर्ग दौड़ में वीना यादव प्रथम, मुस्कान सिंह द्वितीय, पूजा तृतीय स्थान पर रही। शॉटपुट छात्र वर्ग में राज दुबे प्रथम, मुकुल कुमार द्वितीय, शैलेश सिंह तृतीय रहे। शॉटपुट छात्रा वर्ग में अंशिका पाल प्रथम, आरती द्वितीय, आकांक्षा तृतीय रही। 800 मीटर छात्र वर्ग दौड़ में राजकमल प्रथम, नारायण तिवारी द्वितीय, नारायण वर्मा तृतीय रहे। 800 मीटर छात्रा वर्ग में वीना यादव प्रथम, गायत्री शाक्य द्वितीय, मुस्कान सिंह तृतीय रही। लम्बी कूद में नारायण तिवारी प्रथम, सलमान द्वितीय, अर्पित तृतीय रहे। लम्बी कूद छात्रा वर्ग में अंशिका पाल प्रथम, संध्या कटेरिया द्वितीय, मुस्कान सिंह तृतीय रही। 400 मीटर छात्र वर्ग दौड़ में नारायण तिवारी प्रथम, राजकमल द्वितीय, नारायण वर्मा तृतीय रहे। 400 मीटर छात्रा वर्ग में वीना यादव प्रथम, मुस्कान सिंह द्वितीय, गायत्री शाक्य द्वितीय रही।

# भाजपा लगातार पीडीए का कर रही है अपमान: साजिद अली खान

**▸ भोजपुर में भी पीडीए चौपाल का हुआ आयोजन**



बैठक में मौजूद पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष साजिद अली खान ने पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) को लेकर भाजपा पर हमला बोला। उन्होंने कहा भाजपा लगातार पीडीए वर्ग का अपमान कर रही है और उनकी उपेक्षा कर रही है।

समाजवादी पार्टी ने हमेशा पिछड़े, दलितों और अल्पसंख्यकों के अधिकारों की लड़ाई लड़ी है और उन्हें सशक्त बनाने का काम किया है, लेकिन भाजपा सरकार उनकी अनदेखी कर रही है और उनके संवैधानिक अधिकारों को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। भाजपा की नीतियां समाज को विभाजित करने वाली हैं, जबकि समाजवादी पार्टी सभी वर्गों को साथ लेकर चलने में विश्वास रखती है। उन्होंने जनता से आवाह्न किया कि वे भाजपा के बहकावे में न आएं और अपने अधिकारों के लिए एकजुट होकर समाजवादी पार्टी का समर्थन करें। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष कमल हसन, मुजाहिद अंसारी आदि ने विचार व्यक्त किये और चौपाल कार्यक्रम में अल्पसंख्यक सभा के पदाधिकारी मौजूद रहे।

वहीं भोजपुर विधानसभा के अन्तर्गत नगला शेखपुर में पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत ने पीडीए जन चौपाल को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा सिर्फ वादे करती है और बरगलाकर वोट ले लेती है। अभी तक उनके सभी वादे खोखले निकले है। इस मौके पर रोहित यादव, शिवम, विमल कुमार, अनिल कुमार, नरेश सिंह, राम अवतार शर्मा, संतोष जाटव, लालाराम राजपूत, अशर्फीलाल दिवाकर, छोटे सिंह यादव, नरेंद्र सिंह, नरेश राजपूत आदि मौजूद रहे।

# पॉवर एंजिल सशक्तिकरण व क्षमता संवर्धन शिविर संपन्न


प्रमाण पत्र के साथ कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ब्लॉक संसाधन केंद्र बढ़पुर में जेंडर इक्विटी एवं मीना मंच के अंतर्गत पावर एंजिल के सशक्तिकरण एवं क्षमता संवर्धन हेतु चल रहे दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षाधिकारी बढ़पुर सुरेश पाल के उद्बोधन से हुआ। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में बालिकाओं में जो नेतृत्व क्षमता विकसित करने हेतु सत्र समझाए गए हैं, उन सभी का विद्यालयों में अवश्य संचालन करें। यह सभी सत्र बालिकाओं के जीवन से जुड़े हुए हैं।

मीना मंच नोडल भारती मिश्रा ने प्रतिभागियों को चुप्पी तोड़ो माहवारी प्रबंधन हेतु विशेष जानकारी दी। ट्रेनर सुधा वर्मा ने समस्त प्रतिभागियों को समूह में बांटकर दो-दो विषय दिए जिन पर चर्चा कर यह निष्कर्ष निकाला गया कि यह सत्र विद्यालय स्तर पर कैसे संचालित किए जाएंगे। ट्रेनर सुनीता चौहान ने प्रतिभागियों को मीना मंच गठन, मीना मंच के उद्देश्य, मीना पंचायत से परिचित कराया।

प्रशिक्षण में सेल्फ स्टीम से जुड़ी यूनिसेफ के द्वारा बनाई गई। 6 कॉमिक्स के बारे में बताया गया। इन कॉमिक्स के लिंक प्रत्येक शनिवार को विद्यालयों में व्हाट्सएप के माध्यम से भेजे जाते हैं जो विभिन्न सत्रों पर आधारित होते हैं। बीईओ समस्त प्रतिभागियों को प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर विजय कनौजिया, दिनेश सिंह, रमन मिश्रा, नीत, पूनम श्रीवास्तव, रीता राजपूत, मिथिलेश कुमारी, पूजा श्रीवास्तव, सुनीता यादव, ममता परिहार, सुनीता शाक्य, नेहा, अपर्णा मिश्रा, रिचा सिंह, रिया सिंह, सरिता परिहार, सीमा मौर्य, मधु शर्मा, राधा रानी आदि उपस्थित रहे।

## संत गाडगे महाराज जयंती कार्यक्रम आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** निषाद पार्टी द्वारा संत गाडगे महाराज की जयंती रविवार को प्रातः 10 बजे पवन ऑयल मिल कार्यालय पर मनायी जायेगी। यह जानकारी निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष अनिल कश्यप ने दी है।

## नशा मुक्ति संगोष्ठी आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नशा मुक्ति अभियान हमारा संकल्प के तहत सद्भावना मंच द्वारा संगोष्ठी का आयोजन 23 फरवरी रविवार को कुदरत सिंह रेकी गेस्ट हाउस लालदरवाजा पर सम्पन्न होगा। जानकारी देते हुए डॉ. रामकृष्ण राजपूत ने बताया कि मोहम्मद मोहसीन व अब्दुल मन्नान सहित कार्यक्रम में लोग भाग लेंगे। रविवार को कार्यक्रम दोपहर एक बजे सम्पन्न होगा।

**सूचना**

मेरे पुत्र का नाम त्रुटिवश आधार कार्ड संख्या 3219 3838 2094 व जन्म प्रमाण पत्र में शिवांश अग्रवाल दर्ज हो गया है, जो गलत है। जबकि सही नाम शिवाय अग्रवाल है। मेरे पुत्र के आधार कार्ड व जन्म प्रमाण पत्र में सही नाम शिवाय अग्रवाल दर्ज किया जाये।
**विजय अग्रवाल पुत्र मोहन लाल अग्रवाल निवासी 3/181, सेनापत स्ट्रीट, फर्रु0**

## खबरें एक नजर में

### कराटे खिलाड़ियों का सम्मान समारोह आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** तिकोना सब्जी मण्डी स्थित पुष्कर कराटे अकादमी में रविवार को 12:30 बजे खिलाड़ियों का सम्मान किया जायेगा। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि एडीएम सुभाष चन्द्र प्रजापति होंगे व प्रधानाचार्या दीपिका राजपूत, अंजू गंगवार, सोमेश मिश्रा, शिवानी मिश्रा, सुमन राठौर आदि लोग बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करेंगे। यह जानकारी प्रशिक्षक पारस भारद्वाज ने दी है।

### बोर्ड परीक्षा की तैयारी को लेकर जनपद के इंटर कालेज रविवार को खुले रहेंगे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह ने माध्यमिक शिक्षा परिषद के आदेशानुसार संचालित होने वाली हाईस्कूल व इंटर की बोर्ड परीक्षा को ध्यान में रखते हुए 23 फरवरी रविवार को सार्वजनिक अवकाश में भी राजकीय एडेड व वित्त विहीन व माध्यमिक विद्यालय खुले रहने के निर्देश दिये है। समस्त परीक्षा केंद्र व्यवस्थापक, स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्र पर अनिवार्य रुप से उपस्थित रहकर कार्य करेंगे। तैयारियों को लेकर कार्य होगा। पठन-पाठन बंद रहेगा। सभी प्रधानाचार्य व शिक्षक एवं कक्ष निरीक्षक अवश्य रुप से अनुपालन करें।

### बोर्ड परीक्षा सकुशल सम्पन्न कराने के डीएम ने दिये निर्देश


बैठक लेते डीएमबैठक लेते डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** माध्यमिक बोर्ड परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। डीएम ने कहा कि परीक्षार्थियों के जूते मोजे नहीं उत्तरवाएं। कोई भी लापरवाही क्षम्य नहीं है। परीक्षा केंद्र में मोबाइल फोन वर्जित रहेगा। संपूर्ण सावधानी से पटरीक्षा कराएं। असावधानी सिद्ध होने पर आजीवन कारावास की सजा का विधान है। एक करोड़ रुपए तक का जुर्माना किया जा सकता है। आवश्यकता पड़ने पर सक्षम प्राधिकारी से संपर्क करें।

### अधिवक्ताओं ने चुनाव प्रचार में झोंकी ताकत, मांगे वोट


कचहरी में वोट मांगते अधिवक्ता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला बार एसोसिएशन चुनाव नामांकन प्रक्रिया सम्पन्न होने के बाद पर्चा वापसी कार्यक्रम पूर्ण होते ही अधिवक्ताओं ने कचहरी प्रांगण में प्रचार-प्रसार करना शुरु कर दिया है। अध्यक्ष, सचिव, उपाध्यक्ष, संयुक्त सचिव, कोषाध्यक्ष पदों के लिए प्रत्याशी विभिन्न अधिवक्ताओं के विस्तरों पर जाकर वोट मांगने लगे है। साथ ही वरिष्ठ अधिवक्ताओं से आशीर्वाद भी लिया गया। हाथों में पम्पलेट लेकर प्रत्याशी अधिवक्ताओं ने अपना प्रचार-प्रसार किया। कई अधिवक्ता एक साथ हाथ में पम्पलेट लेकर विभिन्न विस्तरों पर गये। अपने-अपने अंदाज में अधिवक्ताओं ने प्रचार-प्रसार कर वोट मांगें और आशीर्वाद लिया। पूरे दिन कचहरी में प्रचार-प्रसार दिखायी पड़ा।

# ब्लाक रिसोर्स पर्सन के चयन परीक्षा में 31 महिला अभ्यार्थी पास, दस फेल


साक्षात्कार देती महिला अभ्यार्थी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

ब्लॉक रिसोर्स पर्सन के चयन के लिए महिला अभ्यर्थियों का विकासखंड अधिकारी तथा डीएमएम ने लिखित साक्षात्कार लिया।

विकासखंड कार्यालय पर ब्लॉक रिसोर्स पर्सन के लिए 45 महिलाओं ने आवेदन किया था। जिसमें 41 महिलायें साक्षात्कार देने आयी। ब्लाक रिसोर्स पर्सन के लिए आवेदन करने वाली महिला अभ्यार्थियों ने लिखित परीक्षा साक्षात्कार दिया। वहीं नवाबगंज बीएमएम अनुज शुक्ला तथा ममता पाल सहित विकासखंड के अधिकारियों/कर्मचारियों ने नवाबगंज विकास खण्ड कार्यालय के सभागार में लिखित परीक्षा अपनी देखरेख में करायी। लिखित परीक्षा में 10 महिला अभ्यार्थी फेल हो गई। 31 महिला अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया। जिसमें अनुज शुक्ला तथा ममता पाल ने बताया कि 14 बीआरपी चयनित किए जाने हैं, जिसमे 41 महिला अभ्यर्थियों में से बीआरपी परीक्षा के लिए 14 अभ्यर्थी चयन किए जाएंगे।

इसके लिए सूची बनाकर उच्चाधिकारियों को विकासखंड कार्यालय द्वारा भेजी जाएगी। उच्च अधिकारियों के दिशा निर्देशन में चयन प्रक्रिया को पूरा किया जाये। इस मौके पर विकासखंड अधिकारी सुनील श्रीवास्तव, सहायक विकासखंड अधिकारी एडीईओ आईएसबी सुखदेव सिंह, एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह, डीएमएम महेंद्र सिंह, नामदेव बीएमएम अनुज शुक्ला, संजीव कुमार, ममता पाल आदि मौजूद रहे।


औद्योगिक आस्थान का निरीक्षण करते डीएम

# जिलाधिकारी ने औद्योगिक आस्थान खिमसेपुर का किया निरीक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने औद्योगिक आस्थान खिमसेपुर मोहम्मदाबाद का स्थलीय निरीक्षण किया। डीएम ने उद्यमियों को आ रही समस्याओं के बारे में वार्ता की। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त उद्योग, उप जिलाधिकारी सदर, तथा आवंटित भूखण्डों के उद्यमी मौके पर उपस्थित रहें। डीएम समस्त भूखण्डों का निरीक्षण कर उद्यमियों को आ रही समस्याओं के बारे में वार्ता की तथा प्रशासन द्वारा हर सम्भव मदद का आश्वसन दिया।

**सूचना**

मेरे पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम RAM KUMAR व जन्मतिथि 05.10.1967 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम RAMKUMAR SINGH व जन्मतिथि 01.01.1967 है। RAMKUMAR SINGH F/o of Army No-3015896M, रैंक-नायक, इन्द्रेश सिंह, यूनिट आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी-ग्राम 113 भगत की गढ़िया, पोस्ट-कनावर, जिला/तहसील-भिन्ड, राज्य-मध्य प्रदेश-477001, द्वारा शपथ पत्र नंबर-90AE855388, दिनांक-22.02.2025 फतेहगढ़ कोर्ट।

**सूचना**

मेरे पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम INSAFF ALI व जन्मतिथि 01.07.1962 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम INSAF ALI व जन्मतिथि 01.01.1954 है। INSAF ALI F/o of JC/Army No-JC483498P, रैंक-नायब सूबेदार, औसाफ अली, यूनिट आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी-ग्राम-धनौरा उर्फ मुरादनगर, पोस्ट-काजी सराय उर्फ कांकर सराय, जिला-अमरोहा, उ0प्र0-244221, द्वारा शपथ पत्र नंबर-90AE855387, दिनांक-22.02.2025 फतेहगढ़ कोर्ट।

# प्रा.वि. अलीगढ़ में सुलेख प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**▸ कक्षा 3 से लेकर कक्षा 8 तक के बच्चों ने किया प्रतिभाग**


सुलेख प्रतियोगिता में मौजूद बच्चे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय के निर्देशानुसार जनपद के विभिन्न प्राथमिक विद्यालयों में हिन्दी सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कक्षा 3 से लेकर कक्षा 8 तक के छात्र-छात्राओं के लिए लेखन कौशल को निखारने एवं उनकी रचनात्मकता को बढ़ाने हेतु हिन्दी सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जनपद के परिषदीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शनिवार को सुलेख प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। कक्षा 3 से लेकर कक्षा 8 तक के बच्चों ने प्रतिभाग किया। राजेपुर विकास खण्ड के प्राथमिक विद्यालय अलीगढ़ में प्रधानाध्यापक संतोष कुमार गुप्ता ने बच्चों की सुलेख प्रतियोगिता सम्पन्न करायी। प्रतियोगिता में बच्चों ने सुलेख लिखकर अपनी लेखनी का परिचय दिया। अक्षर की संरचना और आकार, शब्दों के बीच दूरी, विराम चिन्ह व व्याकरण का प्रयोग, लेखन की सुंदरता आदि देखी गयी।

## इग्नू प्रवेश हेतु अंतिम तिथि हुई 29 फरवरी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय दिल्ली के निर्देशानुसार जनवरी सत्र के लिए प्रवेश एवं द्वितीय सत्र में प्रवेश की अंतिम तिथि 29 फरवरी कर दी गई है। इग्नू अध्ययन केंद्र डीएन कॉलेज फतेहगढ़ के कोऑर्डिनेटर डॉ. विनोद कुमार तिवारी ने बताया कि केंद्र पर बी-कॉम, बीबीए, एम-कॉम, एमएम, हिन्दी-अंग्रेजी लोक प्रशासन, अर्थ शास्त्र, इतिहास, समाज शास्त्र, ग्रामीण विकास एवं आपदा प्रबंधन में डिप्लोमा सहित अनेक कोर्स उपलब्ध है। इच्छुक अभ्यार्थी पवेश लेने के लिए सम्पर्क करें।

## बाइक चोरी कर ले जा रहा युवक बोलेरो से टकाराया

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** मोबाइल सही करने आए युवक की मोबाइल शॉप से बाइक चोरी हो गयी। चोरी कर ले जायी जा रही बाइक बोलेरो से टकरा गयी। जिससे मारपीट हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बाइक को कब्जे में ले लिया। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव ममरेजपुर निवासी हरिओम पुत्र अजय पाल ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह शनिवार को घर से मोबाइल सही कराने बाइक से कस्बा नवाबगंज के मोहम्मदाबाद रोड पर पीडब्ल्यूडी के सामने बने मोबाइल शॉप पर पहुंचे। बाइक खड़ी कर वह मोबाइल सुधरवाने लगे। जब मोबाइल सही हो गया, तो वह घर चलने को हुए। उन्होंने देखा कि उनकी बाइक वहां नहीं थी। काफी खोजबीन की, लेकिन कोई अता पता नहीं चला। तब तक सूत्रों के मुताबिक चोरी की बाइक एक बोलेरो से टकरा गयी। जिस पर बोलेरो में सवार लोगों ने बाइक चालक के साथ मारपीट कर दी। मारपीट की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने बाइक चला रहे युवक तथा बाइक को अपने कब्जे में लेकर थाने पहुंचे। तब तक पीड़ित बाइक मलिक हरिओम को सूचना मिली कि तुम्हारी बाइक थाने में खड़ी है। तब वह जानकारी पर थाने पहुंचा और अपनी बाइक की तहरीर दी। तहरीर देने के बाद सभी लोग थाने में बैठे थे और गांव बघौना निवासी एक युवक पुलिस हिरासत में बैठा था। जिस पर बाइक मलिक ने बाइक चोरी करने का आरोप लगाया। जिसकी पंचायत थाने में चल रही थी। वहीं थाना पुलिस ने बताया कि मामला संज्ञान में है। जानकारी करके उचित कार्रवाई की जाएगी।

**सूचना**

मेरे पिता के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम JUNAD व जन्मतिथि 01.01.2004 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम JUNAID व जन्मतिथि 01.01.2006 है। JUNAID S/o of JC/Army No-JC483498P, रैंक-नायब सूबेदार, औसाफ अली, यूनिट आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी-ग्राम-धनौरा उर्फ मुरादनगर, पोस्ट-काजी सराय उर्फ कांकर सराय, जिला-अमरोहा, उ0प्र0-244221, द्वारा शपथ पत्र नंबर-90AE855386, दिनांक-22.02.2025 फतेहगढ़ कोर्ट।

**सूचना**

मेरे पिता के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम MUSHEF AHMAD व जन्मतिथि 01.12.2001 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम MUSAIF AHMED व जन्मतिथि 01.01.2005 है। MUSAIF AHMED S/o of JC/Army No-JC483498P, रैंक- नायब सूबेदार, औसाफ अली, यूनिट आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी-ग्राम-धनौरा उर्फ मुरादनगर, पोस्ट-काजी सराय उर्फ कांकर सराय, जिला-अमरोहा, उ0प्र0-244221, द्वारा शपथ पत्र नंबर-90AE855385, दिनांक-22.02.2025 फतेहगढ़ कोर्ट।

# भारतीय पाठशाला इंटर कालेज में मनाया गया विश्व चिंतन दिवस


कार्यक्रम को सम्बोधित करते गजेन्द्र सिंह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड द्वारा भारतीय पाठशाला इंटर कालेज में विश्व चिंतन दिवस पर जिला सचिव डॉ. महेश चन्द्र राजपूत की अध्यक्षता में मनाया गया।

जिला सचिव एवं जिला मुख्यायुक्त दिनेश कुमार वर्मा ने लॉर्ड बेडेन एवं लेडी बेडेन पॉवेल के चित्र पर माल्यार्पण किया। जिला गाइड कमिश्नर इंदू मिश्रा ने दीप प्रज्वलित किया। जिला सचिव एवं मुख्यायुक्त ने स्काउटिंग के उद्देश्य के बारे में छात्रों को बताया। जिला संगठन आयुक्त चमन शुक्ला ने स्काउटिंग का इतिहास पर चर्चा की। जिला संगठन आयुक्त व प्रभारी गजेन्द्र सिंह ने स्काउट गाइड की प्रतिज्ञा व नियम के बारे में छात्रों को समझाया। पुष्पेन्द्र कुमार शर्मा ने देश सेवा व समाजसेवा तथा परिवार सेवा एवं स्वयं सेवा के दायित्वों के निर्वाह्न की जानकारी दी। सर्वेश कुमार यादव ने आपात काल में स्काउट की भूमिका किस तरह होती है छात्राओं को बताया। इनामुलहक शाह मेमोरियल इंटर कालेज के स्काउट मास्टर राजकुमार साहू ने बताया कि स्काउटिंग गाइड के द्वारा बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। जिला आयुक्त गाइड इंदू मिश्रा ने स्काउटिंग गाइड के कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी। अध्यक्षता कर रहे महेश चन्द्र राजपूत ने स्काउटिंग गाइड की व्यवहारिक उपयोगिता एवं आपातकाल में समाजसेवा के लिए सदैव तत्पर रहने के लिए प्रेरित किया। संचालन चमन शुक्ला ने किया।

# आरोपियों की गिफ्तारी न हुई तो 27 फरवरी से भाकृए मुख्यालय पर करेगी आंदोलन


विरोध प्रदर्शन करते किसान नेता

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

भारती कृषक एसोसिएशन की पंचायत प्रदेश अध्यक्ष रामलाल गुप्ता की अध्यक्षता में मोहल्ला जवाहरगंज कायमगंज में सम्पन्न हुई। संचालन रामवीर जाटव ने किया। बैठक में सभी ने कहा कि पुलिस द्वारा 13 फरवरी की घटना पुलिस अधीक्षक के आदेश पर भीं नहीं लिखी गयी। विरोध प्रदर्शन करने पर शासन ने इसका संज्ञान लिया। तब जाकर 18 फरवरी को स्थानीय पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया और सांठगांठ कर पुलिस ने आरोपी प्रदीप सक्सेना की 8 बजे क्रास रिपोर्ट लिख ली। जांच कराकर अभियुक्तों द्वारा लिखायी गई रिपोर्ट को निरस्त करने की मांग की। अभियुक्त बराबर जानमाल की धमकी दे रहे है। प्रदीप सक्सेना और उसके साथियों को गिरफ्तार नहीं किया गया और इस दौरान पीड़ित मुन्नालाल सक्सेना व परिवार के किसी भी सदस्य के साथ घटना घटित होती है, जिसके लिए प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कायमगंज को जिम्मेदार होंगे। आरोपियों की गिरफ्तारी न हुई तो 27 फरवरी को भारती कृषक एसोसिएशन व उनके सहयोगी संगठन फतेहगढ़ मुख्यालय पर अतिनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन करेंगे। बताते चले कि घर के बाहर पलायन का पोस्टर लगाकर कार्यवाही की मांग को लेकर परिवार सहित धरने पर बैठ गये है। बैठक में रामलाल गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष, मुन्नालाल सक्सेना प्रदेश महासचिव, प्रताप सिंह गंगवार, बिंदु सिंह गंगवार प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, अर्चना द्विवेदी महासचिव महिला प्रकोष्ठ, रामवीर, गोलू गुप्ता, वीरेंद्र गुप्ता, राजेश यादव, विनीत आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

**ARMY PUBLIC SCHOOL FATEHGARH CANTT (UP)**

Telephone No-7080667367

**TENDER NOTICE**

Quotations/Tenders are invited for Construction works and purchase of Stationery items for APS, Fatehgarh Cantt. **For details and downloading Tender/Quotations visit school website www.apsfatehgarh.com.** Tenders/quotations can also be collected from school office on any working day from 1100hrs to 1400hrs. Last date for submission of tender is 05 Mar 25.

PRINCIPAL

